राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 77 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ रोहतक पंहुचे। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के बड़े भाई स्व. सुंदर दास ग्रोवर और प्रसिद्ध गायक अमित सैनी रोहतकिया के नौ वर्षीय बेटे के असामायिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया।

# ... जान की बाजी लगा दूंगा: मोदी

= मेरे लिए हर मां, बेटी, बहन शक्ति का रूप है, उनके घोषणापत्र में शक्ति को खत्म करने की बात कही गई, लेकिन मैं इस चुनौती को स्वीकार करता हूं: पीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबाद:** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा दक्षिण में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में लगी हुई है। तमिलनाडु और केरल में रैली को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना पहुंचे। तेलंगाना के जगतियाल में सोमवार को उन्होंने एक बैठक को संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर भी पलटवार करते हुए कहा कि उनके लिए हर मां और बेटी शक्ति का रूप है और वह उनकी पूजा करते हैं। इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, "कल, मुंबई में इंडी गठबंधन ने एक रैली की। चुनाव के नतीजों की घोषणा होने के बाद यह उनकी पहली और सबसे महत्वपूर्ण रैली थी। राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर उन्होंने कहा, "मेरे लिए हर मां, बेटी, बहन शक्ति का रूप है। मैं शक्ति के रूप में उनकी पूजा करता हूं। मैं भारत माता का पुजारी हूं। उनके घोषणापत्र में शक्ति को खत्म करने की बात कही गई, लेकिन मैं इस चुनौती को स्वीकार करता हूं। मैं जान की बाजी लगा दूंगा। पीएम मोदी ने आगे कहा, "क्या कोई शक्ति की विनाश के बारे में बात कर सकता है? हमने चंद्रयान मिशन की सफलता को उस बिंदू का नाम देकर समर्पित किया जहां चंद्रयान उतरा था। हमने उस बिंदू को शिव शक्ति का नाम दिया था। यह लड़ाई शक्ति को नष्ट करने वालों और शक्ति की पूजा करने वालों के बीच है। मुकाबला चार जून को हो जाएगा।"अपने संबोधन में पीएम मोदी ने बताया कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव शुरू हो चुका है और 13 मई को तेलंगाना के मतदाता इतिहास लिखेंगे।



**वार-पलटवार**

8 हमने चंद्रयान मिशन की सफलता को उस बिंदू का नाम देकर समर्पित किया जहां चंद्रयान उतरा था। हमने उस बिंदू को शिव शक्ति का नाम रखा

**क्या है राहुल गांधी का बयान**

रविवार को शिवाजी पार्क में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ईवीएम, ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग के बिना लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि लोग सोचते हैं कि हम एक राजनीतिक दल से लड़ रहे हैं। यह सच नहीं है। हम एक शक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं।

## 'उस शक्ति को मैं पहचानता हूं...'आई राहुल गांधी की सफाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी की 'शक्ति' टिप्पणी को लेकर बड़े पैमाने पर सियासी घमासान मचा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उनके इस बयान की निंदा की है। राहुल गांधी ने पीएम मोदी के इस बयान को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को मेरी बातें अच्छी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी किसी न किसी तरह शब्दों के अर्थ को बदलने की कोशिश करते हैं। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं।

## भ्रष्टाचार और असत्य की शक्ति है : राहुल गांधी




**राहुल** ने कहा कि कहा कि उस शक्ति को मैं पहचानता हूं, उस शक्ति को पीएम मोदी भी पहचानते हैं। वह किसी प्रकार की कोई धार्मिक शक्ति नहीं है। वह अधर्म, भ्रष्टाचार और असत्य की शक्ति है। दरअसल, रविवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में आई.एन.डी.आई. गठबंधन ने एक विशाल रैली को आयोजित किया। इस रैली में कांग्रेस नेताओं ने भी शिरकत किया। रैली में राहुल गांधी ने कहा कि हम एक शक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं। सवाल यह है कि शक्ति क्या है। राजा की आत्मा ईवीएम में है। सही है। राजा की आत्मा ईवीएम और हर संस्था में है। राजा की आत्मा सीबीआई और आयकर विभाग में है।

**आदर्श विचार**



"समय और भाग्य दोनों परिवर्तनशील है इनपर कभी अहंकार नही करना चाहिए।"
भागवद्

**मन की बात**



"ब्रह्मांड की सभी शक्तियां हमारे अंदर हैं।"
स्वामी विवेकानंद

**तीसरी आंख**




## बिहार: एनडीए में हुआ सीटों का बंटवारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** बिहार एनडीए में सीट शेयरिंग फाइनल हो गई है। बीजेपी 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड को 16 सीट मिली हैं। वहीं, चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को पांच सीटें मिली है। इसी के साथ उपेंद्र कुशवाहा और मांझी की पार्टी को 1-1 सीट मिली है। इससे पहले, चर्चा थी कि पशुपति पारस को भी एक सीट मिल सकती है। हालांकि, अब साफ है कि एनडीए ने पशुपति पारस का पत्ता साफ कर दिया है।

**बिहार लोकसभा चुनाव 2024:** बिहार में पूरे देश की तरह कुल सात चरणों में मतदान कराया जाएगा। पहले चरण में 4 सीटों पर, दूसरे चरण में 5 सीटों पर, तीसरे चरण में 5 सीटों पर, चौथे चरण में 5 सीटों पर, पांचवें चरण में 5 सीटों पर, छठवें चरण में 8 सीटों पर और सातवें चरण में 8 सीटों पर मतदान होगा।

**भाजपा किन सीटों पर चुनाव लड़ेगी?:** पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपाराण, औरंगाबाद, मधुबनी, अररिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, महाराजगंज, सारण, उजियारपुर, बेगूसराय, नवादा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा बक्सर, सासाराम।



**चिराग को 5 सीट**

8 बीजेपी 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड को 16 सीट मिली हैं।

**चिराग पासवान की पार्टी किन सीटों पर चुनाव लड़ेगी?**
वैशाली, हाजीपुर, समस्तीपुर, खगड़िया, जमुई।
मांझी किस सीट पर चुनाव लड़ेंगे?
**मांझी गया सीट से चुनाव लड़ेंगे।**
कुशवाहा काराकाट सीट से चुनाव लड़ेंगे।

**जदयू किन सीटों पर चुनाव लड़ेगी?:** वाल्मीकिनगर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सुपौल, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा, गोपालगंज, सिवान, भागलपुर, बांका, मुंगेर, नालंदा, जहानाबाद, शिवहर।

## 'चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सारी जानकारी 21 मार्च तक मुहैया कराए'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बांड मामले पर सुनवाई करते हुए स्टेट बैंक को आदेश दिया कि वह खरीदे गए और कैश कराए गए बांड नंबरों का पूरा ब्यौरा चुनाव आयोग को दे और चुनाव आयोग उसे प्रकाशित करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्टेट बैंक के चेयरमैन 21 मार्च शाम 5 बजे तक इस आदेश के पालन की जानकारी देते हुए हलफनामा दाखिल करें। कोर्ट ने कहा कि हमारे आदेश से ये स्पष्ट था कि स्टेट बैंक को सारी जानकारी उपलब्ध करानी थी। बांड नंबर भी उसमें शामिल था। कोर्ट ने स्टेट बैंक के चेयरमैन से कहा कि भविष्य में किसी विवाद की गुंजाइश को खत्म करने के लिए वो 21 मार्च 5 बजे तक कोर्ट में हलफनामा दायर कर



साफ करें कि उनके पास उपलब्ध सारी जानकारी चुनाव आयोग को दे दी गई है। निर्वाचन आयोग स्टेट बैंक से जानकारी मिलते ही उसे तुरंत अपनी वेबसाइट पर डालेगा। उल्लेखनीय है कि 16 मार्च को सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने इलेक्टोरल बांड मामले में सीलबंद डाटा निर्वाचन आयोग को सौंप दिया था। इस डाटा में 2019 और नवंबर 2023 में दिए गए इलेक्टोरल बांड का डाटा है। सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बेंच ने सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री को निर्देश दिया था कि वो 2019 और नवंबर 2023 के डाटा की कॉपी कर उसकी मूल प्रति निर्वाचन आयोग को सौंप दे। 15 मार्च को कोर्ट ने निर्वाचन आयोग की अर्जी पर सुनवाई करते हुए सवाल उठाया था कि स्टेट बैंक ने जो आंकड़े निर्वाचन आयोग को दिए हैं, उसमें बांड नंबर का उल्लेख नहीं किया गया है जबकि इसका साफ आदेश था।

## आजम खान को डूंगरपुर प्रकरण में सात साल की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान को अदालत ने एक और मामले में सजा सुनाई है। इस बार उन्हें डूंगरपुर प्रकरण में सात साल की कैद और पांच लाख रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है। पूर्व सीओ सिटी आले हसन खान, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खान और बरेली के ठेकेदार बरकत अली को पांच साल की सजा हुई है। कोर्ट ने इन तीनों पर दो-दो लाख रुपये जुर्माना लगाया है। आजम खान को अब तक पांच मामलों में सजा हो चुकी है। बेटे अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में भी उन्हें पांच माह पहले सात साल की सजा हुई थी।

## कांग्रेस पार्टी का हिंदू घृणा का रहा है लंबा इतिहास: बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सांसद राहुल गांधी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने पलटवार करते हुए कांग्रेस को स्त्रीद्वेषी मानसिकता वाला बताया है। भाजपा ने कहा कि भगवान राम के अस्तित्व को नकारने से लेकर शक्ति के बारे में बयान देने तक, कांग्रेस पार्टी का हिंदू घृणा का एक लंबा इतिहास है। सोमवार को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन के कई सदस्यों ने कहा है कि हिंदू धर्म धोखाधड़ी है। रामचरितमानस पोटेशियम साइनाइड है। भगवान राम के अस्तित्व को नकारने से लेकर शक्ति के बारे में बयान देने तक, कांग्रेस पार्टी का हिंदू घृणा का एक लंबा इतिहास है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का बयान उद्धव ठाकरे के सामने यह दशार्ता है कि वे किस हद तक गिर सकते हैं। आज, यह न केवल हिंदू आस्था का अपमान है, बल्कि राहुल गांधी की स्त्रीद्वेषी मानसिकता को दर्शाता है, जो नारीशक्ति और इसकी अभिव्यक्ति के खिलाफ हैं। उल्लेखनीय है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन समारोह में राहुल गांधी ने कहा कि हिंदू धर्म में एक शब्द है 'शक्ति'।

## बीएसपी सांसद ने थामा भाजपा का दामन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आगामी लोकसभा** चुनाव 2024 से पहले बसपा सुप्रीमो मायावती को एक बड़ा झटका लगा है। बसपा सांसद संगीता आजाद बीजेपी में शामिल हो गई हैं। बसपा सासंद संगीता आजाद के साथ ही पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन भी बीजेपी में शामिल हुए हैं। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की वकील सीमा समृद्धि (कुशवाहा) भाजपा में शामिल हो गईं। आपको बता दें कि संगीता के ससुर गांधी आजाद यहां का माना-जाना नाम ही नहीं, बल्कि वह बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। वह राज्यसभा सदस्य रहने के अलावा बसपा के राष्ट्रीय महासचिव भी रह चुके हैं।




**चुनावी समर** नाराज हुए तो कांग्रेस ने कर लिया संपर्क; जल्द साझा करेंगे अपनी भावनाएं

## भाजपा नेता सदानंद गौड़ा का कटा टिकट, कांग्रेस ने किया संपर्क

**टीम एक्शन इंडिया**

**कर्नाटक:** भाजपा नेता सदानंद गौड़ा ने टिकट कटने पर अपनी नाराजगी जताई है। वह जल्द ही अपनी 'आंतरिक भावनाएं' साझा करेंगे। इन सभी के बीच ये अटकलें लगाई जा रही है कि कांग्रेस ने उनसे संपर्क किया है 71 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री अपना जन्मदिन मना रहे हैं और उन्होंने कहा कि यह कहने के लिए कुछ भी नहीं बचा है कि भाजपा कर्नाटक में एक अलग पार्टी है।

**शोभा करंदलाजे को बेंगलुरु उत्तर से दिया टिकट:** भाजपा ने केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे को बेंगलुरु उत्तर से चुनाव लड़ने का मौका दिया है। पूर्व राज्य भाजपा अध्यक्ष गौड़ा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि यह सच है कि मुझसे अन्य लोगों ने संपर्क किया है, यह भी सच है कि हमारी पार्टी के नेताओं ने भी मुझसे संपर्क किया और चर्चा की। हमारी पार्टी के एक प्रमुख पदाधिकारी मेरे पास आए और मुझे समझाने की कोशिश की। विभिन्न चीजें हो रही हैं। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनका जन्मदिन है और वह परिवार और शुभचिंतकों के साथ समय बिताना चाहेंगे। उन्होंने कहा 'इसके बाद निर्णय लेते हुए मैं आपके सामने आऊंगा और मीडिया से मुखातिब होऊंगा। मुझे अपने अंदर की भावनाएं साझा करनी हैं। मुझे अपने फैसले पर अपने परिवार से चर्चा करनी है, होश में आने के बाद मुझे अपने परिवार से सलाह लेनी है। यह दावा करते हुए कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और कर्नाटक प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने उन्हें बताया था कि 28 निर्वाचन क्षेत्रों में से, बेंगलुरु उत्तर एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहां उनके अलावा कोई अन्य उम्मीदवार नहीं है।



**फैसले पर चर्चा**

8 भाजपा ने किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे को बेंगलुरु उत्तर से चुनाव लड़ने का मौका दिया है




# ईडी के सामने पेश नहीं हुए सीएम केजरीवाल

## जमानत पर हैं केजरीवाल: शराब के बाद जल बोर्ड में घोटाला, भाजपा ने घेरा

**पेशी नहीं हुई**

**केजरीवाल ईडी के समन पर नहीं जाएंगे। जब कोर्ट से जमानत पर हैं तो ईडी बार बार क्यों समन भेज रही है: आप**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं होंगे। आम आदमी पार्टी ने जानकारी देते हुए बताया कि अरविंद केजरीवाल ईडी के समन पर नहीं जाएंगे। जब कोर्ट से जमानत पर हैं तो ईडी बार बार क्यों समन भेज रही है। प्रवर्तन निदेशालय का समन गैर कानूनी है। भाजपा ईडी के पीछे छुपकर क्यों चुनाव लड़ना चाहती है। जल बोर्ड मामले में अरविंद केजरीवाल को 18 मार्च को ईडी कार्यालय में पेश होने और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। वहीं, ईडी ने आबकारी नीति मामले में भी केजरीवाल को 9वां समन जारी किया। मनी लॉन्ड्रिंग रोधी कानून के तहत दर्ज यह दूसरा मामला है, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को तलब किया गया था। ईडी समन मामले पर दिल्ली मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि केंद्र सरकार ऐसा सोचती है कि यदि अरविंद केजरीवाल दिल्ली और इंडिया गठबंधन से की रैलियों और बैठकों में नहीं पहुंचेंगे तो इससे भाजपा को बढ़ोतरी मिलेगी। जब उन्हें शराब घोटाले में कोर्ट की ओर से जमानत मिल गई तो ये नया मामला लेकर आ गए। उनके साथ सभी एजेंसियां है। वो तो कोई एक मौका तलाश रहे हैं, किसी को भी गिरफ्तार कर लेंगे।

**दिल्ली जल बोर्ड मामले की कार्रवाई कर रही ईडी:** ईडी दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई कर रही है। इस मामले में सीबीआई ने मामला दर्ज कर रखा है और ईडी दो लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इतना ही नहीं, उसने गत दिनों मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार, आम आदमी पार्टी के कोषाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता और अन्य लोगों के यहां छापेमारी की थी। ईडी ने जल बोर्ड मामले में पहला समन जारी किया

इसी मामले में अब उसने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन जारी किया है। वहीं आप नेता आतिशी ने कहा कि यह अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने का दूसरा प्लान है और लोकसभा चुनावों के लिए उन्हें प्रचार करने से रोकने का प्रयास है।

**जल बोर्ड में टेंडर देने के नाम पर गबन का आरोप:** बताया जा रहा है कि कथित तौर पर जल बोर्ड के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा ने एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को 38 करोड़ रुपये का ठेका दिया था। यह ठेका इलेक्ट्रोमेग्नेटिक फ्लो मीटर्स की आपूर्ति, स्थापना और परीक्षण के लिए दिया गया था। इस मामले में आरोप लगाया गया है कि बोर्ड और एनबीसीसी के अधिकारियों ने रिश्वत के लिए एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर का पक्ष लिया।

### ईडी का दावा बढ़ी हुई दरों पर दिया ठेका

**ईडी** का दावा है कि डीजेबी का ठेका बढ़ी हुई दरों पर दिया गया, ताकि ठेकेदारों से रिश्वत वसूली जा सके। एजेंसी ने कहा, ठेके का मूल्य 38 करोड़ रुपये था और इस पर सिर्फ 17 करोड़ रुपये खर्च किए गए और शेष राशि गबन कर ली गई। इस तरह के फर्जी खर्च रिश्वत और चुनावी कोष के लिए किए गए थे। सूत्रों के मुताबिक, केजरीवाल को 18 मार्च को ईडी कार्यालय में पेश होने और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। वहीं, ईडी ने आबकारी नीति मामले में भी केजरीवाल को 9वां समन जारी किया है। मनी लॉन्ड्रिंग रोधी कानून के तहत दर्ज यह दूसरा मामला है, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को तलब किया गया है। उन्हें पहले ही दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए आठ समन जारी किए गए, पर वह पेश नहीं हुए। केजरीवाल को अब 9वां समन जारी कर 21 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) से जुड़े मामले में जारी समन पर दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि कोई नहीं जानता कि डीजेबी का यह मामला किस चीज को लेकर है।

**समन पर पेश न होने पर वीरेन्द्र सचदेवा का केजरीवाल पर तंज:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने ईडी के समन पर पेश न होने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि जांच से फिर भाग रहे हैं। अब तो यह स्पष्ट है कि अरविंद केजरीवाल भ्रष्ट हैं, दाल में काला नही है, जलबोर्ड घोटाला तो पूरा काला है।

**केजरीवाल को भेजे 9वें सम्मन पर भाजपा नेता ने दी प्रतिक्रिया:** वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी द्वारा भेजे गए 9वें सम्मन पर कहा कि जांच एजेंसी स्वतंत्र रूप से अपना काम कर रही है, लेकिन केजरीवाल बार-बार कानून की अवहेलना कर रहे हैं। उन्होंने कल जिस मामले में जमानत ली है उसका शराब नीति केस से कोई लेना देना नहीं है। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की प्रवृति एवं बोलचाल की भाषा गुंडों और लुटेरों जैसी है और उनकी भाषा ही उनके चरित्र का प्रमाण है। शराब घोटाले में केजरीवाल के पूर्व उप मुख्य मंत्री एक साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं और एक अन्य सांसद भी लंबे समय से जेल में हैं, लेकिन बार-बार आम आदमी पार्टी बार-बार कह रही है कि शराब नीति में कोई घोटाला नहीं हुआ है। यह हास्यास्पद है। सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल और आतिशी से सवाल करते हुए कहा कि पहले तो दिल्ली में शराब नीति बदलने की क्या जरुरत थी और अगर नई शराब नीति अच्छी थी तो फिर उसे जांच शुरू होते ही वापस क्यों लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली जल बोर्ड मामले में भी दूसरा सम्मन एक लूट का प्रमाण है। दिल्ली की जनता जानती है कि जल बोर्ड को किस प्रकार से लूटा गया है और भाजपा इस बात को हमेशा से कहती रही है कि जलबोर्ड का घोटाला शराब घोटाले से भी बड़ा घोटाला है।

### जल बोर्ड में करोड़ों का घोटाला

**केन्द्रीय** मंत्री मीनाक्षी लेखी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली जल बोर्ड में 3,237 करोड़ रुपये के घोटाले का दावा किया। उन्होंने जल बोर्ड के बैंक खातों की स्टेटमेंट व वित्तीय रिपोर्ट का जिक्र करते कहा कि वर्ष 2018-19 से 2022-23 के बीच बोर्ड के वित्तीय खर्च के बारे में कई जानकारियां छिपाई गईं हैं। वर्ष 2017-18 के बाद से बोर्ड के खातों की डिटेल डिक्लरेशन भी सही ढंग से नहीं की गई है। बोर्ड में इसी तरह के कई वित्तीय अनियमितताएं सामने आईं हैं।

# पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को सुप्रीम कोर्ट से झटका

## जमानत नहीं मिली, सरेंडर करने का आदेश



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को तगड़ा झटका लगा। देश की सबसे बड़ी अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने सत्येंद्र जैन को तत्काल सरेंडर करने का आदेश दिया। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 17 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। तब सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने जमानत याचिका का विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि जेपी मोहता, सत्येंद्र जैन के सीए थे। उन्होंने ही कंपनियों का प्रबंधन किया। वो नकदी को सफेद धन में बदलना चाहते थे। मोहता ने जैन को बताया था कि उनका कलकाता में कुछ कनेक्शन है और वहां से निवेश किया जाएगा और कुछ ब्याज दिया जाएगा। यह सभी शेल कंपनियां हैं। यही केस का मुख्य बिंदु है। तब जस्टिस त्रिवेदी ने पूछा था कि तो आप यह कहना चाहते हैं कि शेयर बढ़ाने से उनको लाभ मिला। तब राजू ने कहा था कि सत्येंद्र जैन ही वास्तव में कंपनी के प्रभारी थे, अंकुश और वैभव जैन केवल डमी थे जिन्हें बैकडेटेड दस्तावेजों के माध्यम से नियुक्त किया गया था। शीर्ष कोर्ट ने पूछा था कि हमें बताएं कि वह कैसे काम करते थे। तब राजू ने कहा था कि वह हवाला के जरिए काम करते थे। अगर आप कोलकाता से धन दिल्ली भेजना चाहते हैं, वाहक को पता नहीं चलेगा। बस एक करेंसी नोट दिखाना होगा। राजू ने कहा था कि असल में अंकुश और वैभव जैन ने सत्येंद्र जैन के बकाये पर कर का भुगतान किया है। उन्होंने सवाल उठाया था कि ऐसा क्यों होगा जब तक कि पैसा सत्येन्द्र जैन का न हो। दरअसल यह आपस में जुड़ा हुआ परिवार है। सत्येंद्र जैन के वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि ईडी ने पहले कहा कि जैन की कंपनियों में शेयरहोल्डिंग है और अब कह रही है कि नियंत्रण है।

सिंघवी ने कंपनियों के वित्तीय नतीजे का हवाला देते हुए कहा था कि जैन का कंपनी पर कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा था कि सीबीआई ने कहा है कि एक करोड़ 53 लाख रुपये का अपराध है लेकिन ईडी कहता है कि 4 करोड़ 61 लाख रुपये का अपराध है। दोनों ही आरोप गलत हैं। जैन का कंपनी में रोल केवल आर्किटेक्ट का था।

**राहत खत्म**

**जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने सत्येंद्र जैन को तत्काल सरेंडर करने का आदेश दिया**

# इंस्पेक्टर के साथ बदमाशों ने की लूटपाट

**दबोचा**

**आरोपितों ने इंस्पेक्टर के गले से सोने की चेन तोड़ ली। लूट करने आए एक आरोपित को मौके पर दबोच लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली जिले के चाणक्यपुरी इलाके में 16 मार्च की शाम को टहलने निकले दिल्ली पुलिस के एक इंस्पेक्टर के साथ बदमाशों ने लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपितों ने इंस्पेक्टर के गले से सोने की चेन तोड़ ली। इधर इंस्पेक्टर ने बहादुरी दिखाते हुए लूट करने आए एक आरोपित को मौके पर दबोच लिया। जबकि आरोपित का दूसरा साथी वहां से भाग गया। पीड़ित इंस्पेक्टर स्पेशल सेल में तैनात हैं। वह अपने ऑफिस के पास पार्क में टहल रहे थे तभी उनसे लूट करने के लिए दो आरोपित आ गए। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पेशल सेल के इंस्पेक्टर विनोद कुमार बडोला के साथ घटना हुई है। इंस्पेक्टर विनोद शाम के समय विनय मार्ग स्थित अपने ऑफिस से टहलने के लिए निकले थे। वह जब ऑफिस से नेहरु पार्क पहुंचे तो वहां दो लड़कों ने उन्हें रोक लिया। आरोपी लड़कों ने इंस्पेक्टर को पिस्तौल दिखाकर उनसे लूट करने की कोशिश की। एक आरोपी ने इंस्पेक्टर के गले से सोने की चेन को छीनकर भागने की कोशिश की। इंस्पेक्टर विनोद ने पिस्तौल तानने वाले आरोपित को दबोच लिया। जबकि दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया।

# 'लापरवाह नेता हैं अरविंद केजरीवाल, अभी भी जांच से भाग रहे'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा नेता बांसुरी स्वराज ने कहा, 'दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बहुत ही लापरवाह नेता हैं। वे अभी भी जांच से भाग रहे हैं और उस जांच से नहीं जुड़ रहे हैं। उन्हें फर्क नहीं पड़ रहा है कि उनके साथी नेताओं की बेल बार-बार अस्वीकार की जा रही है।' भाजपा नेता बांसुरी स्वराज ने कहा, "...दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बहुत ही लापरवाह नेता हैं। वे अभी भी जांच से भाग रहे हैं और उस जांच से नहीं जुड़ रहे हैं।

# दिल्ली में एक मंच पर जुटे बीजेपी के सातों प्रत्याशी, किया वादा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने राजधानी के सातों सीटों पर उतारे गए पार्टी उम्मीदवारों के साथ प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा- हमारे सातों उम्मीदवार बहुत ही मेहनती और अनुभवी हैं। हमारे सातों उम्मीदवारों को दिल्ली की जनता अपना आशीर्वाद देकर फिर से संसद भेजेगी। उन्होंने कहा कि 2014, 2019 के बाद इस बार भी दिल्लीवासी नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के सभी सातों उम्मीदवारों को जिताएंगे। बता दें, दिल्ली में 25 मई को छठे फेज में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होंगे। बीजेपी ने सभी सातों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं जबकि गठबंधन में आप ने चार प्रत्याशी उतारे हैं। कांग्रेस को अभी घोषणा करना बाकी है।

### प्रत्याशियों ने बताई प्राथमिकता

**उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद और उम्मीदवार मनोज तिवारी**

- पहले पांच वर्ष में सिंगनेचर ब्रिज, क्षेत्र में मेट्रो, रेलवे स्टेशन, जाम मुक्त करने का काम, रिवर फ्रंट का काम पूरा किया जाएगा।
- 100 दिन का वादा है- दिल्ली देहरादून सड़क शुरू, रिवर फ्रंट का काम पूरा करना
- गोपालपुर गांव में 10 एकड़ में पार्क का काम शुरू किया जाएगा।

**दक्षिणी दिल्ली के प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी**

- बदरपुर में छह लेन का हाईवे लगभग तैयार, बदरपुर में एशिया का सबसे बड़ा ईको पार्क
- मेट्रो के साथ दक्षिणी दिल्ली के सभी क्षेत्रो को जोड़ा जाएगा
- लाल डोरा का विस्तार और गांवों का विकास, संगम विहार और छतरपुर में मास्टर प्लान के अनुसार सड़कें बनाई जाएगी
- 69 अनधिकृत कालोनियों को नियमित किया जाएगा अनधिकृत कालोनियों और ग्रामसभा में अवैध कब्जा को रोका जाएगा।

**पूर्वी दिल्ली के प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा**

- सभी झुग्गियों को जहां झुग्गी वहीं मकान योजना में लाया जाएगा।
- यमुना की सफाई और रिवर फ्रंट का निर्माण।
- यूनिवर्सिटी कैंपस और सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल।
- पश्चिमी दिल्ली की प्रत्याशी कमलजीत सहरावत
- 14 किलोमीटर लंबे शिवाजी मार्ग पर यातायात जाम दूर किया जाएगा
- नजफगढ़ से ढांसा तक मेट्रो लाइन

**पश्चिमी दिल्ली में प्रदूषण कम करने के लिए काम**

- स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, कालेज का निर्माण।
- प्रत्येक विधानसभा में कार्यालय खोलकर लोगों केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।
- साहिबी नदी (नजफगढ़ ड्रेन) की सफाई व सुंदरीकरण।

**उत्तर पश्चिमी दिल्ली के प्रत्याशी योगेंद्र चांदोलिया**

- नरेला व बवाना तक मेट्रो लाइन और रैपिड रेल
- घेवरा के अंदर साहिब सिंह वर्मा ने अपने कार्यकाल में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के जमीन अधिग्रहित कर डीडीए को दी थी।
- स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाया जाएगा
- महिला कॉलेज का निर्माण होगा

**चांदनी चौक के प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल**

- यमुना बाजार में संस्कृति केंद्र का निर्माण 150 से अधिक थोक बाजार है, 100 दिनों में चांदनी चौक, खारी बावली सहित अन्य बाजारों का सुंदरीकरण।
- नियमित की गई अनधिकृत कालोनियों में सुविधाओं का विकास
- मूनक नहर की सफाई और जल संरक्षण के लिए हरियाणा सरकार के साथ मिलकर काम
- यातायात की समस्या दूर की जाएगी।

**नई दिल्ली की प्रत्याशी बांसुरी स्वराज**

- स्टार्टअप हब का निर्माण, यहां स्टार्टअप शुरू करने वालों की सहायता
- पहले सप्ताह में ही डी सिलिंग के लिए काम
- दिल्ली में आयुष्मान और अटल आवास योजना लागू कराने के लिए काम
- यातायात समस्या धौलाकुंआ से दिल्ली कैंट के लिए मास्टर प्लान और नई दिल्ली में पॉड टैक्सी चलाने की कोशिश।

# बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज के बाहर प्रदर्शन

## प्रोफेसर सलीम शेख पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**गंभीर आरोप**

**13 महिला छात्रों ने सहायक प्रोफेसर सलीम शेख पर शारीरिक शोषण और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज की 13 महिला एमबीबीएस छात्रों ने सहायक प्रोफेसर सलीम शेख पर शारीरिक शोषण और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया। मामले को लेकर लोगों में भारी गुस्सा और आक्रोश है। कॉलेज के बाहर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है जिसको लेकर पुलिस की तैनाती की गई है। मेडिकल कॉलेज के बाहर यौन शोषण के खिलाफ छात्रों ने प्रदर्शन किया। फिलहाल प्रशासन के साथ बातचीत चल रही है। मेडिकल कॉलेज के प्रमुख ईश्वर सिंह का कहना है कि ऐसा कोई मामला नहीं है।

अंबेडकर कॉलेज से संबंधित मेडिकल कॉलेज में एक असिस्टेंट प्रोफेसर पर मेडिकल की छात्राओं ने यौन शोषण का आरोप लगाया था। इसी मामले में आज कई संगठनों ने प्रशासन के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पुलिस ने प्रशासन से मिलकर छात्रों को समझाया फिलहाल बातचीत चल रही है।

# मानव तस्करी को रोकने के लिए एनसीडब्ल्यू करेगा आरपीएफ के साथ समझौता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मानव तस्करी को रोकने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) मंगलवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगा। आयोग के मुताबिक यह एक महत्वपूर्ण कदम है। रेल देश के लिए प्राथमिक ट्रांसपोर्टर है और इसका सबसे बड़ा नेटवर्क है, इसलिए मानव तस्करों के लिए परिवहन का एक प्रमुख रूट है। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में तैनात आरपीएफ कर्मियों को पीड़ित के गंतव्य तक पहुंचने और शोषण शुरू होने से पहले तस्करी को रोकने के लिए रणनीतिक रूप से तैनात किया जाता है।

# दो युवकों की चाकू घोंपकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के रनहौला थाना इलाके में बीती रात दो लोगों की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। यह वारदात थाना इलाका के मच्छी मार्केट के पास स्थित दास गार्डन कॉलोनी में हुई है। मृतक की पहचान मुकेश और राजेश के रूप में हुई है। पुलिस को बीती रात 9:44 पर इस वारदात के बारे में सूचना मिली थी, की यहां पर एक व्यक्ति खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ है। खबर की जानकारी मिलते ही मौके पर तुरंत एंबुलेंस, स्थानीय पुलिस और पीसीआर की टीम पहुंची। देखा की जो घायल था वह अचेत अवस्था में था। छाती पर जख्म के निशान थे।




तुरंत जाफरपुर हॉस्पिटल ले जाया गया जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। जिसकी पहचान 34 साल के मुकेश के रूप में की गई। डीसीपी जिमी चिराम ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि जिस जगह पर मुकेश की हत्या की गई। वहीं पास में एक और शव मिला। बाद में उसकी पहचान 33 साल के राजेश के रूप में हुई। इस मामले में रनहौला थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है, जांच की जा रही है। एसीपी नांगलोई, एसीपी ऑपरेशन, रान्होला थाना की पुलिस टीम उस रूट पर लगे सीसीटीवी फुटेज, टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लगा रही है।

**सनसनी**

**बाहरी दिल्ली के रनहौला थाना इलाके में बीती रात दो लोगों की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई।**

# महाब्रह्मऋषि श्री कुमार स्वामी ने राष्ट्रपति के साथ दैवव्यापारश्रय से गंभीर बीमारी के इलाज पर चर्चा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** महाब्रह्मऋषि श्री कुमार स्वामी जी ने भारत की राष्ट्रपति से मुलाकात की। बातचीत के दौरान, कुमार स्वामीजी ने राष्ट्रपति को दुनिया भर में उनके नेतृत्व में संगठनों द्वारा की गई विभिन्न मानवीय पहलों से अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से राजस्थान के हनुमान गढ़ में एक बहु-विशिष्ट अस्पताल और हरिद्वार में शिव शक्ति गंगा स्वर्ण मंदिर की आगामी स्थापना पर प्रकाश डाला। स्वामी जी ने राष्ट्रपति से इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करने का विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया, जिस पर उन्होंने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। स्वामी जी ने राष्ट्रपति का ध्यान अपने संगठन द्वारा तैयार किए गए उल्लेखनीय 'मिरेकल वी वॉश' की ओर भी दिलाया, जिसका उद्देश्य



महिला संबंधी बीमारियों को कम करना था। स्त्री देखभाल उत्पादों में मौजूद अनियमित जहरीले रसायन महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं, जिससे संभावित रूप से कैंसर, प्रजनन संबंधी समस्याएं, अस्थमा, एलर्जी और चरम मामलों में सेप्सिस जैसी गंभीर स्थितियां पैदा हो सकती हैं।

# दिल्ली का जल बोर्ड घोटाले में जांच की आंच सीएम अरविंद केजरीवाल तक पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में एक के बाद एक घोटाले सामने आ रहे हैं। शराब घोटाले के बाद अब दिल्ली जल बोर्ड का घोटाला सुर्खियों में है। इन दोनों घोटालों की आंच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तक आ चुकी है। प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाले में नौवां और जल बोर्ड घोटाले में पहला समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया। लेकिन अरविंद केजरीवाल इन दोनों समन पर ईडी कार्यालय में पेश नहीं हुए। शराब घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी और दिल्ली सरकार के कई मंत्री जेल में बंद हैं। वहीं दूसरी तरफ जल बोर्ड में टेंडर बांटने में गबन का आरोप लग रहा है। इसी मामले में ईडी दो लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

**क्या है जल बोर्ड घोटाला:** प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया है कि दिल्ली जल बोर्ड का ठेका बढ़ी हुई दरों पर दिया गया। ताकि ठेकेदारों से रिश्वत वसूली जा सके। ठेके का मूल्य 38 करोड़ रुपये था और इस पर सिर्फ 17 करोड़ रुपये खर्च किए गए और शेष राशि गबन कर ली गई। इस तरह के फर्जी खर्च रिश्वत और चुनावी कोष के लिए किए गए थे। कथित तौर पर जल बोर्ड के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा ने एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को 38 करोड़ रुपये का ठेका दिया था। यह

**क्या है मामला**

**जल बोर्ड का ठेका बढ़ी हुई दरों पर दिया गया। ठेकेदारों से रिश्वत वसूली जा सके ठेके का मूल्य 38 करोड़ रुपये था**



ठेका इलेक्ट्रोमेग्नेटिक फ्लो मीटर्स की आपूर्ति, स्थापना और परीक्षण के लिए दिया गया था। इस मामले में आरोप लगाया गया है कि बोर्ड और एनबीसीसी के अधिकारियों ने रिश्वत के लिए एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर का पक्ष लिया। ईडी ने इस मामले में गत 31 जनवरी को जगदीश कुमार अरोड़ा और ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। उधर ईडी ने मामले से जुड़ी मनी ट्रेल की जांच करते हुए आरोप लगाया है कि एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर को अनुबंध दिए जाने के बाद अरोड़ा को नकद और बैंक खाते में रिश्वत प्राप्त हुई थी। यह पैसा अलग-अलग पार्टियों को देने का आरोप लगाया गया। वहीं आम आदमी पार्टी को चुनावी फंड के तौर पर भी पैसा दिया गया। बीते दिनों मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार, आम आदमी पार्टी के कोषाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता और अन्य लोगों के यहां छापेमारी की थी।

**क्या है शराब घोटाला मामला**

कोरोना काल के बीच दिल्ली सरकार ने दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 लागू की थी। इस शराब नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितता की शिकायतें आईं जिसके बाद उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके साथ ही दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 सवालों के घेरे में आ गई। हालांकि, नई शराब नीति को बाद में इसे बनाने और इसके कार्यान्वयन में अनियमितताओं के आरोपों के बीच रद्द कर दिया गया था। दिल्ली शराब नीति अनियमितता मामले की जांच कर रही दोनों एजेंसियां सीबीआई और ईडी अब तक 15 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, विजय नायर, समीर महेंद्रू, अरुण रामचंद्रन, राजेश जोशी, गोरन्तला बुचिबाबू, अमित अरोड़ा, बेनॉय बाबू (फ्रांसीसी शराब कंपनी पर्नोड रिकार्ड के महाप्रबंधक), पी सरथ चंद्र रेड्डी, अरबिंदो फार्मा के पूर्णकालिक निदेशक और प्रमोटर, व्यवसायी अमनदीप धाल और व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली शामिल हैं। अब इस मामले में आप संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी पूछताछ के लिए बुला रही है।

# भाजपा मंत्रिमंडल विस्तार में जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साध रही

## प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय तीन दिन हरियाणा से बाहर हैं, इसलिए तीन दिन के बाद किसी भी दिन नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जा सकती है

**चचा4**

**8 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इस बारे में मंथन के चलते एक बार मंत्रिमंडल विस्तार टाल दिया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा में भाजपा नायब सिंह सैनी मंत्रिमंडल के विस्तार में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधना चाहती है। इस बारे में मंथन के चलते एक बार मंत्रिमंडल विस्तार टाल दिया गया।

अब संभावना जताई जा रही है कि हरियाणा मंत्रिमंडल का विस्तार इसी सप्ताह होगा। प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय तीन दिन हरियाणा से बाहर हैं, इसलिए तीन दिन के बाद किसी भी दिन नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जा सकती है। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भाजपा के पास अभी तक तीन फॉमूर्ला हैं और तीनों पर मंथन चल रहा है। जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा कि जजपा विधायकों को भाजपा में शामिल कर मंत्रिमंडल विस्तार किया जाएगा या फिर निर्दलीय विधायकों के सहारे भाजपा सरकार चलाएगी। फिलहाल दोनों ही विकल्पों पर मंथन शुरू हो गया है।

सैनी मंत्रिमंडल का विस्तार पहले लोकसभा चुनाव के बाद होना था, लेकिन बाद में तय हुआ कि मंत्रिमंडल में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन बैठाने के बाद ही भाजपा लोकसभा चुनाव में उतरे। अभी मंत्रिमंडल में सीएम ओबीसी, दो जाट, एक-एक एससी, गुर्जर और ब्राह्मण मंत्री हैं। पंजाबी, राजपूत, वैश्य और यादव समुदाय से कोई मंत्री नहीं है। इसलिए भाजपा हाईकमान ने चुनाव से पहले ही मंत्रिमंडल विस्तार को हरी झंडी दे दी। शनिवार को भी मंत्रिमंडल विस्तार की तैयारियां हो गई थीं। मंत्रियों के लिए पांच गाड़ियां राजभवन के बाहर पहुंच गई थीं, लेकिन कुछ देर बाद आनन-फानन में कार्यक्रम बदल दिया गया।

इसके दो कारण थे। पहला पूर्व गृह मंत्री अनिल विज की नाराजगी। दूसरा जजपा के पांच बागी विधायकों के साथ दो और विधायकों का न आना। जजपा के सात विधायकों को अपने पाले में लाकर भाजपा दल-बदल कराना चाहती है।

मंत्रिमंडल विस्तार के लिए भाजपा के तीन फॉमूर्ले है। इसके अनुसार जजपा के दो तिहाई विधायकों का दल-बदल कराया जाए। अभी जजपा के पांच विधायक पार्टी से बागी हैं। दो तिहाई बहुमत के हिसाब से इनको दो और विधायक चाहिए। पांचों विधायक दो और विधायकों को अपने साथ लाने की कोशिश में हैं। अगर ऐसा होता है तो वह भाजपा में शामिल हो जाएंगे और उनको मंत्री बनाया जा सकता है। इनमें से देवेंद्र बबली पहले से मंत्री थे।रामकुमार गौतम व ईश्वर सिंह के नाम पर मुहर लग सकती है। इससे पहले पांचों बागी विधायकों को इस्तीफा देकर नायब सैनी के साथ उपचुनाव लड़ने की सलाह दी गई, लेकिन इसके लिए केवल चार विधायक ही तैयार हुए। इसके बाद भाजपा हाईकमान ने इस्तीफा देकर चुनाव लड़ने के फॉमूर्ले को दरकिनार कर दिया।

### निर्दलीय विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल करने की कोशिश

**भाजपा** की दूसरी योजना है कि निर्दलीय विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाए और उनके समर्थन से बचा हुआ कार्यकाल पूरा करे। कुल सात निर्दलीय विधायक हैं और इनमें से एक रणजीत सिंह मनोहर सरकार की कैबिनेट में शामिल थे। अब दो से तीन और विधायकों को मंत्री पद मिल सकता है।, लेकिन निर्दलीय विधायकों में आपसी विवाद के चलते यह फार्मूला भी सिरे चढ़ाना आसान नहीं है।

तीसरा फार्मूला यह भी है कि केवल भाजपा के चार विधायकों को मंत्रिमंडल विस्तार में शामिल किया जाए व शेष चार सीटों को खाली छोड़ दिया जाए और लोकसभा चुनाव के बाद इनका फैसला किया जाए। क्योंकि भाजपा को लोकसभा में सभी विधायकों से वोट चाहिए।पार्टी निर्दलीय और जजपा के बागी विधायकों के हलकों में वोटों की आस लगाए बैठी है। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद निर्दलीय और जजपा विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल करने पर फैसला लिया जाएगा।

# मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और पचासी वर्ष से अधिक के मतदाताओं के लिए विशेष प्रबंध

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 में मतदान के लिए चुनाव आयोग ने दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं की जरूरत के अनुसार विशेष व्यवस्था की है ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। राज्य में लगभग 1.48 लाख दिव्यांग मतदाता हैं। अग्रवाल सोमवार को सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, स्कूल शिक्षा, उच्चतर शिक्षा, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, रेड क्रॉस, लोक निर्माण इत्यादि विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पोलिंग स्टेशनों पर किए जाने वाले प्रबंधों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन श्रेणियों के मतदाताओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पोलिंग स्टेशनों पर रैंप, व्हील चेयर, लाने व ले जाने की व्यवस्था, मेडिकल किट इत्यादि की व्यवस्था करने के साथ-साथ एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों को उनकी सहायता के लिए तैनात किया जाए। आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं के लिए चुनावों से सम्बन्धित जानकारी के लिए सक्षम एप भी बनाया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की चुनावों में अहम भूमिका रहती है। अधिकांश पोलिंग स्टेशन स्कूलों में ही बनाए जाते हैं। अध्यापक बच्चों को चुनाव प्रक्रिया से सम्बन्धित जानकारी दें और उन्हें अपने अभिभावकों के साथ-साथ अन्य लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने को कहें। मतदान के दिन जब उनके अभिभावक वोट डालने आते हैं तो वे भी साथ आएं और सेल्फी लेकर अपलोड करें। चुनाव आयोग का उद्देश्य है कि देश का हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें और पांच साल में आने वाले चुनावों में अवश्य भागीदार बने। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने जहन रखें हम भारत के मतदाता है, भारत के लिए मतदान करें, लोकतंत्र से सजा भारत, मतदान करने जाएंगे, न पक्षपात, न भेदभाव, हम भारत के निमार्ता हैं, मतदान करने आएंगे भारत के लिए।

## न्यूज फ्लैश

### डीसी से मिलकर की नफे सिंह हत्याकांड के आरोपियों को गिरफ़्तार करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**झज्जर:** बहादुरगढ़ के पूर्व विधायक व इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी व उनके साथ गाड़ी में बैठे मांडोठी निवासी जयकिशन की पिछले माह हुई हत्या के मामले में सोमवार को काफी संख्या में मांडोठी के ग्रामीण व दलाल खाप के प्रतिनिधि यहां लघु सचिवालय में पुलिस कमिश्नर और डीसीपी से मिलने पहुंचे। दोनों अधिकारियों के नहीं मिलने पर सभी डीसी शक्ति सिंह से मिले और जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर न्याय की गुहार लगाई। डीसी ने कहा कि इस मामले में गहनता से जांच की जा रही है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। किसान नेता चिंटू छारा, जयभगवान, सुभाष, महावीर, ओम, स्वरूप, प्रदीप, रामधन, लाल सिंह, ओम कुमार, बिजेंद्र, कप्तान स्वरूप सिंह ने कहा कि नफे सिंह और जयकिशन की हत्या के मामले में आज काफी संख्या में ग्रामीण पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त से मिलने आए थे, लेकिन दोनों अधिकारी नहीं मिले। उसके बाद उपायुक्त शक्ति सिंह से मिलकर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की गई है। डीसी ने विश्वास दिलाया है कि केस की ईमानदारी से जांच की जा रही है और न्याय मिलेगा। डीसी ने ग्रामीणों से पूछा कि क्या आपको किसी पर शक है तो बताओ, लेकिन ग्रामीणों ने इंकार कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि फिलहाल प्रशासन इस मामले में ढिलाई कर रहा है। अब तक ज्यादा सफलता पुलिस को नहीं लगा है। हत्याकांड के बाद से क्षेत्र के लोगों में भय के साथ गुस्सा भी है। जब हादसा हुआ था, तब दोनों अधिकारी बहादुरगढ़ आए थे और कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक सभी आरोपी और साजिशकर्ता गिरफ्तार नहीं हो सके हैं। हालांकि उन्हें प्रशासन से उम्मीद है कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर दूध का दूध और पानी का पानी किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि जिन लोगों के नाम एफआईआर में दर्ज है, पुलिस ने उनको सिक्योरिटी दे रखी है। उन लोगों से भी गहनता से पूछताछ की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस कुछ नहीं करती तो एक-दो दिन बाद फिर से पुलिस आयुक्त से हजारों लोग यहां आकर मिलेंगे। यदि पुलिस आयुक्त यहां नहीं मिलेंगे तो हम सोनीपत जाकर मिलेंगे।

### गुर्दे के संक्रमणों की रोकथाम में एंटीबायोटिक दवाओं का विकल्प बन सकते हैं आयुर्वेदिक फार्मूले

**नई दिल्ली:** देश में गुर्दे से जुड़ी बीमारियों में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। अध्ययन बताते हैं कि दवाओं एवं एंटीबायोटिक दवाओं का अंधाधुंध इस्तेमाल भी इस समस्या को जटिल बना रहा है। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि गुर्दे समेत मूत्र से जुड़े समस्त विकारों को नियंत्रित करने में एंटीबायोटिक दवाओं की जगह जड़ी-बूटियों से बने आयुर्वेदिक फामूर्ले एक प्रभावी विकल्प बन सकते हैं। एमिल फार्मास्युटिकल की तरफ से आयोजित किडनी मंथन कार्यक्रम में एलोपैथी, आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान वैसे तो गुर्दे की सेहत के सभी पहलुओं पर विशेषज्ञों ने प्रकाश डाला लेकिन सबसे बड़ी बात इस दौरान यह उभकर आयी की वर्तमान समय में एक दर्जन से ज्यादा ऐसी जड़ी-बूटियां हैं जो मूत्र विकारों और गुर्दे के संक्रमण से बचाव और उसे सेहतमंद बनाए रखने में कारगर हैं। इतना ही नहीं यह फार्मूले प्रभावित गुर्दे और मूत्र मार्ग में हो चुके संक्रमण को भी ठीक करते हैं। एसजीटी विवि के प्रोफेसर अवनीश पाठक ने अपने प्रजेंटेशन में ऐसे फामूर्लों का विस्तार से वर्णन किया । इनमें चंद्रकला रस, त्रिनेत्र रस, मूत्रकृच्छरान्तक रस, तारकेश्वर रस, चंद्रप्रभा वटी, वरुणादि क्वाथ, तृणपंचमूल क्वाथ, शतावर्यादि क्वाथ, काकोल्यादि क्वाथ, उत्पलादि क्वाथ, मुस्तादि क्वाथ, गोखरू, पुनर्नवा, गुडुची आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से अंधाधुंध इस्तेमाल के कारण एंटीबायोटिक दवाओं के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता पैदा हो रही है, उसके विकल्प के तौर पर इन फामूर्लों को अपनाया जा सकता है। ये फामूर्ले न सिर्फ संक्रमण को रोकते हैं बल्कि गुर्दे की समग्र सेहत में भी सुधार लाते हैं। बता दें कि एमिल फार्मा ने अपने गहन शोध के बाद गुर्दे के उपचार के लिए एक प्रभावी फामूर्ला नीरी केएफटी बाजार में उतारा है। नीरी केएफटी 19 से अधिक जड़ी-बूटियों से बनी है। जिसमें पुनर्नवा, गोखरू, वरुण, कासनी, मकोय, पलाश, गिलोय आदि का मिश्रण है। कई अध्ययनों में इस फॉमूर्ले को असरदार पाया गया है।

# अभय चौटाला की याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगी रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के विधायक अभय चौटाला की अपने लिए जेड प्लस सुरक्षा मांगने वाली याचिका हाई कोर्ट ने सोमवार को स्वीकार कर ली है। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से दो दिन में रिपोर्ट देने को कहा है। इनेलो विधायक अभय चौटाला ने पिछले सप्ताह हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर कहा था कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। उनकी पार्टी के अध्यक्ष की हत्या हो चुकी है। वह लगातार शराब माफिया, भू-माफिया तथा असमाजिक तत्वों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। उन्हें धमकी मिलने के बाद जींद में मामला दर्ज करके कुछ समय के लिए सुरक्षा दी गई थी, लेकिन बाद में सुरक्षा वापस ले ली गई। अभय चौटाला की याचिका को स्वीकार करते हुए सोमवार को पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने स्वीकार कर सुनवाई की। हाई कोर्ट ने इस बारे में हरियाणा सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। हरियाणा सरकार ने अभय चौटाला की सुरक्षा को लेकर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दो दिन का समय मांगा है। अभय चौटाला के वकील संदीप गोयत के अनुसार अब इस केस की सुनवाई 20 मार्च को होगी।

# अंबाला दौरे में अनिल विज से मिल सकते है नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नाराज पूर्व गृहमंत्री अनिल विज को मनाने उनके अंबाला छावनी स्थित निवास पर जा सकते है। हाल में नायब सैनी का चार जिलों का दौरा तय किया गया है जिसमें अंबाला जिला भी शामिल हैं। सैनी का यह दौरा मंगलवार से शुरू होगा।



**संपर्क करेंगे**

**8 हाल में सैनी का चार जिलों का दौरा तय किया गया है जिसमें अंबाला जिला भी शामिल हैं**

अनिल विज ने पिछले 13मार्च को मनोहर लाल की जगह नायब सैनी को मुख्यमंत्री चुनने के लिए आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक को अचानक छोड़ते हुए अपनी नाराजगी प्रकट कर दी थी।इसके बाद विज नायब सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नही हुए थे। हालांकि वे विधानसभा में नायब सैनी सरकार के विश्वास मत हासिल करने के लिए आयोजित विशेष सत्र में शामिल हुए थे।

इसके बाद नायब सैनी ने कहा था कि अनिल विज पार्टी के वरिष्ठ नेता है। जल्दी ही उन्हें मना लिया जाएगा।इसके बाद अनिल विज ने कहा कि में नाराज नहीं हू और किसी ने भी मुझसे संपर्क नही किया। अब संभावना है कि नायब सैनी अपने अंबाला दौरे में विज से मुलाकात कर उनकी नाराजगी दूर करने का प्रयास कर सकते है। सूत्रो के अनुसार मुख्यमंत्री नायब सैनी और अनिल विज की अब मुलाकात हो सकती है। ऐसी संभावनाएं इसलिए बन रही हैं कि क्योंकि नायब सैनी का चार जिलों का टूर शेड्य़ल जारी हुआ है। इस शेड्यूल में अंबाला जिला भी शामिल है। अंबाला पूर्व ग्रह मंत्री अनिल विज का गृह जिला है। सबसे अहम बात यह है कि नए सीएम का अंबाला कैंट विधानसभा में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है।

# आज करनाल से जेपी नड्डा करेंगे लोकसभा चुनाव का शंखनाद

**अंकुश जैन**

**चण्डीगढ़:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार को करनाल में लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद संजय भाटिया, विधायक हरविन्द्र कल्याण, जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा समेत तमाम पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव ने बताया कि आचार संहिता लगने के बाद पहली बार लोकसभा चुनाव का आगाज करने राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा हरियाणा आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य अतिथि के रूप में श्री नड्डा मंगलवार को 11 बजे घरौंडा अनाज मंडी में करनाल लोकसभा के कार्यकताओं की एक सभा को संबोधित करेंगे।

**चुनावी समर**

**8 आचार संहिता लगने के बाद पहली बार राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा हरियाणा आ रहे हैं: जवाहर यादव**

मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव ने बताया कि मोदी सरकार ने 10 सालों में सकारात्मक बदलाव करते हुए देश और प्रदेश को विकास की गति पर तेजी से बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने निर्णयों के जरिए गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए कृत संकल्प होकर काम किया है। हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 9 सालों में ईमानदार प्रयास करते हुए हरियाणा को विकसित राज्य बनाने की दिशा में तेजी से आगे लेकर गए हैं।

# प्रिंटिंग प्रेस को छपाई के बाद प्रतियां जिलाधीश के कार्यालय में करवानी होगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़: हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी** अनुराग अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 के अनुसार कोई भी प्रिंटिंग प्रेस व प्रिंटिंग प्रेस का मालिक चुनाव प्रचार से संबंधित किसी भी प्रकार की गैर कानूनी सामग्री छाप कर नहीं दे सकता। दोषी पाए जाने वाले के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कोई छपाई दस्तावेज किसी के धर्म, जाति, समाज, भाषा या चरित्र हनन का प्रकाशन करता है तो वह गैरकानूनी होगा।

# दवा कंपनियां एएमआर के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए नई दवाओं और वैक्सीन की करें खोज: बंडारू

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने प्रमुख दवा कंपनियों से आहवा‑ किया है कहा कि उन्हें एंटीमैक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए विशेष रूप से एंटीबायोटिक दवाओं के नए वर्गों और वैक्सीन विकास के वैकल्पिक तरीकों से नई दवाओं की खोज करनी होगी क्योंकि रोगाणुरोधी प्रतिरोध, एएमआर वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चुनौती है तथा वर्तमान एंटीबायोटिक्स अब बेअसर हो रही हैं।

राज्यपाल आज नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में एंटीमैक्रोबियल रेजिस्टेंस, नोवल ड्रग डिस्कवरी एंड वैक्सीन डेपलेपमेंटरू चौलेजेंस एंड ओपरचूनिटिस (रोगाणुरोधी प्रतिरोध, नवीन औषधि खोज और वैक्सीन विकास चुनौतियां और अवसर) विषय पर आयोजित तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में वैज्ञानिकों व साइंस जगत के लोगों को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एएमआर को वैश्विक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण खतरों के रूप में चिन्हित किया गया है। वर्ष 2050 तक दुनिया भर में लगभग दस मिलियन मौतें एएमआर के कारण हो सकती हैं। अगर हमने इसके विरूद्ध समय रहते इस पर कोई कार्रवाई नहीं की तो यह स्थिति कोविड-19 महामारी से भी बदतर हो सकती है। हालाँकि, इस प्रयास में वैज्ञानिक बाधाओं से लेकर नियामक बाधाओं और आर्थिक विचारों तक कई चुनौतियां हैं।

**दावा**

**8 रोगाणुरोधी प्रतिरोध/एएमआर वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चुनौती -**

श्री दत्तात्रेय ने कहा कि एक नई दवा को बाजार में लाने पर लगभग एक अरब डॉलर का खर्च आता है और नए रोगाणुरोधी एजेंटों को विकसित करने के लिए नए यौगिकों की खोज, जीनोमिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग जैसी उन्नत तकनीकों और अंतःविषय सहयोग को बढ़ावा देने जैसे नवीन दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। एएमआर ने प्रतिरोधी रोगजनकों से निपटने के लिए नवीन दवा खोज और वैक्सीन विकास की तत्काल आवश्यकता को प्रेरित किया है।

# साइबर ठगी का शिकार होने पर डायल करें हेल्पलाइन नंबर 1930: डीजीपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे साइबर फ्रॉड से बचाव को लेकर सतर्क रहें और किसी भी अनजान व्यक्ति से ओटीपी शेयर ना करें। साइबर फ्रॉड होने पर जल्द से जल्द, गोल्डन ऑवर में, हेल्पलाइन नंबर-1930 पर संपर्क करें ताकि साइबर फ्रॉड की गई राशि को फ्रिज किया जा सके। श्री कपूर ने यह जानकारी आज रोहतक जिला में मीडिया प्रतिनिधियों से रूबरू होते हुए दी। श्री कपूर ने कहा कि साइबर अपराध हम सभी के लिए काफी चुनौतीपूर्ण है लेकिन सर्तकता से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि आज के इस डिजिटल युग में लोग अधिक से अधिक ऑनलाइन माध्यम से पैसों का लेनदेन करते हैं और यूपीआई, नेट बैंकिंग इत्यादि का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जाने वाले तरीकों का उल्लेख करते हुए बताया कि साइबर अपराधी लोगों के पास फोन करते हैं और उन्हें अलग-अलग प्रकार का लालच देकर उनके बैंक अकाउंट से राशि अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करवा लेते हैं। श्री कपूर ने स्पष्ट कहा कि आमजन को किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा दिए गए लालच से अपना बचाव करना है और किसी भी व्यक्ति से ओटीपी शेयर नहीं करना है। उन्होंने कहा कि पैसा लेने के लिए कभी ओटीपी की जरूरत नहीं पड़ती बल्कि पैसा अकाउंट से बाहर निकालने के लिए ओटीपी की जरूरत पड़ती है इसलिए लोग किसी भी प्रकार के लालच में ना पड़े।इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कई बार साइबर अपराधी ट्रेडिंग अथवा स्टॉक मार्केट में पैसा लगाने का प्रलोभन लोगों को देते हैं और उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ लेते हैं। इन साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी वेबसाइट बनाकर शेयर आदि की कीमतें बढ़ी हुई दर्शाई जाती हैं जिससे लोग साइबर अपराधियों के झांसे में आ जाते हैं और साइबर फ्रॉड का शिकार बनते हैं। लोगों को इस प्रकार की झांसे में नहीं आना है और सतर्क रहना है।



**जागरूक किया**

**8 साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे अलग-अलग तरीको का श्री कपूर ने किया उल्लेख**

# भाजपा सरकार द्वारा आचार संहिता की सरेआम उड़ाई जा रही हैं धज्जियां: अभय

**काजल रानी**

**चण्डीगढ़:** इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने भाजपा सरकार के उपर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश के मुख्यमंत्री को बदला गया है तब से प्रदेश में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर अभी भी सुपर सीएम बने हुए हैं। नए मुख्यमंत्री बनने के बाद भी जो सरकार द्वारा विज्ञापन जारी किए गए हैं उनमें पूर्व मुख्यमंत्री का नाम पहले और नए मौजूदा मुख्यमंत्री का नाम उनके बाद लिखा जा रहा है। आचार संहिता की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। अभी भी मंत्री सरकारी गाडि?ों का दुरूपयोग कर रहे हैं। मौजूदा चीफ सैकरेटरी को छुट्टी पर भेज दिया गया और उनकी जगह नया चीफ सैकरेटरी बना दिया गया। नए चीफ सैकरेटरी को यह समझ में नहीं आ रहा कि करना क्या है? वहीं प्रशासन की स्थिति भी डांवाडोल है और इस चिंता में है कि क्या करे, क्या न करे? नए मंत्रियों को शपथ दिलाने के लिए राजभवन बुला लिया गया लेकिन उनकी ओथ नहीं करवाई गई।

**असमंजस**

**8 जब से प्रदेश के मुख्यमंत्री को बदला गया है तब से प्रदेश में असमंजस की स्थिति बनी हुई है**

अभय सिंह चौटाला ने कहा कि अभी तक हरियाणा सरकार की तरफ से प्रदेश में कोई भी आचार संहिता लागू करने के आदेश जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने चुनाव आयुक्त से हरियाणा में आचार संहिता को तुरंत अमल में लाने की मांग की और कहा कि सरकारी गाड़ियों और सरकारी समान को जब्त किया जाए। किसी भी मंत्री को सरकारी रेस्ट हाऊस में ठहरने व प्रेस वार्ता की इजाजत न दी जाए।

# रोबोट से कराएं सीवर लाइन व हौद की सफाई: कुमारी सैलजा

**दीपिका शर्मा**

**चण्डीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष, उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश सरकार को एसटीपी, सीवर लाइन आदि की सफाई के लिए रोबोट व मशीनरी का प्रयोग अनिवार्य करना चाहिए, ताकि गैस चढ़ने से मेहनतकश कर्मियों की जान को बचाया जा सके। साथ ही इनमें कर्मियों के उतरने पर तुरंत प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। गरीब परिवारों के युवा सीवर लाइन या हौद में उतरने से लगातार अपनी जान गंवा रहे हैं, लेकिन भाजपा की प्रदेश सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि पलवल स्थित एशियन पेंट कंपनी में दो सफाई कर्मियों की मौत के मामले में प्रबंधन के खिलाफ हत्या का केस प्रदेश सरकार को दर्ज कराना चाहिए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार मृतकों के परिजनों को तुरंत प्रभाव से 30-30 लाख रुपये मुआवजा देना चाहिए। सीवर व एसटीपी में होने वाली मौतों के मामले में हरियाणा देश में तीसरे स्थान पर है, इससे ज्यादा शर्म की बात प्रदेश के लिए नहीं हो सकती। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज रोबोट का युग है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जमाना है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि निजी व सरकारी सीवर लाइनों की सैटेलाइट मैपिंग कराए और थ्री-डी तकनीक का सहारा लेते हुए इनकी सफाई कराए। इसके लिए अगर रोबोट खरीदने पड़े तो खरीद ले, लेकिन लोगों की जान जाने से जरूर बचाए। सफाई कर्मियों को एसटीपी, हौद व सीवर लाइनों में उतारने के जिम्मेदार अफसरों, कंपनियों पर ठोस कार्रवाई न होने की वजह से भी उनके हौंसले बुलंद हैं और वे बार-बार नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि मैनुअल स्कैवेंजर्स और उनके पुनर्वास अधिनियम, 2013 के तहत एसटीपी या सीवर लाइन में किसी भी कर्मी को उतारे जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद हर साल गरीब परिवारों से आने वाले कामगारों को इनमें उतर कर अपनी जान गंवानी पड़ रही है। इससे पता चलता है कि भाजपा सरकार पूरी तरह से गरीब सफाई कर्मियों की विरोधी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार को किसी भी एसटीपी, हौद व सीवर लाइन में सफाई कर्मियों के उतरने पर तुरंत प्रतिबंध लगाते हुए इनकी सफाई के तौर-तरीकों में बदलाव करना चाहिए। एसटीपी व सीवर लाइन पर कार्यरत कर्मियों के लिए बनाए गए कानून को न तो सरकारी विभागों में लागू करवाया जा रहा है और न ही ठेकेदारों पर कानून मानने का दबाव बनाया जा रहा है।



**मांग**

**8 एसटीपी व सीवर लाइन में कर्मियों के उतरने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए सरकार: कुमारी सैलजा**

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा में ही संभव है सामान्य कार्यकर्ता से मुख्यमंत्री बनने की गारंटी : सुभाष चंद्र



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मंगलवार को घरौंडा की अनाज मंडी में भाजपा नेताओं के सम्मान में आयोजित होने वाली रैली को लेकर जहां नेता और कार्यकर्ता उत्साहित नजर आ रहे हैं, वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता एवं करनाल लोकसभा संपर्क प्रमुख सुभाष चंद्र ने इसको लेकर गांव-गांव में संपर्क अभियान चलाया।
अधिक से अधिक कार्यकताओं को इस सम्मान रैली में निमंत्रण देने के लिए उन्होंने हलके के विभिन्न गांव में कार्यकताओं की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रैली में चार चांद लगाने के लिए जहां होर्डिंग बैनर आदि तैयार किया जा रहे हैं वहीं ढोल नगाड़ों के साथ कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में रवाना होंगे। सुभाष चंद्र ने कहा कि रैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा विशेष रूप से पधार रहे हैं। रैली में नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और अंत्योदय के प्रतीक पूर्व मुख्यमंत्री व करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल का जनता द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ही देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है, जहां पर सामान्य कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत और लग्न की बदौलत सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हाल ही में नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इसके साक्षात उदाहरण हैं, जबकि अन्य परिवारवादी पार्टियों में एक परिवार के लोग ही उच्च पद पर बने रहते हैं। इन पार्टियों की तरह यहां परिवारवाद हावी नहीं है।
उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक रैली होगी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। वर्तमान भाजपा सरकार ने अपने साढे 9 साल के कार्यकाल में जितने विकास कार्य किए हैं, रैली में शामिल लोग उसकी गवाही देंगे।

### बाहुबली ई-रिक्शा ने हाल ही में अपने दो नए बेहतरीन मॉडल बाहुबली भीम व बाहुबली भारत लांच किए

**नई दिल्ली:-** बाहुबली ई-रिक्शा बाहुबली द्वारा निर्मित बेस्ट इन क्लास ई-रिक्शा कंपनी है। बाहुबली का यह ई-रिक्शा स्वच्छ परिवहन के लिए एक अच्छा ऑप्शन है। आजकल महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है और चाहे डाइविंग ही क्यों न हो, कैब तक चलाने में महिलाएं संकोच नहीं कर रही है। ई-रिक्शा की बात करें तो महानगरों से लेकर छोटे शहरों में भी अब महिला डाइवर दिख जाती है और इससे अंदाजा होता है कि बाहुबली ई-रिक्शा महिलाओं को सशक्त करने के साथ ही उन्हें रोजगार के अवसर मुहैया करा रहा है। बाहुबली डीलस सबसे अधिक बिकने वाला ई-रिक्शा मॉडल है, जो उचित मूल्य पर उपलब्ध है। बाहुबली डीलक्स में उच्च शक्ति प्रदान करने वाली अच्छी बैटरी की क्षमता होती है। भारत की बेहतरीन ई-रिक्शा कंपनी बाहुबली ई-रिक्शा ने दो बेहतरीन मॉडल लांच किए है बाहुबली भीम व बाहुबली भारत के नाम से। दिनेश गोयल ने कहा कि जो लोग पैसे की तंगी के कारण बाहुबली से जुड नहीं पा रहे थे, लेकिन अब वह लोग बाहुबली भीम के मॉडल से जुड़ सकते हैं, यह मॉडल स्पीड के मामले में बहुत तेजी है तथा माइलेज में भी यह बहुत अच्छा मॉडल है साथ्ज्ञ ही उन्होंने बताया कि यह एक साल की वारंटी के साथ मार्केट में उपलब्ध है। बाहुबली ई-रिक्शा के डायरेक्टर दिनेश गोयल ने बताया कि बाहुबली ई-रिक्शा महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन हासिल करने का व्यवहारिक माध्यम बन गया है। शुरूआत करने के लिए कम लागत और लाइसेंस के लिए न्यूनतम जरूरतों के चलते ई-रिक्शा खरीदना महिलाओं के लिए अधिक सुलभ विकल्प है, आजीविका का स्थायी साधन मिल जाता है और वे अपने परिवार को सहयोग प्रदान कर परिवार की आय में भी योगदान दे सकती है।

# एचएपी मधुबन कॉम्पलैक्स ने जमा करवाया 2 करोड़ 328 रुपये सम्पत्ति कर : मीणा

## केन्द्र व राज्य सरकार के अन्य विभाग भी जमा करवाएं सम्पत्ति कर, कुल साढे 19 करोड़ रुपये सम्पत्ति कर हुआ जमा



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** बकाया सम्पत्ति कर भरने में मिल रही छूट को कुछ ही दिन शेष हैं। इसे देखते नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने सभी बकायादारों से पुनः अपील करते कहा है कि वे शीघ्र अति शीघ्र नगर निगम के कोष में अपना सम्पत्ति कर जमा करवा दें।
एच.ए.पी. मधुबन कॉम्पलैक्स ने भरा टैक्स- निगमायुक्त ने बताया कि सरकार की ओर से दी जा रही छूट के तहत मधुबन स्थित हरियाणा आर्मड पुलिस (एच.ए.पी.) कॉम्पलैक्स का 3 करोड़ 10 लाख रुपये सम्पत्ति कर बनता है। फिलहाल इनकी ओर से आंशिक भुगतान करते हुए 2 करोड़ 328 रुपये सम्पत्ति कर जमा करवाया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, जिला जेल, खेल एवं युवा मामले विभाग कार्यालय, जिला परिषद, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा रोजवेज करनाल तथा क्षेत्रीय परिवहन जैसे कार्यालय भी अपना सम्पत्ति कर पहले ही जमा करवा चुके हैं। उन्होंने राज्य व केन्द्र सरकार के अन्य विभागों से भी पुनः अपील करते कहा है कि वह भी छूट का फायदा उठाते हुए नगर निगम के कोष में सम्पत्ति कर जमा करवा दें।
छूट की दी जानकारी- छूट की जानकारी देते उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2024 तक जो बकायादार नगर निगम के खजाने में एकमुश्त राशि जमा करवाएगा, उसे समस्त ब्याज माफी की छूट का लाभ मिलेगा। यही नहीं बकाया मूल राशि व चालू वित्त वर्ष के बिलों पर भी 15 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलेगी।
लेकिन इसके लिए सम्बंधित व्यक्ति को अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित करना होगा।
साढे 19 करोड़ रुपये सम्पत्ति कर हुआ जमा- उन्होंने बताया कि नगर निगम के खजाने में अब तक करीब साढे 19 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में जमा हो गए हैं। बकायादारों को कर से मुक्त करने के लिए सरकार की ओर से जारी छूट को देखते बकायादारों को चाहिए कि वे इस सुनहरी मौके का फायदा उठाएं और निगम के खजाने में प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाकर चिंता मुक्त हो जाएं।

## मंदबुद्धि लड़की संदिग्ध हालात में लापता, अपहरण का शक

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** निसिंग थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लडकी संदिग्ध हालात में लापता हुई है। नाबालिग दिमागी रूप से कमजोर बताई जा रही है। वहीं परिवार ने अज्ञात पर उसके अपहरण के आरोप लगाए हैं। शिकायत के आधार पर निसिंग थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नाबालिग लडकी के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कल दोपहर करीब 2 बजे उसकी 17 साल की बेटी घर पर अकेली थी। वह दिमागी रूप से कमजोर है। बेटी को घर पर अकेला छोडकर वह किसी काम से बाजार गया था। वह 2 घंटे बाद घर आया तो उसकी बेटी घर पर नहीं मिली।
पिता ने बताया कि जब उसने आसपास में पूछताछ की तो पता चला कि उसकी बेटी दोपहर करीब 3 बजे घर से बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। उसके बाद घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर एक अज्ञात व्यक्ति के साथ जा रही थी। उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। पिता ने बताया कि बेटी के घर आने का उन्होंने देर रात तक इंतजार किया, लेकिन वह घर वापस नहीं आई। इस दौरान उन्होंने अपनी रिश्तेदारियों में भी पता किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पिता का आरोप है कि उसकी बेटी का किसी ने अपहरण किया है।
निसिंग थाना के जांच अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपहरण की धारा में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। जल्द ही नाबालिग का पता लगा लिया जाएगा।

## कार सवार युवकों ने एक युवक पर किया चाकू, डंडों व तेज हथियार से हमला

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सेक्टर-32 में ब्लैक वरना और स्कोर्पियों कार में सवार होकर आए युवकों ने एक युवक पर चाकू, लाठी-डंडों व तेजधार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। जब युवक ने भागकर अपनी जान बचानी चाही तो उसके पीछे गाडि?ां लगा ली और उसे कुचलने का प्रयास किया। युवक को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शिकायत के आधार पर सेक्टर 32-33 थाना पुलिस ने चार नामजद और 7-8 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।
करनाल के सेक्टर-32 स्थित नरसी विलेज निवासी सक्षम सहगल रविवार की रात करीब साढ़े आठ बजे सेक्टर-32 में अग्रवाल टाइल्स के पास अपने दोस्त भव्य, दिग्विजय व अपने छोटे भाई कनव के साथ था। इसी दौरान ब्लैक वरना और स्कॉर्पियो कार से 10-11 युवक उतरे। हमलावरों के हाथों में चाकू, गंडासी व लाठी डंडे थे।
शिकायतकर्ता सक्षम ने बताया है कि वह इन युवकों में से वह किसी को नहीं जानता। इस दौरान युवकों ने कहा कि तुझे मिगलानी के साथ पंगा लेने का सबक सिखाना है, इतना कहते ही एक युवक ने चाकू से वार किया और चाकू बाजू पर जा लगा। इस दौरान जब उसके दोस्तों ने बीच बचाव की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की। एक युवक ने उनको गंडासी दिखाकर चुपचाप खड़े रहने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि जब वह बड़ी मुश्किल से जान बचाकर भागा तो आरोपियों ने अपनी गाडि/ां पीछे लगा दी और मुझ पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। पीड़ित ने खेतों में भागकर अपनी जान बचाई। आरोपियों ने मुझे धमकी दी कि आज तो तू बच गया, लेकिन दोबारा कही पर भी मिला तो जिंदा नहीं छोड़ेंगे। पीड़ित ने बताया कि कुछ दिन पहले मिगलानी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसकी रंजिश वह रखे था और अपने साथियों से वह उस पर हमला करवा रहा है।

## श्री श्याम बाबा के फाल्गुन मेले पर विशाल इनामी दंगल

**समालखा ( कुलदीप सिह )**
**श्री श्याम** बाबा दंगल कमेटी के द्वारा चुलकाना में सदियों से चली आ रही परंपरा श्री श्याम बाबा के फाल्गुन मेले पर होता है
दंगल का आयोजन सभी ग्राम वासियों के सहयोग से दंगल का आयोजन करवाया जाता है
जिसमें हरियाणा पंजाब उत्तर प्रदेश दिल्ली राजस्थान सहित अनेक राज्यों के भारत केसरी पहलवान आते हैं दंगल में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भरत सिंह छोकर होगें। दंगल में पहला इनाम एक लाख रुपए गया है ,दूसरा इनाम 51000 हजार है तीसरा इनाम 31000 हजार है इसके अलावा अनेक इनामी कुश्ती होगी इस दंगल का आयोजन 21 मार्च को सुबह 10 बजे श्री श्याम बाबा मंदिर के पास कन्या पाठशाला में किया जाएगा।

## सभी अपने जीवन में सच्चाई, ईमानदारी व सकारात्मकता अपनाएं : नरेंद्र अरोड़ा



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की टीम लीडर्स में मीटिंग का आयोजन होटल डिवेंचर में हुआ, जिसकी अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने की। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों का बुके एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारी राजेश गर्ग, मेघा बंसल, गौरव मित्तल, पूजा राही व अरुणा गुप्ता को मेम्बरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया।
नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि सब को अपने जीवन में सच्चाई ईमानदारी एवं सकारात्मकता को आत्मसात करना चाहिए, तभी हम सब मिलकर भ्रष्टाचार मुक्त भारत बना सकते हैं। हमें प्रण लेना चाहिए कि हम कभी भी रिश्वत नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए देशभर में कार्य कर रहा है।
इस अवसर पर पवन शर्मा, डॉ. निशा गुप्ता, राखी गर्ग, अधिवक्ता अनिल मलिक, पवन कुमार कंसल, सत नारायण गर्ग, तरसेम कुमार, अजीत राही, पायल मित्तल, सतीश मल्होत्रा, मुकेश गुलाटी, सतीश राणा,
नीना अग्रवाल, रविंद्र कुमार मदान, निशा अग्रवाल, कीर्ति, गुलशन कुमार शर्मा, सुनील गुप्ता, अजय सैनी, शशि शर्मा, मोती राम गर्ग एवं नीलम को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए टॉप लीडर अवार्ड से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष डॉ.निशा गुप्ता ने आभार प्रस्ताव व्यक्त किया।

## समाचार पत्र, टीवी चैनल, लोकल केबल टीवी, सोशल मीडिया पर एमसीएमसी कमेटी की रहेगी कड़ी नजर : उत्तम

### उम्मीदवारों को मतदान या मतदान के पहले दिन विज्ञापन छपवाने की लेनी होगी अनुमति मीडिया फेक व पेड न्यूज से रखे परहेज



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा के उप चुनाव के दृष्टिगत आर्दश आचार संहिता की अनुपालनला को लेकर मीडिया प्रमाणिक एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) का गठन किया जा चुका है। यह कमेटी इस बात का ध्यान रखेगी कि कहीं कोई प्रचार माध्यम में कोई अफवाह या गलत समाचार तो नहीं प्रसारित किया जा रहा, जिससे चुनाव में मतदाता भ्रमित होता हो।
उन्होंने बताया कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान समाचार पत्र, टीवी चैनल, लोकल केबल टीवी, सोशल मीडिया आदि में समाचारों की शुचिता बरकरार रहनी चाहिए। कोई भी फेक व पेड न्यूज मीडिया में नहीं आनी चाहिए। कोई भी संचार माध्यम भ्रामक समाचार प्रसारित करता है तो चुनाव आयोग उसके खिलाफ कार्यवाही कर सकता है।

**अफवाह पर रोक**

**8 कमेटी इस बात का ध्यान रखेगी कि कहीं कोई प्रचार माध्यम में अफवाह या गलत समाचार तो नहीं प्रसारित किया जा रहा**

उन्होंने कहा कि विज्ञापन या समाचार को लेकर किसी प्रकार की शिकायत है तो उसके लिए निर्वाचन विभाग ने 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया हुआ है। चुनाव के समय मतदान से पहले वाले दिन और मतदान के दिन किसी भी उम्मीदवार को टीवी चैनल या अखबार में विज्ञापन प्रसारित करवाना है
तो उसके लिए एमसीएमसी कमेटी से प्री सर्टिफिकेट लेना होगा। उन्होंने बताया कि इस विज्ञापन के लिए भारत निर्वाचन आयोग से रजिस्टर्ड राजनैतिक पार्टी के उम्मीदवार को तीन दिन पहले और बाकी उम्मीदवारों को सात दिन पहले कमेटी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। कमेटी विज्ञापन सामग्री की जांच कर दो दिन में अपनी स्वीकृति या अस्वीकृति प्रदान करेगी।
उन्होंने बताया कि पंपलेट, इश्तहार, बैनर, एलईडी आदि विज्ञापन सामग्री के लिए भी चुनाव आयोग ने अपनी दरें निर्धारित की हुई हैं। उन्हीं के अनुसार उम्मीदवार के चुनाव खर्च में धनराशि को जोड़ा जाएगा। निर्वाचन आयोग ने मतदाता जागरूकता के लिए भी स्वीप नाम से अभियान चलाया हुआ है। ताकि मतदान में बढ़ोतरी हो सके। संचार के सभी माध्यमों को चाहिए कि वे स्वीप कार्यक्रम से संबंधित समाचारों को विशेष प्राथमिकता दें। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग की ओर से चुनाव की मीडिया कवरेज के लिए मीडियाकर्मियों को दो तरह के पास जारी किए जाएंगे। इनमें से एक मतदान के दिन के लिए होगा और दूसरा मतगणना के लिए जारी किया जाएगा।

## दिव्यांगजनों व 85 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग के मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर होगी विशेष व्यवस्थाः शांतनु

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व लोकसभा चुनाव-2024 को मनाने के लिए चुनाव आयोग ने दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था की गई है ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि उक्त श्रेणियों के मतदाताओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पोलिंग स्टेशनों पर रैंप, व्हील चेयर, लाने व ले जाने की व्यवस्था, मेडिकल किट इत्यादि की व्यवस्था करने के साथ-साथ एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों को उनकी सहायता के लिए तैनात किया जाए। आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं के लिए चुनावों से सम्बन्धित जानकारी के लिए सक्षम एप भी बनाया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की चुनावों में अहम भूमिका रहती है, कि अधिकांश पोलिंग स्टेशन स्कूलों में ही बनाए जाते हैं। अध्यापक बच्चों को चुनाव प्रक्रिया से सम्बन्धित जानकारी दें और उन्हें अपने अभिभावकों के साथ-साथ अन्य लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने को कहें। मतदान के दिन जब उनके अभिभावक वोट डालने आते हैं तो वे भी साथ आएं और सेल्फी लेकर अपलोड करें।उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का उद्देश्य है कि देश का हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें और पांच साल में आने वाले चुनावों में अवश्य भागीदार बने। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने जहन रखें हम भारत के मतदाता है, भारत के लिए मतदान करें, लोकतंत्र से सजा भारत, मतदान करने जाएंगे, न पक्षपात, न भेदभाव, हम भारत के निमार्ता हैं, मतदान करने आएंगे भारत के लिए।

## गांव रूकसाना के एक मकान से लाखों की चोरी दो बेटे विदेश में, दंपति गए थे रिश्तेदारी में

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हलका असंध के रुकसाना गांव में चोरों ने एक मकान को अपना निशाना बनाया। चोर अलमारियों के ताले तोडकर 9 तोले सोने के आभूषणों व 17 हजार की नकदी पर हाथ साफ कर गए। घटना के समय परिवार हाबड़ी गांव में गया हुआ था। परिजन घर लौटे तो सामान बिखरा मिला। पीड़ित की शिकायत पर असंध थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गांव रुकसाना निवासी दर्शन सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसके दो बेटे हैं, जो विदेश में रहते है। वह और उसकी पत्नी ही घर पर अकेले रहते हैं। 17 मार्च को वह और उसकी पत्नी किसी जरूरी काम से हाबड़ी गांव में हुए हुए थे। वहां से आज लौटे और घर में घुसे तो ताले टूटे हुए और सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा मिला।
पीड़ित ने बताया कि जब वह घर पहुंचे तो अलमारियां भी टूटी हुई थी। अलमारियों में रखे सोने के आभूषण व नकदी गायब थी। उसके घर से 5 तोले सोने का हार, एक सोने कड़ा, एक जोड़ी सामने के झुमके, सोने की दो अंगूठियां, सोने की चेन सहित करीब 9 तोले सोने के गहने चोरी हुए है, जिनकी कीमत लगभग सवा छह लाख आंकी गई है। इसके साथ ही अलमारी में रखे 17 हजार रुपए भी चोरी किए गए हैं।
असंध थाना के जांच अधिकारी पवन ने बताया सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## जीवन में मंच का अभिन्न योगदानः डा. महा सिंह



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में युवा सांस्कृतिक एवं कार्यक्रम विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के सौजन्य से जोनल स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें करनाल एवं पानीपत के 13 महाविद्यालयों से लगभग 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया और स्वरचित कविताएं प्रस्तुत की।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा सांस्कृतिक एवं कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. महा सिंह पूनिया ने कहा कि जीवन में मंच का अभिन्न योगदान है। मंच के माध्यम से अनेक विद्यार्थियों ने अनेकों मुकाम हासिल किए हैं। मंच विद्यार्थियों को बहुमुखी रचनात्मक और अनुशासित प्रतिभाशाली बनता है। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर गुरिंदर सिंह ने कहा कि हमारे विद्यार्थी अत्यंत प्रतिभाशाली और अनुशासित हैं। कॉलेज सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु तत्पर है और हमारे विद्यार्थी नित्य नए पुरस्कार जीतकर कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं।
कविता पाठ प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज पानीपत की छात्रा खुशबू ने 3100 रुपए का प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय महिला महाविद्यालय करनाल की शिवानी ने 2100 का दूसरा पुरस्कार जीता व मेजबान कालेज की महक प्रीत कौर ने 1100 रुपए का तीसरा पुरस्कार जीता। आर्य कॉलेज पानीपत की ब्रह्माजया और केवीए डीएवी कॉलेज करनाल की कनिका ने संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार जीता।

## 'करनाल लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख 81 हजार 560 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग'

### कुल मतदाताओं में 10 लाख 95 हजार 941 पुरूष तथा 9 लाख 85 हजार 582 महिला मतदाता और 37 ट्रासजेंडर मतदाता शामिल

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 25 मई को होने वाले चुनाव में करनाल लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख 81 हजार 560 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 10 लाख 95 हजार 941 पुरूष तथा 9 लाख 85 हजार 582 महिला मतदाता और 37 ट्रासजेंडर मतदाता शामिल है। इन मतदाताओं की सुविधा के लिए संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कुल 2023 मतदान केंद्र बनाए गए है, जिनमें से 1147 मतदान केंद्र करनाल जिला में तथा 876 मतदान केंद्र पानीपत जिला में स्थापित किए गए है।

**मत का अधिकार**

**8 साथ ही सी-विजिल एप पर आने वाली शिकायतों का भी तय समय सीमा के भीतर निपटारा किया जाए**

उन्होंने बताया कि करनाल जिला में अब तक कुल 11 लाख 86 हजार मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हो चुका है। इनमें 6 लाख 18 हजार 599 पुरूष तथा 5 लाख 67 हजार 449 महिला मतदाता तथा 23 ट्रांसजेंडर शामिल है।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा के उप चुनाव की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव की घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और इसकी अधिसूचना 29 अप्रैल हो जाएगी। चुनावी प्रक्रिया के तहत 6 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेगे।
नामांकन पत्रों की जांच पडताल 7 मई को की जाएगी तथा उम्मीदवारों के लिए नामांकन पत्र वापिस लेने की अंतिम तिथि 9 मई रहेगी। उन्होंने बताया कि 25 मई को मतदान होगा तथा 4 जून को मतगणना होगी। आगामी 6 जून चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने की तिथि है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वह बिना भय व बिना लालच के अपने मत अधिकार का प्रयोग करें।
प्रशासन द्वारा फ्री व फेयर चुनाव करवाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। कहीं पर भी आचार संहित के उल्लघन की शिकायत मिली तो तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके लिए फ्लाईग स्कवाईड व सर्विलेंस टीम भी एक्टिव दिया गया है। चुनावी खर्चे पर भी कडी नजर रहेगी, इतना ही नहीं बैंकों से होने वाले संदिग्ध लेन-देन पर भी निगरानी रखी जाएगी।
जिला मुख्यालय पर एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा। इस कंट्रोल रूम में टोल फ्री नंबर 1950 एक्टिव रहेगा। साथ ही सी-विजिल एप पर आने वाली शिकायतों का भी तय समय सीमा के भीतर निपटारा किया जाए। करनाल विधानसभा के उपचुनाव में 2 लाख 58 हजार 361 मतदाता करेंगे उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने मीडिया के प्रश्न के उत्तर में बताया कि लोकसभा के आम चुनाव के साथ-साथ करनाल विधानसभा के उपचुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह से तैयार है और सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए है। उन्होंने बताया कि एसडीएम करनाल को रिर्टनिंग अधिकारी बनाया गया है जिनकी देखरेख में उपचुनाव की प्रक्रिया पूर्ण होगी।

## 'चुनाव प्रचार सामग्री में प्रकाशक व प्रकाशन करवाने वाले का उल्लेख होना जरूरी'

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा के उप चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद ही जिला में आर्दश आचार संहिता लागू हो चुकी है। इसी के दृष्टिगत चुनाव के दौरान सभी प्रकार की प्रचार सामग्री का प्रकाशन करवाने वाले दल या व्यक्ति और प्रकाशक का नाम छापना जरूरी है। इस जानकारी के बिना चुनाव से संबंधित पंफलेट, पोस्टर, बैनर आदि प्रकाशित करना आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

**निर्देश**

**8 सभी प्रकार की प्रचार सामग्री का प्रकाशन करवाने वाले दल या व्यक्ति और प्रकाशक का नाम छापना जरूरी है**

उन्होंने बताया कि जन प्रतिनिधि अधिनियम-1951 की धारा 127ए में स्पष्ट तौर पर चुनाव के दौरान प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के लिए नियमों की जानकारी दी गई है। इन नियमों के अनुसार कोई भी प्रिंटिंग प्रैस संचालक बिना शपथ पत्र के चुनाव से संबंधित प्रचार सामग्री नहीं छाप सकता। इसके लिए उसे संबंधित उम्मीदवार से एक शपथ पत्र लेना है, जिस पर प्रचार सामग्री छपवाने वाले के हस्ताक्षर होंगे। साथ ही दो गवाहों के हस्ताक्षर पत्र पर होने जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि प्रिंटिंग के बाद प्रैस के मालिक को शपथ पत्र की प्रति और छापी गई प्रचार सामग्री की प्रतियां निर्वाचन विभाग के कार्यालय में भिजवानी होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित पंफलेट व पोस्टर आदि प्रचार सामग्री संबंधित उम्मीदवार की सहमति से ही छाप सकते हैं।

## संपादकीय

# शबरी की रसोई में चाय

**युग बद**ल चुका है। आत्मीय रिश्तों की जगह बनावटी रिश्तों ने ले ली है। निस्वार्थ भाव की कल्पना बेमानी है। स्वार्थ कुशल व्यापारी की भूमिका में है। उसे उन श्रद्धा और प्रेम के प्रसंग भी भुनाने में कोई शर्म महसूस नही होती, जिनके आधार पर सदियों से भक्ति और श्रद्धा को आदर्श माना जाता रहा है। एक कड़वा सच यह भी है कि उनका घटिया माल भी बिकता हाथों हाथ, आते जो बाजार में लुभावने नामों के साथ। विज्ञापन युग की यही विशेषता है, कि जैसे भी हो, आकर्षक विज्ञापन करके भीड़ जुटाओ और मुनाफा कमाओ। आज कल भोजन पदार्थो की बिक्री के लिए ढाबा, होटल, भोजनालय, रेस्टोरेंट जैसे नाम रखने का चलन कम हो गया है। इनकी जगह रसोई जैसे घरेलू और आत्मीय प्रतीत होने वाले शब्द को प्राथमिकता दी जाने लगी है। कोई अपने भोजनालय का नाम माँ की रसोई रख रहा है, कोई दादी की रसोई, कोई चाची की रसोई रख रहा है, कोई मौसी की ।रसोई से पहले दादी, अम्मा, मौसी, चाची का नाम अपनेपन का एहसास कराता ही है। इसी का लाभ चतुर व्यापारी उठाने में पीछे नही रहते। राम जी के वनवास के समय राम जी की बाट जोह कर उनके लिए बेर एकत्र करने वाली शबरी ने कभी नहीं विचारा होगा, कि विज्ञापन युग में उसकी आस्था को भी भुनाया जाएगा। उनके नाम से भंडारा करके मीठे फल बांटने की जगह उनके नाम पर रसोई खोल दी जाएगी, जिसका नाम सुनकर आस्था के सैलाब से संग भक्त उस रसोई के दर्शन तो करेंगे, मगर उसमें बैठकर चाय पीने की कल्पना साकार नहीं कर सकेंगे। चाय की कीमत सुनकर ही वे वहाँ से नजर बचाकर किसी चाय की टपरी या चाय के ठेले की ओर जाने हेतु विवश होंगे। अलबत्ता शबरी के नाम से प्रभावित होकर मोबाईल के माध्यम से धन खर्च करने वाले कुछ लोग उस रसोई में जाएंगें, चाय के साथ टोस्ट भी खाएंगे, फिर चाय का बिल संचार माध्यमों से अपना प्रचार करके अपनी शेखी बघारेंगे, कि शबरी के नाम पर अब बेर नहीं, चाय मिलती है, वह भी मुफ्त में नहीं मिलती। चाय पीने के लिए आम आदमी की चाय के मुकाबले चार पांच गुने पैसे चुकाकर आम से खास आदमी बनना पड़ता है। खास आदमी कभी कंजूस नही होता, उसे खास बने रहने के लिए छोटी छोटी बातों को नजरअंदाज करना पड़ता है। खास आदमी की पहचान ही दिखावा करने से होती है, सो वह महंगी चाय पीता है और चाय परोसने वाले बेयरे की टिप भी देता है। उसे चाय तो मिलती है, मगर शबरी जैसी आत्मीयता नहीं मिलती। कारण स्पष्ट है कि न वह शबरी रही, जो जंगल में स्नेह भाव से आवभगत किया करती थी, न वे राम जी जैसे नायक रहे, जो भाव के भूखे थे और सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। न विज्ञापन का दौर था और न सेल्फी लेकर आत्म- मुग्धता प्रदर्शित करने की होड़ थी। समय के साथ साथ परिवर्तन तो होते ही हैं, फिर भी जिससे जितना हो रहा है, वह कर रहा है, अपने प्रिय राम को मीठे बेर खिलाने के लिए बेरों की मिठास परख कर बेर परोसने वाली शबरी के भाव विज्ञापन की दुनिया में लुप्त हो गए, सिर्फ शबरी का नाम लेकर ग्राहकों को आकर्षित करने की चाल सफल हो गई। अब शबरी की रसोई में बेर भले ही नदारद हों, मगर चाय अवश्य मिलती है, वह भी टैक्स फ्री नही, बल्कि टैक्स सहित।

# एक देश एक चुनाव की दिशा में बढ़ते कदम



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> “भारत का संघीय ढांचा संसदीय शासन प्रणाली से प्रेरित है और संसदीय शासन प्रणाली में चुनावों की बारंबारता एक अकाट्य सच्चाई है। जाहिर है कि एक चुनाव की स्थिति में ईवीएम ही 40 लाख के करीब चाहिए और सिर्फ दो कंपनियां ही देश में ईवीएम बनाती हैं। उनका उत्पादन औसत भी 4 लाख सालाना से कम है। चूंकि नई व्यवस्था 2029 के आम चुनाव से लागू करने की बात कही जा रही है, लिहाजा यह इतनी सहज और आसान व्यवस्था नहीं होगी कि देश में एक चुनाव ही होने लगें। सबसे महत्वपूर्ण और अनिवार्य तो यह है कि एक चुनाव को शुरू करने के लिए संविधान में 18 संशोधन करने होंगे”

**किसी** भी जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक अनिवार्य प्रक्रिया है। स्वस्थ एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला होते हैं। भारत जैसे विशाल देश में निर्बाध रूप से निष्पक्ष चुनाव कराना हमेशा से एक चुनौती रहा है। अगर हम देश में होने चुनावों पर नजर डालें तो पाते हैं कि हर वर्ष किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं। चुनावों की इस निरंतरता के कारण देश हमेशा चुनावी मोड में रहता है। इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं बल्कि देश के खजाने पर भारी बोझ भी पड़ता है। इस सबसे बचने के लिये नीति निमार्ताओं ने लोकसभा तथा राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराने का विचार बनाया।

बीते दिनों भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने एक देश, एक चुनाव पर अपनी रपट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। यह रपट व्यापक विमर्श का महादस्तावेज है, लिहाजा यह संदेह करना कि देश में एक ही पार्टी काम करेगी या 2029 के बाद देश में चुनाव ही नहीं होंगे, फिजूल और पूर्वाग्रह है। करीब 7 माह के दौरान 65 बैठकें की गईं, 11 रपटों का अध्ययन किया गया और 21,558 लोगों से बातचीत कर उनकी राय ली गई। उनमें से 80 फीसदी से अधिक लोग एक देश, एक चुनाव के समर्थन में थे। विशालकाय रपट 18,626 पन्नों की है। गौरतलब यह है कि देश के चार पूर्व प्रधान न्यायाधीशों- जस्टिस दीपक मिश्रा, रंजन गोगोई, शरद अरविंद और यूयू ललित- ने एक चुनाव का समर्थन किया है। उच्च न्यायालय के 12 पूर्व मुख्य न्यायाधीशों में से सिर्फ तीन ही विरोध में थे। जाहिर है कि कानून और संविधान के विशेषज्ञों का प्रचंड बहुमत एक चुनाव के पक्ष में है। समिति ने 47 राजनीतिक दलों का पक्ष भी जाना, तो 15 दलों ने विरोध जताया। उनमें कांग्रेस, सीपीएम, बसपा, आप सरीखे राष्ट्रीय दलों समेत तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, सीपीआई, ओवैसी की पार्टी, एमडीएमके, नगा पीपुल्स फ्रंट, सीपीआई (एमएल) और सपा आदि क्षेत्रीय दल भी नई व्यवस्था के खिलाफ हैं। जाहिर है कि वे मौजूदा सत्ता-पक्ष भाजपा-एनडीए के विरोधी हैं, लेकिन क्या 32 राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के समर्थन को खारिज किया जा सकता है? याद रहे कि कांग्रेस ही उस समय देश पर राज कर रही थी, जब एक चुनाव ही होते थे। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाते थे। यह दीगर है कि तब संसाधन कम चाहिए थे और मतदान मतपत्रों के जरिए होते थे। अब मौजूदा आम चुनाव में ही 10 लाख से अधिक ईवीएम लगाई जाती हैं और 1.5 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी चुनाव ड्यूटी देते हैं। सुरक्षा बलों की तैनाती इनसे अलग है। एक देश एक चुनाव कोई अनूठा प्रयोग नहीं है, क्योंकि 1952, 1957, 1962, 1967 में ऐसा हो चुका है, जब लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ करवाए गए थे। यह क्रम तब टूटा जब 1968-69 में कुछ राज्यों की विधानसभाएँ विभिन्न कारणों से समय से पहले भंग कर दी गई। आपको बता दें कि 1971 में लोकसभा चुनाव भी समय से पहले हो गए थे। जाहिर है जब इस प्रकार चुनाव पहले भी करवाए जा चुके हैं तो अब करवाने में क्या समस्या है। एक तरफ जहां कुछ जानकारों का मानना है कि अब देश की जनसंख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है, लिहाजा एक साथ चुनाव करा पाना संभव नहीं है, तो वहीं दूसरी तरफ कुछ विश्लेषक कहते हैं कि अगर देश की जनसंख्या बढ़ी है तो तकनीक और अन्य संसाधनों का भी विकास हुआ है। इसलिए एक देश एक चुनाव की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। किन्तु इन सब से इसकी सार्थकता सिद्ध नहीं होती, इसके लिए हमें इसके पक्ष और विपक्ष में दिये गए तर्कों का विश्लेषण करना होगा।

एक देश एक चुनाव के पक्ष में कहा जाता है कि यह विकासोन्मुखी विचार है। जाहिर है लगातार चुनावों के कारण देश में बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू करनी पड़ती हैद्य इसकी वजह से सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती और विभिन्न योजनाओं को लागू करने समस्या आती है। इसके कारण विकास कार्य प्रभावित होते हैं। आपको बता दें कि आदर्श आचार संहिता या मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट चुनावों की निष्पक्षता बरकरार रखने के लिये बनाया गया है।

एक देश एक चुनाव के विरोध में विश्लेषकों का मानना है कि संविधान ने हमें संसदीय मॉडल प्रदान किया है जिसके तहत लोकसभा और विधानसभाएँ पाँच वर्षों के लिये चुनी जाती हैं, लेकिन एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर हमारा संविधान मौन है। संविधान में कई ऐसे प्रावधान हैं जो इस विचार के बिल्कुल विपरीत दिखाई देते हैं। मसलन अनुच्छेद 2 के तहत संसद द्वारा किसी नये राज्य को भारतीय संघ में शामिल किया जा सकता है और अनुच्छेद 3 के तहत संसद कोई नया राज्य राज्य बना सकती है, जहाँ अलग से चुनाव कराने पड़ सकते हैं।

एक देश एक चुनाव के विरोध में दूसरा तर्क यह दिया जाता है कि यह विचार देश के संघीय ढाँचे के विपरीत होगा और संसदीय लोकतंत्र के लिये घातक कदम होगा। लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ करवाने पर कुछ विधानसभाओं के मर्जी के खिलाफ उनके कार्यकाल को बढ़ाया या घटाया जायेगा जिससे राज्यों की स्वायत्तता प्रभावित हो सकती है।

भारत का संघीय ढांचा संसदीय शासन प्रणाली से प्रेरित है और संसदीय शासन प्रणाली में चुनावों की बारंबारता एक अकाट्य सच्चाई है। जाहिर है कि एक चुनाव की स्थिति में ईवीएम ही 40 लाख के करीब चाहिए और सिर्फ दो कंपनियां ही देश में ईवीएम बनाती हैं। उनका उत्पादन औसत भी 4 लाख सालाना से कम है। चूंकि नई व्यवस्था 2029 के आम चुनाव से लागू करने की बात कही जा रही है, लिहाजा यह इतनी सहज और आसान व्यवस्था नहीं होगी कि देश में एक चुनाव ही होने लगें। सबसे महत्वपूर्ण और अनिवार्य तो यह है कि एक चुनाव को शुरू करने के लिए संविधान में 18 संशोधन करने होंगे। संसद में कोई भी संविधान-संशोधन दो-तिहाई बहुमत, यानी 362 सांसदों के समर्थन, से ही संभव हो सकता है। हालांकि कुछ संशोधनों के लिए 50 फीसदी राज्यों की सहमति अनिवार्य नहीं है। स्थानीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने का अधिकार चुनाव आयोग को है। इसके लिए अनुच्छेद 325 में बदलाव करना होगा। अनुच्छेद 324-ए में बदलाव करते हुए निगमों और पंचायतों के चुनाव भी आम चुनाव के साथ कराए जाएंगे। अनुच्छेद 368-ए के तहत ऐसे संविधान संशोधन बिल को 50 फीसदी राज्यों की सहमति अनिवार्य होगी। इसी तरह विधानसभा वाले संघशासित क्षेत्रों के लिए अलग से संविधान संशोधन बिल पारित कराने होंगे। एक देश एक चुनाव की अवधारणा में कोई बड़ी खामी नहीं है, किन्तु राजनीतिक पार्टियों द्वारा जिस तरह से इसका विरोध किया जा रहा है उससे लगता है कि इसे निकट भविष्य लागू कर पाना संभव नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत हर समय चुनावी चक्रव्यूह में घिरा हुआ नजर आता है। चुनावों के इस चक्रव्यूह से देश को निकालने के लिये एक व्यापक चुनाव सुधार अभियान चलाने की आवश्यकता है।

इसके तहत जनप्रतिनिधित्व कानून में सुधार, कालेधन पर रोक, राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण पर रोक, लोगों में राजनीतिक जागरूकता पैदा करना शामिल है जिससे समावेशी लोकतंत्र की स्थापना की जा सके। यदि देश में एक देश एक कर यानी जीएसटी लागू हो सकता है तो एक देश एक चुनाव क्यों नहीं हो सकता?

## कविता

### जीवन बचाव केंद्र

जिंदगी बचाने और
देखभाल करने की ग्यारंटी
देने वाले
मशहूर चिकित्सकीय
संस्थान के द्वारा
जैसे ही स्पेशल वार्ड से
जनरल वार्ड में मरीज की
शिफ्टिंग हुई
व्यवहार बदला बदला सा
दिखाया जाने लगा,
मरीज के परिजनों को
इस बदले व्यवहार से
झटका आने लगा,
कहां रात व दिन भर
मिटने को तैयार
संस्थान के स्टॉफ वालों
को अटेंडरों में
बित्ते भर भर कांटे नजर
आने लगे,
महानुभव लोग गरियाने
झुंझलाने लगे,
छत्तीस घंटों से नींद से दूर
मरीजों के रिश्तेदारों से
चिकित्सालय को खतरा
नजर आने लगे,
इधर मरीज परेशान,
उधर चौकीदार सुजान,
पेशेंट की चिंता कि अब
मुझे
रात में कहीं जरूरत
की जगह
पकड़कर ले जायेगा
कौन?
पहरेदार का गुरूर कैसे
रहे मौन?
मरीज और उसके घरवाले
सोच रहे
कि कल तक गूगल में
सकारात्मक फीडबैक
लिखाने वाले
आज कौन सा व्यवहार
दिखा रहे,
क्या इन्हें क्रूर मान लूं जो
मेरी स्थिति समझ नहीं पा
रहे,
खैर मशहूर संस्थान की
गलती का
खामियाजा खुद के सिर
ढोकर
मरीज झुंझलाने पर मजबूर
हैं,
अति महत्वपूर्ण समय
अपनों का
सहयोग पाने से दूर हैं,
अब तो इतना ही कहूंगा
कि
ऐ वास्तविकता से दूर
रहने वाली
संस्थान का शहर

राजेन्द्र लाहिरी

## चुनावी चंदे का अंडा फूटा

सूर्यदीप कुशवाहा

**लोकतंत्र के** चार खंभा विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और प्रेस हैं। लोकतंत्र में जनता ही सत्ताधारी होती है, उसकी अनुमति से शासन होता है। उसकी प्रगति ही शासन का एकमात्र लक्ष्य माना जाता है।कभी-कभी बाण संधान करते समय लक्ष्य भटक जाता है और जनता का विकास अटक जाता है। समय पर फूल और फल आता है। चुनावी चंदा फूल से फल बन गया। वो समय आ गया।इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम संसद से पारित हुई और सरकार ने इसको अधिसूचित किया. इस योजना के जरिए कोई व्यक्ति, कॉरपोरेट और संस्थाएं बॉन्ड खरीदकर राजनीतिक दलों को चंदा देती हैं।राजनीतिक दल इस बॉन्ड को बैंक में भुनाकर रकम हासिल करते हैं। राजनीतिक दलों के लिए यह अच्छा है। वैसे जनता से भी चंदा लिया जाता है। वो मंदिर का चंदा, मस्जिद का चंदा, रामलीला का चंदा और दुर्गा पूजा का चंदा देते आया है। जब चंदे की आकृति में विकृति आ जाती है तो सुधार की जरुरत होती है। फिलवक्त तीसरा खंभा कही गयी न्यायपालिका का तीसरा नेत्र खुल गया है। उसको जिन्न नजर आया है।जिससे उसके निशाने पर दिख रहा चुनावी चंदा है। वह महान बैंक को पारदर्शिता का शीशा लगाने को कह रहा है जिससे जनता जनार्दन भी त्रिकालदर्शी बन हिसाब-किताब देख गुणा-गणित कर राजकाज से संतुष्ट हो सके। सभी राजनैतिक दलों की पूरी जन्मकुंडली का ब्यौरा सार्वजनिक रहेगा। अगर दाल में कुछ काला दिखेगा तो सवालों से पीला किया जा सकेगा। दल और कंपनी की सात फेरों का गठबंधन की गांठ जनता गिन सके। अशुभ ठगबंधन रूपी माया को छाया से दूर चिलचिलाती धूप में भेजा जा सके। राज्याभिषेक में खर्चा होता है। लेकिन तीसरा खंभा उसका पर्चा चाहता है। यदि पर्चा में डाउट तो आउट।महान बैंक एक क्लिक के जमाने में वक़्त चाहती है, जो बेवक्त मांग लगती है।

तीसरा खंभा न्यायपालिका ने जब चुनावी चंदे का हिसाब माँगा और अंडा फूटा। सब गोलमाल दिखा। ईमानदारी का मेकअप उतरा और चेहरे पर कालिख पुत गया। इस फरमान से ईमानदारी परेशान है।

उसको लगता यह अपमान है। यहाँ तो पूरी दाल ही काली है। चौथा खंभा के सवालों से दाल पीली करनी पड़ेगी। इस खबर से फिलहाल लोकतंत्र के दो खंभे डर गए हैं। वे मूक दर्शक बन गए हैं। कलयुग में दो खंभो का सहारा है।अभी लोकतंत्र बेसहारा नहीं है। चुनावी चंदे का अंडा फूटा और निकला भ्रष्टाचार जिन्न लुटा-पिटा।

## विचार

### धर्मनिरपेक्षता की व्यापक संवैधानिक मीमांसा ’

संजीव

**धर्मनिरपेक्षता** लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण संवेदनशील एवं शाश्वत सिद्धांत है’ धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व है’ जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित है’ धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है’ पर भारत में धर्मनिरपेक्षता संविधान की लकीरों तक सीमित होकर रह गया है’ मणिपुर और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में धर्म विशेष के आपसी झगड़ों के कारण धर्मनिरपेक्षता की आत्मा को गहरी चोट लगी है और धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक अस्तित्व में प्रश्नचिन्ह लगने लगा है’ धर्मनिरपेक्षता एक व्यापक अवधारणा है इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है।इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है’ भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना भी है’ पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं’ धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है’

भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है’ प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है’ भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है’ भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करें’ भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती है’ धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता है’ भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है’ हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों,मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करें’ आजादी के पूर्व तथा आजादी के पश्चात महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री आदि नेताओं का धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास था’ स्वतंत्रता के पूर्व राष्ट्रीय आंदोलन से पहले ही सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन ने धर्मनिरपेक्षता का मार्ग प्रशस्त कर दिया था,और स्वतंत्रता के बाद भारत में धर्मनिरपेक्षता की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत व्यक्ति को समानता स्वतंत्रता व न्याय जैसे मानव अधिकार प्राप्त हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### एग्जाम है या पानी का पाइप जब देखो लीक हो जाता है....

रवि रंजन

**देश की** राजनीति सरकारी नौकरी का महत्व बढ़ाती है। नौकरी देने का लालच देकर वोट बंटोरती है। लेकिन सत्ता में आते ही नाकाम हो जाती है। पद खाली पड़े रहते हैं लेकिन भर्ती नहीं होती है और जो होती भी है उसे बेईमानी से मुक्ति नहीं मिलती है। कुछ लोगों का दावा है कि सरकार चाहे भी तो सारे पद भर नहीं सकती है क्योंकि सैलरी के लिए जरूरी पैसा जुटाने में उसके पसीने छूट जाएंगे। इसलिए नौकरियों का विवाद सत्ता और राजनीति को सूट करता है। परीक्षा लीक होने से अभ्यर्थियों की नुकसान की भरपाई कैसे होगी चाहे आर्थिक स्थिति, परीक्षा की उम्र निकल जाना ?? वर्ष 2024 को लीपी वर्ष घोषित न करके पेपर लीक वर्ष घोषित कर देना चाहिए` पेपर लीक के अखिल भारतीय विस्तार को देखते हुए ये भी सिफारिश की जा रही है कि इसके खिलाफ पेपर लीक को संगठित अपराध माना जाए। पेपर लीक को अलग गुनाह का दर्जा दिया जाए। इसके लिए केन्द्रीय कानून बने। पेपरलीक कहीं भी हो लेकिन जांच केन्द्रीय एजेंसी करे। पेपरलीक माफिया की संपत्ति जब्त हो। नौकरी की परीक्षा लेने वाले आयोग में काबिल निष्पक्ष नियुक्ति हो। फूलप्रूफ तकनीकी का इस्तेमाल हो। नौकरियों का केन्द्रीय कैलेंडर बने। यूपीएससी की तरह सभी राज्यों की नौकरी का चयन एक एजेंसी करे। इसके साथ ही सरकार को शिक्षा का मतलब नौकरी की सामाजिक सोच को मिटाने। रोजगार के लिए कौशल का विकास करने पर जोर देना चाहिए। भर्ती करने वाले विभाग और परीक्षा लेने वाली कंपनी के बीच तालमेल की कमी है। पेपरलीक समस्या के सुधार से जुड़े लोग विभागों के बीच क्वाडीर्डेशन की कमी को पेपर लीक की बड़ी वजह बनते हैं। नौकरी का एडवांस सालाना कैलेंडर बनना चाहिए। वहीं परीक्षा सेंटर एकांत व असुरक्षित जगह नहीं होना चाहिए।

परीक्षा देने वाले,परीक्षा लेने वाले दोनों ईमानदार हों। चयनकर्ता पर आम लोगों का विश्वास होना चाहिए। नौकरी देने का तरीका पारदर्शी,समयबद्ध होना चाहिए ताकि लोग भरोसा कर सकें। आधार और बायोमैट्रिक्स का ज्यादा इस्तेमाल हो। स्टूडेंट के नाम,रोल नंबर पर कोड आधारित एग्जाम पेपर होने चाहिए।

### एक अदद बस की तलाश में

डॉ. सुरेश कुमार

जब आएगी तब आएगी। आप वहाँ नए बने विश्राम गृह में जाकर बैठिए। थोड़ा राज्य सरकार का विकास कार्य भी तो देखिए। बस यूँ ही बस में बैठे फुर्र हो जायेंगे तो राज्य के विकास के बारे में कैसे पता चलेगा? अरे भैया! आप भी कमाल करते हैं। हमें बस की पड़ी है और आप हमें जबरन विश्राम गृह दिखाने पर तुले हैं। हमें सीधे-सीधे बस के समय की जानकारी क्यों नहीं दे देते। बस काउंटर वाला मन ही मन बड़बड़ाने लगा अगर मैं तुम्हें यह बता दूँ कि बस दो घंटे लेट है तो तुम मुझे इतना गरियाओगे कि हमारी हालत खराब हो जाएगी।। दो मिनट झेंपने के बाद काउंटर वाले ने जैसे-तैसे मुझे विश्राम गृह में बैठने के लिए मना लिया। झक मारकर मैं विश्राम गृह में जाकर बैठ गया। अभी मैं बैठा ही था कि एक बंदा वहाँ आया और कहने लगा भैया! दो दिन से भूखा हूँ। गाँव जाने के लिए भी पैसे नहीं है। इस गरीब की कुछ सहायता कर दो। भगवान आपको बरकत देगा। मुझे उस बंदे से अधिक विश्राम गृह पर गुस्सा आ रहा था। खाक विकास हुआ है। दो-चार टाइल लगाकर एक-दो रिचार्ज प्वाइंट लगाने को विकास कहते हैं? बस अड्डे में कुछ भी बदलाव नहीं आया। पहले भी भिखमंगे भीख माँगने आते थे और आज भी आते हैं। यदि इसी को विकास कहते हैं तो ऐसा विकास सरकार को ही मुबारक। मैंने जैसे-तैसे उस बंदे को वहाँ से भगाया। घुम-फिरकर वह बंदा फिर से मेरे पास आया। इस बार मैंने उसे इतनी जोर से झिड़की दी कि वह अगली बार आने से पहले दो-चार बार अवश्य सोचेगा। बस अड्डे पर बस की प्रतीक्षा करने के बहाने लोग क्या-क्या सीख जाते हैं। संयमता, तपस्या करना, खीझ नियंत्रित करना, गुस्से का पारा अधिक होने पर झिडकी देना आदि-आदि। बस अड्डा न हुआ बहु उद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र हो गया। बैठे-बैठे प्यास लगने लगी। अड्डे से पानी की बोतल खरीदने लगा तो दुकानदार ने किनली के बदले सिनली की बोतल थमा दी। ऊपर से तय कीमत से पाँच रुपए अधिक वसूल रहा था। पूछने पर गुटके की पीक मेरे बगल से दूर थूकते हुए मेरी ओर ताकते हुए कहा देखिए साहब ज्यादा तीन-पाँच मत कीजिए। यहाँ का कानून ऐसा ही है। किनली में के होता है सिनली में सी है।

## न्यूज फ्लैश

### व्यापारियों ने फ्लाईओवर की बंद पड़ी आठ लाइनों को खोलने की मांग

**सोनीपत: देश की राजधानी** में जाने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर है। दिल्ली पुलिस की तरफ से कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर आखिरकार 26 दिन बाद सर्विस रोड को पूरी तरह खोल दिया गया है। दिल्ली पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने पानीपत से दिल्ली मार्ग पर सर्विस रोड की दूसरी लेन को खोलकर राहत दी है। ऐसे में आवागमन के दौरान लग रहे जाम से कुछ राहत मिल सकेगी। वहीं व्यापारियों ने फ्लाईओवर पर बंद हाईवे की आठ लेन को भी खोलने की मांग की है। जिससे पूरी तरह से राहत मिल सके। बता दें कि किसानों के दिल्ली कूच के एलान के बाद पंजाब के किसान 13 फरवरी को अंबाला के शंभू बॉर्डर पर आ डटे थे। वहां उनका सुरक्षा बलों के साथ टकराव हो गया था। जिसके बाद सोनीपत व दिल्ली पुलिस ने कुंडली-सिंघु बॉर्डर को पूरी तरह से सील कर दिया था। बॉर्डर पर अभेद्य किलेबंदी कर सीमेंट की दीवार खड़ी कर दी गई थी। मामला शांत होने पर 24 फरवरी को आंशिक राहत देते हुए कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर सर्विस रोड को खोलने का निर्णय लिया था। जिस पर 26 फरवरी को सर्विस लेन के सामने बनाई गई दीवारों तोड़कर पानीपत-दिल्ली सर्विस रोड पर केवल एक लेन व दिल्ली-पानीपत रोड पर दोनों लेन खोल दी थी। जिससे पानीपत-दिल्ली लेन पर आवागमन करने में कोई बड़ी राहत नहीं मिल पा रही थी। वहां अक्सर जाम लगने लगा था। जिससे वाहन चालक लगातार परेशान थे।

**आचार संहिता लगने के बाद दूसरी लेन खोली-**
जाम की समस्या को लेकर उद्योगपति, क्षेत्रवासी व जिला व्यापार मंडल की तरफ से पानीपत-दिल्ली मार्ग की दूसरी लेन को खोलने की मांग की जा रही थी। वह दिल्ली पुलिस से मांग कर चुके थे कि जाम की स्थिति को देखते हुए सर्विस रोड को पूरी तरह से खोल दिया जाए। साथ ही फ्लाईओवर को भी खोला जाए। हालांकि लंबे समय से कोई सुनवाई नहीं हो सकी। अब लोस चुनाव की आचार संहित लगने के बाद सर्विस लेन पूरी तरह खोलकर लोगों को राहत दी गई है।

भदाना गांव में लगाया गया रक्तदान शिविर

### दुकान पर सामान लेने गए युवक पर हमला कर किया घायल

**सोनीपत: मुरथल थाना क्षेत्र** के गांव उमेदगढ़ में किरायाणा की दुकान से सामान लेने आए युवक पर हमला करने, गाली-गलौच करने व धमकी देने सहित बीच-बचाव करने आए युवक के भाई व चाचा को घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। ईट लगने से घायल युवक के चाचा को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने युवक के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव उमेदगढ़ निवासी इंतजार ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। गत 15 मार्च को वह गांव में संदीप की दुकान पर सामान लेने के लिए गया। सामान लेकर वह बाइक पर बैठाने लगा। उसी दौरान अमित उर्फ शंकर ने उसे पीछे से बीटा मारा। वह मोटरसाइकिल से गिर गया। उसके बाद उस पर बीटों से हमला कर दिया। किसी तरह वह जान बचाकर संदीप की दुकान के अंदर घुस गया। उसने दुकान का शट्र नीचे करके लॉक कर दिया। वह डर के चलते दुकान के अंदर ही रहा। संदीप उसे समझाता रहा, लेकिन वह नहीं माना। उसके बाद उसका भाई दीपक भी आ गया। उसने अपने घर पर फोन किया। उसका चाचा महफूज व छोटा भाई साहिल आ गया। उसनके आते ही शंकर व दीपक ने उसके चाचा व भाई पर ईंटों से हमला कर घायल कर दिया। उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे। जहां चिक्त्सिक ने उसके चाचा को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई वेदवीर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# लोकसभा चुनाव में भाजपा सभी सीटों पर हासिल करेगी जीत : संजय भाटिया

## हुड्डा नींद में भी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के देखते हैं ख्वाब

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। देश में लोकसभा** चुनावों का बिगुल बज चुका है और इसका आगाज हरियाणा में कल होने वाले कार्यक्रम से शुरू हो जाएगा। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 19 मार्च को करनाल लोकसभा के घरोंडा विधानसभा क्षेत्र की नई अनाज मंडी में सुबह 10 बजे पहुंचेंगे। यह जानकारी स्थानीय सांसद संजय भाटिया ने करनाल के रेलवे रोड स्थित प्रेम प्लाजा होटल में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान दी। इस मौके पर विधायक हरविन्द्र कल्याण, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, निवर्तमान मेयर रेणू बाला गुप्ता, बृज गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला मीडिया प्रमुख डा. अशोक कुमार और कार्यालय सचिव पवन वालिया मुख्य रूप से मौजूद रहे। संजय भाटिया ने कहा कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, करनाल लोकसभा से



प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह कोई रैली न होकर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पहली बार उनके लोकसभा क्षेत्र में प्रथम आगमन पर अभिनंदन समारोह है, जिसमें हजारों कार्यकत्रा शामिल होंगें। सांसद ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याण एवं विकास की नीतियों के कारण केंद्र व प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी और भाजपा हरियाणा लोकसभा की दस की दस सीटों पर जीत हासिल करेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई भाई-भतीजावाद नहीं है। पार्टी में किसी भी कार्यकर्ता को उसने काम के बदौलत दायित्व दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने आज तक कभी भी किसी को निराश नहीं किया। जब भी मेरे पास कोई भी व्यक्ति चाहे वह गरीब परिवार से या अमीर हो, वह किसी भी दल या समाज का हो, मैंने उसके काम के लिए अपना बैस्ट दिया है। संजय भाटिया ने कांग्रेस सरकार की भ्रष्ट नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ की राजनीति की है। कांग्रेस की फितरत हमेशा लोगों को आपस में बांटकर शासन करने की है। किसान आंन्दोलन को कांग्रेस की देन बताते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भोले भाले किसानों को उकसा कर उनको आंन्दोलन में झोंक कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम किया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर भडकते हुए सांसद ने कहा कि हुड्डा ने सभी का शोषण किया है और हुड्डा तो सपने में भी अपने नाकाबिल बेटे को भी प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के सपने देख रहे हैं, जो कि प्रदेश की जनता उसके इस सपने को कभी पूरा नहीं होने देगी।

# युवती ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सेक्टर 14** स्थित एक मकान में युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। मकान मालिक अपने परिवार के साथ बाहर गया हुआ। शाम को जब घर पर आए तो और कमरा खोला तो युवती पंखे पर फंदा लगाकर लटकी थी। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवा दिया। बिहार निवासी कृष्ण ने बताया कि उसकी बेटी 18 वर्षीय रीता पिछले करीब 2 साल से सेक्टर-14 में नवीन के घर पर काम करती थी। उसे किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं थी। उन्हें शाम को सूचना मिली की उसकी बेटी की मौत हो चुकी है। जब मौके पर पहुंचे तो उनकी बेटी रीता फंदे पर लटकी हुई थी। युवती के पिता कृष्ण कुमार ने बताया कि उनकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की।

### आर्थिक रूप से कमजोर मरीज को हैल्थ कार्ड की सौगात

**सोनीपत: आर्थिक रूप से** कमजोर मरीजों के लिए हेल्थ कार्ड की महत्वपूर्णता को समझते हुए, डा. रमेश बत्रा ने सोनीपत के बत्रा हार्ट एण्ड लंग इंस्टीट्यूट में निःशुल्क हृदय एवं फेफड़ा जांच शिविर आयोजित किया। इस शिविर में गरीब मरीजों को निःशुल्क हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। कैंप में ईसीजी, कलर डॉप्लर ईको, ब्लड शूगर, रक्त जांच सहित अन्य टेस्टों की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध की गई। मुख्य अतिथि मोहन लाल बडौली राई विधायक और ललित बत्रा, पूर्व वाईस चेयरमैन, हरियाणा सरकार, के साथ ही विशिष्ट अतिथि डा. जय किशोर सिविल सर्जन सोनीपत कार्यक्रम में पहुंचे।

# पैंशनर्ज के जन्मदिवस पर लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा सिविल** पैन्शरज वैल्फेयर एसोसिएशन के मुख्यालय करनाल में मार्च माह में जन्मे पैन्शनरज के जन्म दिवस पर विर्क अस्पताल की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें भारी संख्या में पैन्शनरज उपस्थित रहे। कैम्प का उद्घाटन एसोसिएशन के प्रान्तीय प्रधान एसएल दुरेजा ने किया। यह जानकारी एसोसिएशन के प्रेस सचिव रामप्रकाश शर्मा ने दी। कैम्प में अस्पताल के विशेषज्ञ डा. आशुतोष हड्डी रोग, डा. मोहन लाल गुप्ता नेत्र रोग व डा. सधाना मैडिसन ने लगभग 76 पैन्शनरों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में बीपी, शुगर, पल्स, वजन और हड्डियों की भी



जांच की गई। अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी दर्शन लाल चावला द्वारा निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। एसोसिएशन के महासचिव सुभाष यादव ने मंच का संचालन किया करते हुए एसोसिएशन की गतिविधियों से अवगत करवाया। पैंशनरज में सीपी दुआ 93 वर्ष, विद्याधर शर्मा, केएल नारंग, मोहन लाल, पाले राम, नफे सिंह, जगदीश शर्मा, बलवान सिंह, सुखबीर सिंह का जन्मदिन और एसोसिएशन से जुड़े नये सदस्य कृष्ण कुमार को प्रधान एसएल दुरेजा द्वारा मालाएं डालकर, उपहार देकर व मिठाईयां खिलाकर जन्मदिन मनाया। सतीश मिड्डा व उसकी टीम, उषा उप्पल एवं मोहन लाल द्वारा अपने गीतों द्वारा सभी का मनोरंजन किया गया। शिविर में आए डाक्टरों को स्मृत्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रधान एसएल दुरेजा ने सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने एसोसिएशन द्वारा पैन्शरज की लम्बित मांगों पर सरकार से चल रही कार्यवाही की जानकारी दी। शिविर में मुख्य रुप से एपी कठपालिया, ओएन मलिक, एमएस तंवर, सुरेश खन्ना एडवोकेट, केएल रंगा, सुभाष दुरेजा, अविनाशवंती, शाम सिंह राणा, महेन्द्र नरवाल, वीपी सिंह, ईश्वर दहिया व अन्य मौजूद रहे।

### खेत से वापिस घर लौट रहे किसान से मारपीट कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत**
**कुंडली थाना** क्षेत्र के गांव नाहरी में घर से लौट रहे किसान का रास्ता रोककर मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नाहरी निवासी जोगिंद्र ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है। गत 14 मार्च को करीब 9 बजे अपने खेत में पानी देने के लिए गया था। वह वापिस आ रहा था। रास्ते में गणिश गार्डन नाहरी के पास दुकान पर सामान लेने लग गया। उसी दौरान गांव के मनु व बंटी वहां पर आ गए। उसके साथ बिना किसी बात पर झगड़ा करने लग गए। उसे लात घुसों व सरिए से हमला कर घायल कर दिया। उसे जानर से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन उसे निजी अस्पताल में लेकर आ गए। जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी एचसी राकेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## हेमवती नदंन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: उत्तर-प्रदेश के** भूतपूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नदंन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर सेक्टर 15 सोनीपत मे क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन हेमवती नदंन बहुगुणा स्मृति समिती हरियाणा उपाध्यक्ष पं. परशुराम गौड ने करवाया । जिसमे मुख्य अतिथि के रुप मे पुर्व केबिनेट मंत्री श्रीमति कविता जैन हरियाणा सरकार ने शिरकत की। प्रतियोगिता मे प्रथम विजेता टीम को 5100 ओर द्वितीय टीम को 3100 ओर तृतीय टीम को 2100 राशि के ईनाम वितरीत किए गए। इस



अवसर पर कविता जैन ने आयोजक समिति को धन्यवाद करते हुए बताया कि हेमवती नदंन बहुगुणा जी महान स्वतन्त्रता सैनानी थे। संघर्ष भरे जीवन मे बहुत उतार-चढ़ाव के बावजूद श्री हेमवती नंदन बहुगुणा जी लोकनायक बने व लोगो के दिलो पर राज किया। पं. परशुराम गौड ने बताया कि हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिती द्वारा हर वर्ष श्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर खेल प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाती है। इस अवसर पर शिव दिक्षित, श्री भगवान लठवाल, रविन्द्र सैनी, मोनू, सत्या ठाकुर, पारस शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## अवैध हथियारों सहित गिरफ्तासर, अदालत में पेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिला एसएजी (सीआईए-2) टीम** ने अवैध हथियारों सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित समन उर्फ लीलू निवासी बलि कुतुबपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां सेउसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक नवीन कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान डबल नहर पुल गांव कुतुबपुर की सीमा में मौजूद थी। उसी दौध्रान सूचना मिली कि एक युवक नहर पुल की तरफ आने वाले है। उसके पास हथियार है। टीम ने नाकेबंदी करके युवक को काबू कर लिया। उसके पास तलाशी के दौरान अवैध देशी पिस्तौल बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त हथियार को उसने प्रदीप उर्फ लंबू निवासी सिटावली से चालीस हजार रुपये में लिया था।

# तेज रफ्तार कार डिवाइडर में टकराई, हादसे में एलएलबी के छात्र की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44** पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। कार में सवार एलएलबी का छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने उसके दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिद्धा कॉलोनी पंजाबी बाग दिल्ली निवासी मोहन बहादुर ने बताया कि उसके पास दो बच्चे थे। जिनमें एक लड़की व एक लड़का था। उसका बेटा रोहित कुमार (30) दिल्ली यूनिवर्सिटी में एलएलबी का छात्र था। उसका बेटा रोहित कुमार अपने दोस्त मधुसुदन उर्फ केशव निवासी लक्ष्मी नगर दिल्ली के साथ मुरथल खाना खाने के लिए गया था। देर रात 10 बजे उसके पास बेटे रोहित का फोन आया था कि वह मधुसुदन के साथ मुरथल आया हुआ है। मधुसुदन कार को तेज गति से चला रहा है। मोहन बहादुर का कहना है कि उसने अपने बेटे रोहित के फोन से मधुसुदन को समझाया था कि आराम से खाना खाकर घर आ जाओ। सुबह चार बजे उसके बेटे रोहित के फोन से मधुसुदन ने उसे बताया कि हमारी कार का एक्सीडेंट हो गया है। उसके बेटे रोहित को मुरथल रोड स्थित पार्क निदान अस्पताल में पहुंचाया गया है। जब वह परिवार वालों के साथ पार्क निदान अस्पताल में पहुंचा तो उसके बेटे की मौत हो चुकी थी। मधुसुदन ने उसे बताया कि उनकी कार बहालगढ़ फ्लाईओवर पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई थी।

### भदाना गांव में लगाया गया रक्तदान शिविर

**सोनीपत: आस्था हेल्पिंग हैंड** फाउंडेशन के द्वारा रविवार गांव भदाना में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया । इस कैंप में सरकारी अस्पताल के ब्लड बैंक से डॉक्टर भानू शर्मा की टीम ने रक्त संग्रह किया । इस रक्तदान शिविर में 46 यूनिट रक्तदान हुआ। इस अवसर पर संस्था के सदस्य राहुल दहिया एवम कुलदीप राजपूत ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है ओर रक्तदान करके हम किसी की जिंदगी को बचा सकते है। इस दौरान डॉक्टर भानू शर्मा ने युवाओं को रक्तदान करने के फायदे बताए।

# करनाल में आज होगा पूर्व सीएम का स्वागत समारोह

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के हलका** घरौंडा की नई अनाज मंडी में मंगलवार को हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल के लिए स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुख्य अतिथि के रूप से शिरकत करेंगे। साथ ही नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। स्वागत समारोह को लेकर कार्यकत्राओं में भी जोश है और तैयारियां भी जोरों पर है। घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण सहित सांसद संजय भाटिया, जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, संगठन मंत्री फनींद्रनाथ शर्मा व सचिव अर्चना गुप्ता ने कार्यक्रम स्थल का जायजा



लिया और संबंधित अधिकारियों व पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि पूर्व सीएम मनोहर लाल ने सवा 9 साल तक प्रदेश की जनता की सेवा की है और अब करनाल लोकसभा से उनको प्रत्याशी बनाया गया है। ऐसे में कहीं न कहीं हमारे लिए है सम्मान की बात है। जिसके लिए लोकसभा स्तर पर एक भव्य स्वागत समारोह रखा गया है। कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकर्ता और लोकसभा क्षेत्र के लोग शामिल होंगे। लोकसभा चुनाव के साथ ही करनाल विधानसभा का उपचुनाव होगा, जहां से नायब सैनी 25 मई को चुनाव लड़ेंगे। नायब सैनी का यह पहला टेस्ट है, इस पर विधायक ने कहा कि नायब सैनी भी हर परीक्षा में पास होंगे। जो सुशासन की नींव पूर्व सीएम मनोहर लाल ने रखी थी और व्यवस्थाओं को सुधारने का काम किया। उन्होंने विकास के साथ-साथ गरीब आदमी की भी चिंता की और इन सभी कार्यो को आगे बढ़ाने का काम नायब सैनी करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हेलीकॉप्टर से मंडी में आयोजित कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे। डीएसपी मनोज कुमार ने अपनी टीम के साथ हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

# सांसद भाटिया के हाथों हर घर हर्बल-100 घर नैनो हर्बल गार्डन मुहीम का हुआ शुभारंभ

**कमाल हुसैन**
**पानीपत: पानीपत** के ग्रीन मैन के नाम से प्रसिद्ध देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इतिहास विभाग में कार्यरत ग्रीन मैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने अपने पैतृक गांव बैंसी में " हर घर हर्बल - 100 घर हर्बल नैनो गार्डन-2024 " के अंतर्गत भारतीय सेना के पूर्व इंस्पेक्टर भीम सिंह फौजी को 12 हर्बल पौधे भेट करके घर में नैनो हर्बल गार्डन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि 20 फरवरी, 2024 को करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया के हाथों हर घर हर्बल- 100 घर नैनो हर्बल गार्डन मुहीम का शुभारंभ करवाया गया। हर घर हर्बल



अभियान कि इसी कड़ी में सिटी मजिस्ट्रेट पानीपत मैडम टीनू , आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत के प्रिंसिपल डॉ जगदीश गुप्ता, एस. डी.एम पानीपत मनदीप सिंह,डॉ मुकेश अग्रवाल रेडक्रॉस चंडीगढ़, गौरव रामकरण सचिव रेडक्रॉस पानीपत, विनोद छौक्कर रेडक्रॉस, अजय बोहत पी.आर. ओ गीता विश्वविद्यालय नौल्था एसोसिएट प्रोफेसर डॉ धर्मबीर सिंह इतिहास विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, दिनेश सिंह राणा निदेशक रेडक्रॉस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को घर में नैनो हर्बल गार्डन स्थापित करने के लिए औषधीय पौधे भेट किए गए वही 12वें " हर घर नैनो-हर्बल गार्डन" के तहत भीम सिंह फौजी को एडवोकेट नरेंद्र कुमार के सहयोग से कपूर, केदार, बद्री, स्टीविया, रामा, श्यामा सहित छः प्रकार की तुलसी, दो प्रकार की इंसुलिन, इलाइची, रोज मैरी, अश्वगंधा, सुख-शांति आदि के 12 पौधे भेट में दिए।

प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि मेरा उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगो को पर्यावरण संरक्षण अभियान से जोड़कर प्राचीन भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति व दादी-नानी के घरेलू नुस्खों से जोड़ना है।फौजी भीम सिंह ने कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक पौधे रोपित करके मानवता की सेवा करनी चाहिए।

# हायर ने इनोवेटिंग 'इन इंडिया, फॉर इंडिया' के 20 सालों का जश्न मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** लगातार 15 सालों से नंबर 1 ग्लोबल मेजर अप्लायन्सेज ब्राण्ड हायर अप्लायन्सेज इंडिया ने भारत में अपनी स्थापना की 20वीं सालगिरह का जश्न मनाया। यह उपलब्धि उपभोक्ताओं के लिए इनोवेशन तथा ह्यमेक इन इंडियाह्ल एवं ह्यमेड फॉर इंडियाह्ल के लिए हायर की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस अवसर पर हायर इंडिया ने ओएलईडी और क्यूएलईडी टीवी, सुपर हैवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर सीरीज, किनॉची ब्लैक एयर कंडीशनर, वॉग एवं स्मार्ट



कन्वर्टीबल रेफ्रीजरेटर्स, वॉशर और ड्रायर फ्रंट लोड मशीन, कमर्शियल रेफ्रीजरेशन सोल्युशन्स एवं कमर्शियल एयर कंडीशनर्स के लॉन्च के साथ अपनी प्रोडक्ट रेंज का विस्तार किया है। भारतीय घरों के लिए बनाए गए स्मार्ट प्रोडक्ट्स के माध्यम से उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए हायर इंडिया ने स्मार्ट इनोवेशन्स की रेंज का अनावरण भी किया है, जिसमें रोबो-वैक्यूम क्लीनर्स, स्मार्ट किचन अप्लायन्सेज, माइक्रोवेव, वॉटर हीटर आदि शामिल हैं। हायर इंडिया की 20वीं सालगिरह के अवसर पर श्री एनएस सतीश, प्रेजीडेन्ट, हायर अप्लायन्सेज इंडिया ने कहा, ह्यह्यआज का समय हायर इंडिया के लिए बेहद खास है, जब हम भारत में अपनी 20वीं सालगिरह का जश्न मना रहे हैं।

# 'मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पिपली चौक पर होगा भव्य स्वागत'

## पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा घरौंडा के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे

दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र भाजपा लोकसभा कार्यालय पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुरुक्षेत्र में स्वागत को लेकर भाजपा पदधिकारियों की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रवि बतान ने की। बैठक को पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी, जिला प्रभारी जगमोहन आनंद व थानेसर विधायक सुभाष सुधा ने सम्बोधित किया। बैठक का आरंभ भारत माता, डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प० दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पमाला अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर हुआ। पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा घरौंडा के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी पंचकूला से घरौंडा पहुँचेगे।



जिनका शाहाबाद पहुँचने पर हमारे (पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी की टीम) द्वारा उनका स्वागत किया जायेगा और पिपली चौक पहुँचने पर जिला अध्यक्ष रवि बतान व थानेसर विधायक सुभाष सुधा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया जायेगा। और कल का ये कार्यकर्म एक विशाल रैली का रूप लेगा। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र भाजपा के जिला पदाधिकारि व कार्यकर्त्ता भी मौजूद रहेंगे। जिला अध्यक्ष रवि बतान ने सभी जिला पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओ को अधिक से अधिक संख्या मे पहुँच कर रैली का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी, एडवोकेट धुम्मन सिंह किरमिच, जिला परिषद चेयरमेंन कंवलजीत कौर, बीबी करतार कौर, रविन्द्र सांगवांन, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, फूल सिंह पाल, राजेन्द्र बाखली, रोशन बेदी, लाड्डी पाल, विकास शर्मा, अनु माल्यान, रेनू खुग्गर, हैरी सैनी, जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स, सह मीडिया प्रमुख दिवाकर, मण्डल अध्यक्ष दीपक चौहान, हरीश अरोड़ा, रमेश सैनी, रजनीश खासपुर, राहुल शर्मा, ललित माट्टा आदि अन्य पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**प्रेरित**

**8 पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या मे पहुँच कर रैली का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया**

# नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** एटलस रोड पर एक निजी होटल में आयोजित माइलस्टोन जूनियर्स प्रिप्रेटरी स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन एवं पार्षद इन्दु वलेचा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

माइलस्टोन जूनियर्स प्रिप्रेटरी स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव के अवसर पर कविता जैन ने कहा कि बच्चों की नींव मजबूत करने के लिए प्रिप्रेटरी स्कूलों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत, अनुशासन, लगन और समर्पण बेहद जरूरी है। बेबी शो का आयोजन में स्कूल के



सभी बच्चों ने ग्रुप डान्स, सोलो डान्स आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि कविता जैन भी खुद को बच्चों के साथ थिरकने से रोक ना पाई।

विशिष्ट अतिथि राजीव जैन ने बच्चों को प्रतीक चिह्न एवं सर्टिफिकेट देकर आशीर्वाद दिया। स्कूल संचालक अमित जैन ने बताया कि बेबी शो में बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें 3 महीने की बच्ची कायरा आकर्षण का केंद्र रही और पिछले 15 वर्षों के इतिहास में सबसे कम उम्र की प्रतिभागी रही है।

प्री प्राइमरी के फाइनल ईयर के बच्चों की ग्रेजुएशन सेरेमनी में बच्चे बहुत उत्साहित दिखाई दिये। कार्यक्रम में स्कूल के स्टाफ से आरती, लक्ष्मी, पूजा तनेजा, भावना, मोनिका, शकुंतला, कोमल, अरुण गोस्वामी और योगेश दहिया शामिल रहे।

# विधायक ने किया फर्स्ट कराई इनटेलीटोटस प्रीस्कूल का उद्घाटन



दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** विधायक सुभाष सुधा ने कुरुक्षेत्र के ज्योति नगर में स्थित फर्स्ट कराई इनटेलीटोटस प्रीस्कूल का उद्घाटन किया व स्कूल की पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी। विधायक द्वारा 500 दर्शकों व बच्चों के माता-पिता व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा की होनहार बच्चे देश का भविष्य होते हैं। विधायक ने कहा कि कुरुक्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह पहला स्कूल है व बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से भी सभी नियमों को पूरा करता है। कार्यक्रम में 100 बच्चों व उनके माता-पिता ने एक्टिविटीज में भाग लिया और विधायक जी के सुपुत्र श्री साहिल सुधा ने कार्यक्रम के अंत में बच्चों को व माता-पिता को सम्मानित किया । कार्यक्रम के विशेष आकर्षण का केंद्र लिटिल स्टार मायरा,भूविका, आयान, हरगुण, रेहान, तनुष, अक्षज ,वैभव ,युवान , सावी, शानवी,दिहर आदि रहे। इस अवसर पर श्रीमती स्वीटी कौशिक, संचालक,जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी श्री विनोद कौशिक जी, डा रमेश सिरोही सहायक निदेशक विधि विभाग ,केयूके, डॉ सुनीता देवी, सहायक प्रोफेसर, संजय कौशिक जी, तरसेम कौशिक जी, पवन मित्तल जिला कोऑर्डिनेटर सेवा ट्रस्ट यूके, दीपक चौहान , पुनीत पंडित,केवल कृष्ण व थानेसर के गण मान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**सुविधायुक्त**

**8 विधायक ने कहा कि कुरुक्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह पहला स्कूल है**

# नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र नए बस अड्डे पर चालक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 108 प्रशिक्षुओं को नशे के विरुद्ध विस्तार पूर्वक जागरूक किया गया। चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित नशे पर प्रतिबंध लगाया गया है तो यह नशा कहाँ से, क्यों, कैसे और किसके लिए आ रहा है। यह विचार योग्य है। इस प्रश्न का



उत्तर देते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने स्वतंत्रता से पूर्व के भारत और स्वतंत्रता के पश्चात के भारत पर चर्चा करते हुए बताया कि भारत सदियों से विदेशियों के आकर्षण का केंद्र बिन्दु रहा है। यही कारण है कि स्वतंत्रता के पश्चात भी भारत पर उनके बार आक्रमण हुए हैं। आज भारत की युवा पीढ़ी को नशे की लत में डालकर उन्हें शिकार बनाया जा रहा है जो कदापि स्वीकार नहीं है। हरियाणा सरकार द्वारा नशा मुक्त हरियाणा के आशय से 25 अगस्त 2020 को हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का गठन किया गया है। हरियाणा पुलिस और ब्यूरो द्वारा पिछले वर्ष नशा तस्करों के विरुद्ध 3823 अभियोग अंकित कर 5460 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। इतना ही नहीं 86 नशा तस्करों की संपत्तियां जब्त कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा गया है।

इसके साथ ही भारत सरकार और हरियाणा सरकार नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रमों से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक कर रही है। उन्होंने कविताओं के माध्यम से भी युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से परिचित कराया और बताया कि यह किस प्रकार परिवार और समाज के साथ साथ राष्ट्र के लिए घातक है।

**नश के विरुद्ध**

**8 नए बस अड्डे पर चालक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 108 प्रशिक्षुओं को नशे के विरुद्ध विस्तार पूर्वक जागरूक किया**

# जिला निर्वाचन अधिकारी करेंगे चुनाव नोडल अफसरों के साथ बैठक

कमाल हुसैन

**पानीपत:** जिला निर्वाचन कार्यालय तहसीलदार (चुनाव) सुदेश राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्वक कराने को लेकर जिला प्रशासन सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर चुका है। उन्होंने बताया कि किन-किन अधिकारियों की चुनाव में क्या जिम्मेदारी रहेगी इस पर मंगलवार को 11.30 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया सभी नोडल अधिकारियों को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में बैठक कर चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत करायेंगे।

# श्याम भक्तों की सुविधा के लिए रेलवे रोड से हटवाया अतिक्रमण

समालखा ( कुलदीप सिंह )

**चुलकाना** धाम पर आयोजित होने वाले श्रीश्याम फाल्गुनोत्सव को लेकर समालखा ट्रैफिक पुलिस ने रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सोमवार को समालखा ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज राम कुमार ने अपनी पुलिस टीम को लेकर रेलवे रोड पर पहुंचे और दुकानदारों के सामने हाथ जोड़कर फुटपाथ से आगे सड़क पर रखे सामान को हटवाया। रेलवे स्टेशन से लेकर पुराने बस अड्डा तक बाजार को खाली करवाया। ट्रैफिक सिटी इंचार्ज राम कुमार ने बताया कि 20-21 मार्च को चुलकाना धाम पर



श्रीश्याम बाबा का फाल्गुन उत्सव मनाया जा रहा है जिसमें शिरकत करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालगण बाबा के दर्शन करने पहुंचेंगे। श्याम भक्तो को किसी प्रकार से असुविधा न हो इसके लिए रेलवे रोड के बाजार से अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदारों से आग्रह किया गया है। उन्होंने चेतावनी भी दी ओर कहा कि अगर दुकानदारों ने स्वयं सामान नहीं हटाया तो नगर पालिका को साथ लेकर चालान भी काटे जायेंगे।

**अभियान**

**8 फाल्गुनोत्सव को लेकर समालखा ट्रैफिक पुलिस ने रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया**

# आर्य कॉलेज की दिव्या ने जीता 1600 रुपए का नगद पुरस्कार



कमाल हुसैन

**पानीपत:** अगरकल संस्था,करनाल द्वारा गुरुनानक खालसा कॉलेज करनाल में राज्यस्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें राज्य आर्य कॉलेज की छात्रा दिव्या ने शानदार प्रदर्शन 1600 रुपए का नकद पुरस्कार जीतकर कॉलेज नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने दिव्या का कॉलेज प्रांगण में पहुचने स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। डॉ. गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए मंच तो मिलता ही है साथ ही उन्हें नया सीखने के साथ-साथ और अच्छा करने की प्रेरणा भी मिलती है। साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आर्य कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी यतिन ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित युवा पार्लियामेंट में हिस्सा लेकर पहला स्थान हासिल किया जो कि पूरे आर्य कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि यतिन ने 4 वर्ष पहले आर्य कॉलेज में पढ़ते समय भी युवा पार्लियामेंट में भाग लिया था और तीसरा स्थान हासिल किया था। यतिन ने इस वर्ष और ज्यादा मेहनत करते हुए वर्ष 2024 में आयोजित हुई युवा पार्लियामेंट में पहला स्थान प्राप्त कर दो लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र जीतकर आर्य कॉलेज के साथ साथ अपने ज़िले पानीपत व राज्य का भी नाम रोशन किया है।

**नाम रोशन किया**

**8 छात्रा दिव्या ने शानदार प्रदर्शन 1600 रुपए का नकद पुरस्कार जीतकर कॉलेज नाम रोशन किया**

# 'गेहूं के सीजन को लेकर मार्किट कमेटी के इंतजाम अधूरे'

**शिविर**

**8 अनाज मंडी की समस्यायों का समाधान करना एक्सईन के हाथ में है हम तो आपके मीडियेटर है**

समालखा ( कुलदीप सिंह )

**जितना** मेरे हाथ में है उसमें कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगी। अनाज मंडी की समस्यायों का समाधान करना एक्सईन के हाथ में है हम तो आपके मीडियेटर है। यह कहना है समालखा मार्किट कमेटी की सचिव सविता जैन का,वह अनाज मंडी की समस्याएं लेकर मार्किट कमेटी



कार्यालय में आए आढती एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से बात कर रही थी।

सोमवार को नई अनाज मंडी आढती एसोसिएशन के प्रधान बलजीत सिंह रूहल के नेतृत्व में आढ़तियों का प्रतिनिधिमंडल मार्किट कमेटी सचिव सविता जैन से मिलने पहुंचा। उन्होंने कहा कि गेहूं का सीजन शुरू होने में सिर्फ दस दिन का समय रह गया है लेकिन मार्केटिंग बोर्ड के इंतजाम अभी अधूरे हैं।

मंडी में एक सैड की छत उतार कर रख दी है। एक महीने में अभी तक लोहे की चदर तक नहीं डाली गई है जबकि मार्केटिंग बोर्ड की तरफ से गेहूं के सीजन को लेकर आढ़तियों को तिरपाल आदि की तैयारी करने को कहा गया है। आढती एसोसिएशन के प्रधान बलजीत सिंह ने मंडी में किसानों को सरसों के भाव को लेकर भी रोष जताते हुए कहा कि सरकार की तरफ से सरसों का भाव 56500 रूपए निर्धारित किया गया है लेकिन समालखा मंडी में किसान 4800-4900 के भाव बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को इस तरह ध्यान देना चाहिए। इस संदर्भ में मार्किट कमेटी सचिव सविता जैन ने कहा कि गेहूं के सीजन शुरू होने से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जायेगी।

# आदर्श आचार संहिता का पालन करें: जिला निर्वाचन अधिकारी

कमाल हुसैन

**पानीपत:** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को आम चुनाव 2024 की घोषणा करते ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। लोकतंत्र के इस महापर्व में भारतीय चुनाव आयोग द्वारा तय की गई नियमावली के अनुसार चुनावी प्रक्रिया में भागीदार बनें और देश के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि प्रशासन द्वारा पूरी चुनावी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से पूरी की जाएगी। डीसी ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित और आदर्श आचार संहिता की विस्तृत जानकारी भारतीय निर्वाचन आयोग की वेबसाइट ईसीआईडॉटजीओवीडॉटआईएन पर उपलब्ध हैं

**भागीदार**

**8 भारतीय चुनाव आयोग द्वारा तय की गई नियमावली के अनुसार चुनावी प्रक्रिया में भागीदार बनें**

# 'पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी ऊंट के मुंह में जीरे के समान'

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार:** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल की कीमतों में मामूली 2 रुपए की कटौती पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झोरड़ खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद झोरड़ ने कहा कि पिछले कई वर्षो से लगातार पैट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही थी अब लोकसभा चुनाव को देखकर जो दाम घटाए हैं वोह ऊँट के मुँह में जीरे के समान है। उन्होंने कहा है कि तेल के दाम दो रुपए घटा कर केंद्र सरकार जनता को गुमराह कर रही है। क्योंकि कच्चे तेल की कीमतें काफी कम है और उसके अनुसार रेट अभी भी काफी ज्यादा है। महंगाई सिर चढ़ कर बोल रही है पर सरकार की तरफ से लोगों को राहत देने की बजाय उनके साथ भद्दा मजाक किया गया है। उन्होंने बताया कि सितंबर 2014 में क्रूड ऑयल का रेट 96.96 डॉलर प्रति बैरल थी और पेट्रोल का रेट 68 रुपए प्रति लीटर था। जबकि मौजूदा समय में क्रूड ऑयल की कीमत 78 डॉलर है और पेट्रोल 97 रुपए प्रति लीटर है। मंहगाई से लोग परेशान है, लेकिन सरकार को लोगों की पीड़ा दिखाई नहीं दे रही।

डीजल-पेट्रोल के रेट सरकार की ओर से कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए आनन-फानन में बढ़ाए गए थे। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार के शासनकाल में कभी-कभार ही 1 से दो रुपए लीटर पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ाए जाते थे।

# 'इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से देश का काला धन भाजपा की तिजोरियों में बंद'

## पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अर्जुन नगर में जनसभा कर कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार कर आमजन को पार्टी के साथ जोड़ा गया

कमाल हुसैन

**पानीपत:** कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व जननायक राहुल गांधी के सन्देश को जन जन तक पहुचाने के लिये कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखण्ड प्रभारी सभी वर्गों की लोकप्रिय नेता बहन कुमारी शैलजा के दिशा निर्देशानुसार अपने जन सम्पर्क को आगे बढ़ाते हुए पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अर्जुन नगर में एक जनसभा का आयोजन कर घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत पार्टी की नीतियों से उपस्थित कॉलोनीवासियों अवगत कराया गया। जनसभा मे बतौर मुख्यातिथि प्रदेश कांग्रेस घोषणा पत्र कमेटी के सदस्य व समाजसेवी ओमवीर सिंह पंवार का पहुचने पर कॉलोनी के उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने फूलमालाओं से गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया गया । उपस्थित



कॉलोनीवासियों को सम्बोधित करते हुए ओमवीर सिंह पंवार भाजपा सरकार की प्रहार करते हुए कहा कि आज जो पार्टी अपने आप को देशभक्त व ईमानदार होने ढ़िढोरा पीटकर जनता को गुमराह करने लगी हुई है उसका इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से लिया गया भारी भरकम चंदा इस बात का सबूत है देश का काला धन भाजपा की तिजोरियों में बंद है ओर लिये गये भारी भरकम चंदे के बदले उन कम्पनियों को फायदा पहुचने काम मोदी सरकार ने किया है पवार ने कहा यहां भाजपा देशभक्ति का ढ़िढोरा पीटती है वही आतंकवादियों द्वारा पुलवामा में सेना पर हुए हमले में शहीद 40 जवान के कुछ दिनों बाद पाकिस्तानी कम्पनी से भाजपा ने चंदा लिया गया जोकि बहुत ही शर्मनाक बात है । उन्होंने कहा कि आज सविधान भी खतरे में है अगर सविधान को बचाना है तो अपनी वोट की चोट से झूठे व जुमले फेकने वाली भाजपा को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है ।

इस सरदार मलकीत सिंह, जिला कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के चेयरमैन सुभाष तंवर, रामदत्त पाल, राजकुमार कटारिया, कुलवंत सिंह, विकास कर्ण, कृष्ण लाल कश्यप, मंगल सिंह, अनिल शर्मा, हरदयाल सिंह, प्रदीप कुमार, विकास अग्रवाल, मदन शर्मा, सोमदत्त शर्मा, मोहित पाल, प्रदीप चौहान, गुरदीप सिंह, सुभाष चौहान, लाभ सिंह, नीटू सैनी आदि मुख्यरूप से काफी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद थे ।

**साधा निशाना**

**8 ओमवीर सिंह पंवार का पहुचने पर कॉलोनी के उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने फूलमालाओं से गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया**

# 'विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों का है विशेष महत्व'

## नेशनल स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से किया गया एईओ स्पोर्ट्स जगवीर मलिक का नागरिक अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सोनीपत के सहायक** शिक्षा अधिकारी खेल (एईओ स्पोर्ट्स) जगवीर मलिक ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों का विशेष महत्व है। छात्र-छात्राओं को भी खेलों का महत्व समझकर स्कूली स्तर से ही तैयारियां शुरू करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जमीनी स्तर के एथलीटों को एक मंच प्रदान करने तथा संपूर्ण भारत में खेल के बुनियादी ढांचे का निर्माण करने के लिये खेलो इंडिया शुरू किया था, जिसके परिणामस्वरूप भारत एक खेल राष्ट्र में परिवर्तित हो रहा है। व्यापक स्तर पर भागीदारी और खेलों में उत्कृष्टता बढ़ाने के दोहरे उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।



उन्होंने कहा कि सोनीपत जिले में भी स्कूली स्तर पर खिलाड़ियों को हर संभव सुविधाएं मुहैया करवाने का पूरा प्रयास करेंगे। वे देवड़ू बाईपास पर नेशनल स्पोर्ट्स क्लब के क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों, कोच व अभिभावकों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर नेशनल स्पोर्ट्स क्लब के चेयरमैन प्रदीप शर्मा व क्रिकेट कोच रविंद्र मलिक के नेतृत्व में एईओ स्पोर्ट्स जगवीर मलिक का नागरिक अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर जगवीर मलिक ने कहा कि खेल टीम वर्क, सहयोग और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। मैदान पर जीत और हार का सामना करना छात्रों को लचीलापन, खेल कौशल और सफलता और विफलता को शालीनता से संभालने की सीख देता है। चाहे टीम के कप्तान हों या रणनीतिकार, छात्र सीखते हैं कि दबाव में महत्वपूर्ण निर्णय कैसे लें, अपने कार्यों की जिम्मेदारी लें और उदाहरण के साथ नेतृत्व करें। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा छात्रों को ईमानदारी के साथ प्रतिस्पर्धा करना, विरोधियों का सम्मान करना और खेल के नियमों को सिखाती है। उन्होंने भरोसा जताया कि पेरिस ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ी व खास तौर पर हरियाणा के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर अपना परचम लहरायेंगे। कार्यक्रम के दौरान नेशनल स्पोर्ट्स क्लब के चेयरमैन प्रदीप शर्मा व क्रिकेट कोच रविंद्र मलिक ने एईओ स्पोर्ट्स जगवीर मलिक का फूलमालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल से संदीप हुड्डा व खेल इंचार्ज संजीत, हिंदू स्कूल से ताइक्वांडो कोच राजकुमार, साहिल गुप्ता, फुटबॉल कोच मंजीत, विनोद, कपिल दहिया, सुनील आंतिल, विकास, कृष्ण, राजकुमार,आदित्य राठी, जितेंद्र सरदाना, बिजेंद्र राणा, गौरव चौहान, साहिल कटारिया, कुंवरजीत, हरसिमरन, सरपंच बढ़खालसा राकेश सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी व अभिभावक गण भी मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकाल में ग्रामीणों के लिए सुविधाएं केवल औपचारिकता : संजय

**टीम एक्शन इंडिया**

**राईः राई हलके के** गांव पबसरा में कांग्रेस नेता एवं एडवोकेट संजय आंतिल खेवड़ा ने ग्रामीणों को संबोधित किया। आंतिल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता को मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भाजपा का ध्यान नही है। गांव के लोगों को पेयजल भी उपल्बध नही हो रहा है। पूरे गांव में एक ही टयूबवैल लगा है वह केवल औपचारिकता पूरी है। पेयजल को लोग तरसते है। कांग्रेस नेता संजय आंतिल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के कार्यकाल में ग्रामीणों को पूरी सुविधाएं आसानी से उपल्बध होती थी। आज गांव के लोग सुविधाओं के लिए तरस रहे है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वाशन दिया कि कांग्रेस सरकार आने पर बिजली पानी, प्लाट राशन आदि जरूरतों को पहले कार्यकाल की तरह प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा में पार्टी जिस भी प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारे, हमें उसका सहयोग करना है।



उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस की लोकसभा चुनावों में भारी जीत होगी। प्रदेश में कांग्रेस के समर्थन में लहर है। कांग्रेस कार्यकाल की नीतियों की आज भी प्रदेश की जनता सराहना कर रही है। इस मौके पर पंकज प्रधान, प्रेम, डा.सुभाष, रामवती, रोशन, सुरेश ,दीपक दहिया, नवीन शमी आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा आम चुनाव को लेकर सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने ली अधिकारियों की बैठक



**गन्नौरः एसडीएम एवं** सहायक रिटर्निंग अधिकारी डा. निर्मल नागर ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव के लिए अधिकारी गंभीरता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी चुनाव नियमों का अच्छी प्रकार से अध्ययन करें और जिला में आदर्श आचार संहिता का पालन करवाएं। सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में लोकसभा आम चुनाव को लेकर चुनाव से संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार जिला में विभिन्न टीमें गठित की गई है। इनमें फ्लाइंग स्क्वायड टीम, वीडियो सर्विलेंस टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम तथा वीडियो वीविंग टीम शामिल हैं। सभी टीमें आपसी तालमेल के साथ कार्य करें ताकि चुनाव के दौरान कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो सके। उन्होंने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के तहत गाडियों में निर्धारित सीमा से अधिक नकदी या शराब आदि को भी जब्त करते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने में देरी ना करे। सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की। डा. निर्मल नागर ने कहा कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है, जिसके द्दष्टिगत सभी राजनीतिक दलों की निर्वाचन व्यय की निगरानी भी शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सभी दल चुनावी रैली और अन्य गतिविधियों को संचालित करें। सरकारी, सार्वजनिक व धार्मिक स्थानों पर बैनर पोस्टर नहीं लगाए जाएंगे। निजी भवनों के भवन स्वामियों से अनुमति लेना आवश्यक होगा। रात के 10 बजे से सुबह छह बजे के बीच लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित है। चुनाव रैली, जुलूस, प्रदर्शन एवं जनसभाएं शांतिपूर्ण माहौल में अनुमति लेकर कराई जाए। इस मौके पर एसीपी गौरखपाल राणा, तहसीलदार सुमनलता, नायब तहसीलदार गजे सिंह, निर्वाचन कानूगो पूजा, बीडीपीओ पूनम चंदा सहित एफएसटी व एसएसटी टीमों के ड्यूटी मैजिस्ट्रेट अधिकारियों ने भाग लिया।

### लोकसभा चुनाव को लेकर जजपा ने पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ किया मंथन



**गन्नौर। लोकसभा चुनाव** को लेकर जननायक जनता पार्टी ने सोमवार को गन्नौर पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मंथन किया। इस दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष राजसिंह दहिया ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और चुनाव को लेकर रणनीति बनाई। जिलाध्यक्ष ने सोनीपत में लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का मन टटोला। जिसके बाद पदाधिरियों ने लोकसभा चुनाव बारे अपने आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का फैसला सर्वमान्य होगा। वह पार्टी को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जिलाध्यक्ष राजसिंह दहिया ने कहा कि पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए दो महीने से ज्यादा का समय मिला है। पार्टी जिसे भी उम्मीदवार बनाएगी उसके लिए मेहनत कर पार्टी के उम्मीदवारों को लोकसभा में भेजें, ताकि संसद में हरियाणा के हितों की आवाज उठाई जा सके। इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष रजनी मलिक, पार्टी के ब्लाकाध्यक्ष अनिल त्यागी, वरिष्ठ जजपा नेता सियानंद त्यागी, भानेराम, मांगेराम त्यागी, सहित कई पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### टूटे फर्श को ठीक कर सफाई के सचिव ने दिए निर्देश

**मंडीः** शैड के पास फर्स को ठीक करने के बाद उखाड़े गए कूड़े को उठाने के आदेश दिए। सचिव दीपक सुहाग ने बताया कि अनाज मंडी में सरसों की आवक शुरू हो गई है। प्रतिदिन आवक के आकड़े बढ़ रहे है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि अगर मंडी में आने के बाद कोई किसान को दिक्कत आए तो वे उन्हें अवगत करवाए। किसानों की समस्या का प्राथमिकता से समाधान करवाया जाएगा।

# 'दंगल से ग्रामीण पहलवानों को प्रतिभा का जौहर दिखाने का मिलता मौका'

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः गांव तेवड़ी स्थित बाबा** हुकमी नाथ डेरा पर सोमवार को नौंवी के दिन विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास व दूरदराज से करीब 150 पहलवानों ने अपना दमखम दिखाकर दर्शकों से तालियां बटोरी। गामड़ा के पहलवान अंकुश ने उद्देशीपुर के पहलवान युद्धवीर को पटखनी देकर पहला इनाम जीता। बतौर मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे मन्नत ग्रुप आफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने पहलवानों को इनाम देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। इससे पहले ग्रामीणों ने वीरेंद्र कादियान का फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और समापन पर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



इस दौरान डेरा पर विशाल भंडारा लगाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यातिथि वीरेंद्र कादियान ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर आयोजित होने वाली दंगल स्पर्धाओं से ग्रामीण पहलवानों को अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाने का मौका मिलता है। कुश्ती मिट्टी से जुड़ा खेल है। जो पहलवान जितनी अधिक मेहनत करेगा, उसके खेल में उतना अधिक निखार आएगा।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी बुराईयों से दूर रहकर खेलों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाकर बढ़ चढ़कर भाग लें, ताकि वे जीवन में आगे बढ़ सके। इस अवसर पर ओम पहलवान, कृष्ण पहलवान, कुलदीप पहलवान, संदीप मलिक, बलजीत मलिक, राजेंद्र, पालेराम, सुशील मास्टर आदि मौजूद रहे।

# गढ़ी केसरी का पोलिंग बूथ बदलने पर नपा पार्षद ने एसडीएम को दी शिकायत

**गन्नौर। लोकसभा** आम चुनाव से पहले मतदाता सूचि में अनियमितताओं के चलते गढ़ी केसरी वार्ड 7 के नपा पार्षद ने इसकी शिकायत सहायक रिटर्निंग अधिकारी डा. निर्मल नागर को दी। शिकायत में पार्षद अंकित त्यागी ने शिकायत में दिया कि गढ़ी केसरी के राजकीय स्कूल में ही हमेशा पोलिंग बूथ बनाए जाते रहे हैं, लेकिन इस बार सामने आया है कि गढ़ी केसरी गांव का एक बूथ गढ़ी केसरी के राजकीय स्कूल में ही है जबकि दूसरा बूथ गन्नौर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिफ्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 2019 के विधानसभा चुनाव व नगरपालिका चुनाव के दौरान मतदाता सूचि ठीक थी।



उन्होंने उसी सूचि के अनुसार उनके वार्ड के दूसरे बूथ को भी गढ़ी केसरी में शिफ्ट करवाने की मांग की है, ताकि लोगों को वोट डालने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। डा. निर्मल नागर ने शिकायत पर मतदाता सूचि में हुई खामियों को दुरुस्त करवाने का आश्वासन दिया।

# गेंहू खरीद की तैयारियों को लेकर प्रबंध करने की तैयारियां शुरू की

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः मार्किट कमेटी** के सचिव दीपक सुहाग ने कार्यभार संभालते ही अप्रैल माह में शुरू की जा रही गेहूं की खरीद को लेकर गन्नौर नई अनाज मंडी के अलावा सब खरीद केन्द्रों पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। मार्केट कमेटी और मंडी बोर्ड ने मंडियों में खरीद के प्रबंधकों को दुरुस्त करने पर एक्सरसाइज शुरू कर दी है। गन्नौर में नई अनाज मंडी के अलावा सब खरीद केन्द्र दातौली, सनपेड़ा, पुरखास, पुगथला में सब खरीद केंद्र अलग-अलग मंडियों में स्थापित किए जा रहे हैं। मार्किट कमेटी सचिव दीपक सुहाग ने कहा कि गेहूं बेचने के लिए किसानों को मंडियों में किसी भी तरह की कोई मुश्किल न आए इसको लेकर मंडी बोर्ड के आदेश पर मार्केट कमेटी ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। संभावना है कि मंडियों में अगले माह से सरकार की ओर से गेहूं की खरीद शुरू किए जाने का एलान कर दिया जाएगा। जिसको मुख्य रख मंडियों में बिना किसी रूकावट सरकारी एजेंसियों की ओर से खरीद किए लाने को निश्चत करने के लिए प्रबंध किए जा रहे है।



# सरकारी कर्मचारी चुनाव एजेंट बना तो होगी कानूनी कार्रवाई : डॉ. मनोज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान कोई भी कर्मचारी जोकि सरकारी सेवाओं में कार्यरत हैं, वह किसी भी पार्टी या उम्मीदवार का चुनाव एजेंट नहीं बन सकता। यदि कोई कर्मचारी ऐसा करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 की घोषणा के साथ ही देशभर में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी है। इसकी पालना करना आम जनता के साथ-साथ सरकारी सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों का भी कर्तव्य है। चुनाव आदर्श आचार संहिता के तहत सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारी उम्मीदवार के चुनाव एजेंट, पोलिंग एजेंट या काउंटिंग एजेंट के तौर पर कार्य नहीं कर सकता है। यदि कोई कर्मचारी ऐसा करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कारावास व जुमार्ना दोनों का प्रावधान है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कर्मचारियों द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने बारे हिदायतें जारी की गई हैं। इन हिदायतों के अनुसार कोई भी सरकारी कर्मचारी किसी राजनैतिक दल या राजनीति में भाग लेने वाले किसी संगठन का न तो सदस्य हो सकता है और न ही इनसे संबंद्ध रख सकता है। कोई सरकारी कर्मचारी मतदाताओं को प्रभावित करने की किसी गतिविधि में शामिल नहीं हो सकता है। इसके अलावा सरकारी कर्मचारी अपने व्यक्तिगत वाहन अथवा रिहायशी मकान पर भी मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए किसी भी प्रकार का चुनाव चिन्ह नहीं लगा सकता है और न ही कोई सरकारी कर्मचारी चुनाव प्रचार में भाग ले सकता है।

# पानीपत लैक्रॉस की टीम ने जीती ओवरऑल चैंपियनशिप

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः जिले** के गांव भंडारी मे चल रही दो दिवसीय लैक्रॉस स्टेट चैंपियनशिप मे पानीपत जिले के खिलाड़ियों का प्रदर्शन बहुत शानदार रहा ओर पहली ही स्टेट चैंपियनशिप मे ओवरऑल चैंपियनशिप पे कब्जा करने मे सफल रही। समापन समारोह के अवसर पर एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के ज्वाइंट सेक्रेटरी ओर हरियाणा एथलेटिक के पूर्व सेक्रेटरी राजकुमार मिटान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अति विशिष्ट अतिथि की भूमिका सरदार जगदीप सिंह उर्फ सनी ने निभाई। गांव भंडारी के सरपंच सुरेन्द्र सिंह ने मेहमानों का स्वागत किया।

# स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की दिशा में बढ़ रही है श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। देश** की सीमा पर वीर जवान देने के लिए हमेशा तत्पर शेखावटी इलाका अब खेलों में भी देश और दुनिया में अपना नाम चमका रहा है। ग्रामीण आंचल में डेढ दशक पहले श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी के तौर पर डॉ विनोद टीबडेवाला ने जो पौधा रोपा था, वो आज अनुसंधान क्षेत्र के बाद खेल क्षेत्र में रफ्तार पकड चुका है। पेरिस ओलंपिक 2024 का कोटा हासिल कर चुके और देश के सबसे कम उम्र के अर्जुन अवार्डी खिलाडियों से लेकर एशियाड, नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और ऑल इंडिया इंटर युनिवर्सिटीज गेम्स में अपना डंका बजाने के बाद श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी ने स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनने की तरफ कदम बढा दिए हैं। शेखावटी इलाके में पले-बढे और अच्छी शिक्षा पाकर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में नामचीन उद्योगपति के तौर पर नाम कमा चुके डॉ विनोद टीबडेवाला अपनी जन्मभूमि के लिए कुछ करने की चाहत रखने वालों के लिए एक बडा उदाहरण बन चुके हैं। अपने जीवन में ग्रामीण आंचल के अभिभावक से लेकर बच्चों के सामने पैसे के अभाव में पढाई के सपने नहीं टूटने देने की जिद में डॉ विनोद टीबडेवाला ने चुडेला गांव में न केवल जमीन ली, बल्कि राजस्थान सरकार के सामने युवाओं के भविष्य को संवारने के अपने सपने से वाकिफ करवाते हुए साल 2009 में अपने आदर्श चाचा व इलाके के विख्यात व्यक्तित्व श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टीबडेवाला के नाम पर विश्वविद्यालय को निजी विश्वविद्यालय के तौर पर मंजूरी दिलवाई। श्री राजस्थानी सेवा संघ ट्रस्ट के तहत श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी के लिए दो लक्ष्य निर्धारित किए। पहला लक्ष्य युनिवर्सिटी के आसपास के 50 किलोमीटर के इलाके में कोई बच्चा शिक्षा अभाव में आत्मनिर्भर बनने से न चूके। दूसरा लक्ष्य नारी सशक्तिकरण को बढावा देने के लिए यूनिवर्सिटी में पढने वाली हर बेटी की फीस में 50 प्रतिशत की छूट देने की व्यवस्था की, जोकि देश की बडी से बडी यूनिवर्सिटी आज तक व्यवस्था नहीं कर सकी है। इसके पीछे मातृशक्ति के तौर पर उनकी धर्मपत्नी उमा टीबड़ेवाला का भरपूर सहयोग रहा।



# 'मतदान से 48 घंटे पहले शराब बेचने व परोसने पर लगेगी पाबंदी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव को शांतिपूर्व, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के उद्देश्य से मतदान के 48 घंटे पूर्व ही मतदान क्षेत्र में शुष्क दिवस(ड्राई-डे) घोषित किया जाएगा। इस दौरान शराब बेचने व परोसने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। उल्लंघना करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष एवं शांति पूर्वक संपन्न करवाने के द्दष्टिगत जिला में होटल, रेस्तरां, क्लब, किसी अन्य संस्थान, सार्वजनिक या निजी स्थान पर शराब को बेचना व परोसना प्रतिबंधित रहेगा। चुनाव के दौरान शराब के ठेकों व शराब की बिक्री पर निगरानी रखने के लिए उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त आबकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आबकारी विभाग को निर्देश दिए कि वे मतदान क्षेत्र में पडने वाली सभी होटलों, रेस्तरां, शराब ठेकों व दुकानों आदि पर कड़ी निगरानी रखें, ताकि चुनाव आचार संहिता की पालना को सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा वे जिला व राज्य की सीमा पर आरटीओ द्वारा स्थापित किए गए चैक पोस्टों पर वाहनों की आवाजाही पर भी निगरानी रखेंगे।

# पानी न आने की शिकायत देने गए युवक के साथ जनस्वास्थय विभाग में कर्मचारियों ने की बदतमीजी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः जनस्वास्थय विभाग** के कर्मचारियों द्वारा पट्टी ब्रहामणा गांव के युवक ने गांव में जनस्वास्थय विभाग की पेयजल लाईन टूटने की शिकायत देने पर कार्यालय में बतमीजी करने व मामला दर्ज कराने के आरोप में एसडीएम को कार्यालय में लिखित में शिकायत दी। शिकायत के बाद एसडीएम डा. निर्मल नागर ने अपने कार्यालय में तलब किया और शिकायतकर्ता को उनकी समस्या का समाधान करवाने व उक्त कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वाशन दिया। गांव पट्टी ब्रहामणा केअशोक ने बताया कि मेरे पानी की सप्लाई पिछल्ले दो दिन बंद पड़ी है। जिसकी शिकायत देने में 18 मार्च को जनस्वाथय विभाग के कार्यालय में गया तो वहां विभाग के कुछ कर्मचारी व आप्रेटर अमित बैठा हुआ था। आरोप है कि जब शिकायत अमित को दी तो उसने लेने से मना कर दिया। अन्य कर्मचारियों ने भी कार्यालय में आने की धमकी दी और कहा कि तेरे खिलाफ मामला दर्ज करवा देंगे। शिकायत देते हुए अशोक ने एसडीएम से उक्त कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अपनी समस्या का समाधान कराने की मांग की।



# पत्नी के साथ ससुराल आए प्राध्यापक की जहर खाने से मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सदर थाना क्षेत्र के** कबीरपुर रोड कृपाल आश्रम के पास कार के अंदर जहरीला पदार्थ निगलकर स्कूल प्राध्यापक ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाया। पुलिस ने एफएसएल की टीम ने नमूने एकत्रित करके शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मृतक के पिता ने पुत्रवधु व उसके घर वालों पर आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बिरड़ झज्जर हाल में नाहड़ रोड कौसली रेवाड़ाी निवासी रामफल दहिया ने बताया कि उसके पास दो लड़के है। बड़ा कुलदीप व छोटा प्रदीप।

बेटा कुलदीप स्कूल प्राध्यापक जिला नूंह में कार्यरत था। बेटे कुलदीप की शादी 28 फरवरी 2024 को कबीरपुर रांड कृपाल नगर नजदीक कृपाल आश्रम सोनीपत की रहने वाली युवती से हुई थी। शादी होने के बाद पुत्रवधू व उसके पिता ने सोनीपत में रहने के लिए कुलदीप पर दबाव बनाया। इन्होंने मकान भी ढूंढा, लेकिन जल्दी नहीं मिल पाया। ये लोग जल्दी करने के लिए दबाव बना रहे थे।

# बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में छात्रवृति परीक्षा के विजेताओं को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः जी टी रोड स्थित** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को छात्रवृति परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमे गन्नौर और आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से विद्यार्थियों ने बहुत ही उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा का संचालन बहुवैकल्पिक प्रश्नों के माध्यम से किया गया। परीक्षार्थियों ने एकाग्रतापूर्ण सभी प्रश्नों का उत्तर दिया। अभिभावकों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की परीक्षाओं को समय समय पर आयोजित किया जाना चाहिए। जिससे न केवल विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास होता है बल्कि उनमे प्रतियोगिता परीक्षा के प्रति भय भी खत्म हो जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने परीक्षा से पूर्व सभी परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन किया और परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीया स्थान प्राप्त करने वाले सभी परीक्षार्थियों को निर्धारित पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया।



# नरेला विधानसभा: नागरिक अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तरी पश्चिमी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी योगेश चंदोलिया का रविवार को नरेला के सफियाबाद रोड़ स्थित जॉनी फॉर्म में नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन उत्तर-पश्चिमी लोकसभा किसान मोर्चा के सह प्रभारी पवन खत्री (मोनी) ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों दिल्ली प्रदेश किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विनोद सहरावत, उत्तर पश्चिमी जिला अध्यक्ष सतनारायण गौतम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा मुकेश मान, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा वेदपाल मान, महामंत्री किसान मोर्चा राजपाल राणा, लव वंशीय खत्री खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.रणबीर सिंह खत्री, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, अलीपुर से निगम पार्षद योगेश राणा, पूर्व पार्षद राजकरण खत्री, नरेला मंडल भाजपा अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया का माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं, आरडब्लूए के पदाधिकारियो सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सांसद प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया ने अपने संबोधन में कहा कि मैं चुनाव जीतने के बाद अपनी लोकसभा क्षेत्र में सभी रुके हुए विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराऊंगा। वहीं रिठाला-नरेला कुंडली तक प्रस्तावित मेट्रो रेल को जल्द लाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने उपस्थित जन समूह से आवाहन करते हुए कहा कि आप सभी बीजेपी को अपना समर्थन और आशीर्वाद देकर आगामी लोकसभा चुनाव में विजयी बनाएं। उन्होंने भव्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए पवन खत्री मोनी को बधाई दी। दिल्ली प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सहरावत ने कहा कि योगेंद्र चंदोलिया जमीनी कार्यकर्ता है जो कि अब की बार हमारी उत्तरी पश्चिमी लोकसभा सीट से सांसद प्रत्याशी के रूप में हमारे बीच में आए हैं। हम चंदोलिया जी को भारी मतों से जिताकर आगामी लोकसभा में भेजेंगे। ताकि लोकसभा क्षेत्र में रुके हुए विकास कार्य जल्द से जल्द पूरे हो सके। उन्होंने कार्यक्रम संयोजक पवन खत्री मोनी को भव्य कार्यक्रम आयोजन करने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जहांगीरपुरी की कथा में पहुंचे प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: उत्तर पश्चिमी** लोकसभा के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी योगेंद्र चंद्रोलिया बादली विधानसभा क्षेत्र के जहांगीरपुरी आई ब्लॉक क्षेत्र में हो रही भागवत में श्री ठाकुर जी के दर्शन के लिए पहुंचे। जिनके साथ में पूर्व निगम पार्षद सुरेंद्र खर्ब, पूर्व मंडल अध्यक्ष टीटू राम, पवन गोयल, बलविंदर सिंह, रामप्रवेश मिश्रा, आशीष, पुष्पा चौधरी, मुकेश गर्ग एवं भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता थे। इस अवसर पर योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा कि मैं प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि प्रभु सभी के जीवन में खुशियां लाये।

# एपीएमसी कार्यालय के बाहर आढ़तियों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: एशिया की** सबसे बड़ी आजादपुर मंडी में एपीएमसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन अमरूद, बेल और पिच एसोसिएशन शेड नम्बर-16 के आढ़तियों के द्वारा किया गया। अमरूद, बेल और पिच एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज हम सभी आढ़तियों ने एपीएमसी के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि हमारी एसोसिएशन के सदस्य पिछले 25 सालो से शेड़ नम्बर-16 में कारोबार कर रहे है, हमें 18 फड़ प्राप्त है, प्रति वर्ष एपीएमसी के अधिकारी अपनी भ्रष्ट चाल से सीजन के शुरू होते ही हमारे ट्रेड के फड़ो को कम



किया जाता है। और हम आढ़तियों को तंग किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि माल उतारने और बेचने के लिए जगह की भारी कमी से किसानों को माल नहीं उतर पा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि अमरूद, बेल, आड़ू, लोकाट के आढ़तियों पर एपीएमसी अधिकारियों द्वारा आर्थिक शोषण व दमनकारी नीति से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि हम सभी आढ़ती एपीएमसी मार्किट फीस देते है, अमरूद की आवक ज्यादा है और लगातार है। हमें जरूरी जगह उपलब्ध कराई जानी चाहिए और शेड़ नम्बर-16 के फड़ो की पर्याप्त जगह हमें स्थाई रूप में दें, किसी भी नये ट्रेड को दूसरी जगह दें ताकि शेड नम्बर-16 में हमें माल बेचने में सुगमता हो। तो वही, वेजिटेबल टेडर्स एसोसिएशन के महासचिव अनिल मल्होत्रा ने बताया कि आज जो प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में मंडी के कई आढ़ती ने हिस्सा लिया है क्योंकि एपीएमसी के रवैये से मंडी के कई व्यापारी परेशान है, मंडी में भ्रष्टाचार फैलाता जा रहा है, एपीएमसी आढ़तियों व व्यापारियों को बार-बार परेशान कर रही है। इस मौके पर अनिल मल्होत्रा, गुरमीत सिंह, मानव, राजा, राजेश, अजय, महाजन, फरमान सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# कमला नगर: भारत विकास परिषद् की शक्ति नगर शाखा ने धूमधाम से मनाया होली मंगल मिलन समारोह






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भारत विकास** परिषद की शक्ति नगर शाखा ने होली मिलन का कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से आयोजित किया। कार्यक्रम का आयोजन शक्ति नगर शाखा ने मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित कमला नगर में किया किया।

**गले मिलकर दी होली की बधाई: इस दौरान** शाखा के मुख्य संरक्षक प्रवीण, राजेश गुप्ता, संरक्षक संजय मित्तल, विकास गुप्ता, अध्यक्ष सुरेश, महिला प्रमुख संगीता, दीपा मेहरा सहित मुख्य अतिथियों के रूप में चांदनी चौक जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, कमला नगर वार्ड नंबर 69 से निगम पार्षद रेनू अग्रवावाल, पूर्व निगम पार्षद राज खुराना, भाजपा नेता अशोक गोयल देवराह, अजय गुप्ता सहित कई गणमान्य लोगों ने होली के उपलक्ष्य में माथे पर गुलाल का टीका लगाकर एक दुसरे के गले लगकर बधाई दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है जिसमें लोग पुरानी सारी दुश्मनी व गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे के गले लगकर सादगी के साथ होली मनातें है। उन्होंने सभी लोगों को होली की बधाई दी। तो वहीं पूर्व निगम पार्षद ने होली के मौके पर कहा कि में शाखा के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे होली मिलन कार्यक्रम मे आने का मौका देकर मेरा मान बढ़ाया।

# महादेवी वर्मा और सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' सम्मान समारोह संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस के अवसर पर टू मीडिया समूह के तत्वावधान में महादेवी वर्मा सम्मान- 2024 और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला सम्मान -2024 का आयोजन दिल्ली के हिंदी भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार डॉ. कविता मल्होत्रा ने की। मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. अर्चना गर्ग रही। विशिष्ट अतिथि साहित्यकार एवं एंकर डॉ. शालिनी अगम, साहित्यकार डॉ. गीतम सिंह, डॉ. संजीव चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार के.डी. पाठक रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन टू मीडिया पत्रिका के संपादक डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति रहे। इस अवसर पर कियान फाउंडेशन के संस्थापक अशोक गुप्ता, साहित्यकार डॉ. पुष्पा जोशी, साहित्यकार डॉ. वीणा मित्तल, डॉ. सूक्ष्मलता महाजन, साहित्यकार डॉ. गीतांजलि अरोड़ा गीत के साथ सैकड़ो लोग मौजूद रहे। मंच संचालिका डॉ. ईलाश्री जायसवाल ने बड़े ही मनमोहक अंदाज में मंच का संचालन किया। इस अवसर पर दिल्ली, गुड़गांव, हरियाणा, नोएडा, लखनऊ, कासगंज, बिहार, जयपुर से आए साहित्यकार, गजलकार, गीतकार, साहित्य जगत के महानुभावो को महादेवी वर्मा सम्मान और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से की गई। इस मौके पर कवि नीरज ने अपने मुख से शंखनाद किया। उसके बाद वात्सल्य समूह के बच्चों द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई और जैसे की पूरा विश्व जानता है कि अयोध्या में श्री रामलला विराजित हुए हैं, इस मौके पर कवयित्री नेहा शर्मा द्वारा श्री राम पर एक गीत प्रस्तुत किया गया। उसके बाद अतिथियों को अंग वस्त्र, मोमेंटो, महादेवी वर्मा सम्मान एवं सूर्यकांत त्रिपाठी निराला सम्मान, पगड़ी और क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया। मंचासीन अतिथियों ने सम्मान समारोह, पुस्तक लोकार्पण एवं भव्य आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की, और कहा कि टू मीडिया द्वारा इस तरह किये जा रहे सम्मान समारोह से साहित्यकारों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है।

# स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा माता सावित्री बाई फुले का नाम: सुमेर सिंह सैनी










**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: सैनी** समाज रामपुरा त्रिनगर दिल्ली के तत्वाधान में माता सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत सैनी धर्मशाला रामपुरा में चित्रकला प्रतियोगिता, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं दवाई वितरण, सरकारी सेवा में नवनियुक्त समाज बंधुओं के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद में पदक विजेता युवकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि सावित्री बाई फुले के नाम को शिक्षा जगत में कायाकल्प करने के लिए युगों-युगों तक याद किया जायेगा।

विशिष्ट अतिथि के रुप में दिल्ली सरकार के पूर्व कानून मंत्री जितेन्द्र तोमर ने कहा कि सामाजिक कुरुतियों के विरुद्ध उनके संघर्ष को इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों लिखा जा चुका है। आवश्यकता है हम उनसे प्रेरणा ले और उनके बताये मार्ग पर चलकर समाज को सुशिक्षित करने में अपना पूर्ण योगदान करें। इस अवसर पर निगम पार्षद मीनू गोयल, सैनी संगठन के राष्ट्रीय महासचिव महेन्द्र सिंह सैनी, त्रिनगर मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश गांधी, आप नेता संजीव सैनी, सैनी समाज रामपुरा के संरक्षक मान सिंह सैनी, नंद किशोर सैनी, प्रधान श्रीचंद सैनी, विशन सैनी, शिवशंकर सैनी, महासचिव पवन सैनी, विरेन्द्र सैनी, कपिल सैनी, युवा नेता मनोज सैनी, जयभगवान दाहिया, डॉ. रामअवतार सैनी, रोहताश सैनी, हरकेश सैनी, राकेश सैनी, कुसुमलता सैनी, सुरेश सैनी, शिवा सैनी, बिजेन्द्र सैनी एवं अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने माता सावित्री बाई फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

मंच संचालन भाजपा युवा नेता मनोज सैनी ने किया एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाने में डॉ. रामअवतार सैनी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अग्रोहा धाम द्वारा करोड़ों रु की लागत से अयोध्या व दिल्ली में भवन बनाया जाएगा: बजरंग गर्ग

बैठक

8 वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में वैश्य समाज के संगठन के विस्तार करने व 24 मार्च का अग्रोहा धाम में पूर्णिमा के पावन पर्व पर भव्य होली मिलन समारोह की तैयारियों पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि 24 मार्च को अग्रोहा धाम में पूर्णिमा के पावन पर्व पर छप्पन भोग, होली मिलन समारोह पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारा होगा। जिसमें हरियाणा, राजस्थान व पंजाब के कलाकार भाग लेंगे। श्री गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम ईकाई का राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर विस्तार किया जा रहा है। अग्रोहा धाम में करोड़ों रुपए की लागत से अयोध्या व दिल्ली में भव्य भवन बनाया जा रहा है। इसी प्रकार देशभर में हर तीर्थ स्थलों पर अग्रोहा धाम के अग्रवाल भवन बनाएं जाएंगे। महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर हिसार में तोरण द्वार बनाया जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम की ईकाई देश, प्रदेश व अग्रोहा के विकास में लगा हुआ है। अग्रोहा के विकास के लिए वैश्य समाज द्वारा भव्य अग्रोहा धाम व महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ अनेकों संस्थाओं को बनाया गया है जबकि सरकार की तरफ से अनेकों बार घोषणा करने के बावजूद भी अग्रोहा को रेलवे लाइन से नहीं जोड़ा गया है। यहां तक की अग्रोहा में तीन साल से बस अड्डा बना हुआ है, जिसका उद्घाटन भी सरकार ने कर दिया। उसके बावजूद भी अग्रोहा का बस अड्डा चालू नहीं किया गया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार की तरफ से अग्रोहा में कोई मूलभूत सुविधा तक नहीं है। अग्रोहा की सड़के टूटी पड़ी है और ना ही सीवरेज लाइन की व्यवस्था है। बरसाती नाले सारे बंद पड़े हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा महाराजा अग्रसेन जी की राजधानी थी और धर्म नगरी है। सरकार ने अग्रोहा में टैक्सटाइल हब बनाने की बात कही थी। श्री गर्ग ने कहा कि अग्रोहा के विकास के लिए और बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए सरकार को अग्रोहा में इंडस्ट्रियल जोन बनाना चाहिए व अग्रोहा में टैक्सटाईल हब बनाना चाहिए। अग्रोहा में उद्योग लगाने से लाखों बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और अग्रोहा में विकास के रास्ते खुलेंगे।

# आठवीं शताब्दी के बाबा मस्तनाथ मठ पर मेले में तीन दिन में पहुंचे लाखों श्रद्धालु

भव्य मेला

8 -सिद्ध शिरोमणी बाबा मस्तनाथ की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय भव्य मेला सम्पन्न



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

आठवीं शताब्दी से अध्यात्म, शिक्षा, चिकित्सा, संस्कृति के अनोखे संगम का केन्द्र रहे अस्थल बोहर स्थित श्री बाबा मस्तनाथ मठ में आयोजित तीन दिवसीय मेला हर्षोउल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। नवमी के दिन बाबा मस्तनाथ की समाधि पर सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गईं। लाखों श्रद्धालुओं ने श्री बाबा मस्तनाथ की समाधि स्थल गुड और कंबल चढ़ाकर सुख समृद्धि की मनोकामना की।

श्री बाबा मस्तनाथ के स्वरूप महंत बालकनाथ ने श्रद्धालुओं को दर्शन देकर सुख समृद्धि व उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। मठ परिसर में धूनी रमाए बैठे साधु संत, विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के स्टाल व कुश्ती दंगल प्रमुख आकर्षन का केन्द्र रहे। अंतर्राष्ट्रीय पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। विजेता पहलवानों को लाखों रुपए के नकद ईनाम देकर सम्मानित भी किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में जलेबी, मिक्स सब्जी और पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। दरअसल प्रत्यके वर्ष सप्तमी, अष्टमी व नवमी के दिन श्री बाबा मस्तनाथ की स्मृति में मठ परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन पहुंचते है।

## संक्षिप्त खबरें

### एचएसएससी के पुनर्गठन के लिए मंडल आयुक्तों से 23 तक मांगी गई सिफारिशें

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कर्मचारी चयन आयोग के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है। प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी मंडल आयुक्तों से 23 मार्च तक सिफारिशें मांगी हैं। इसके लिए बकायदा गाइडलाइन भी जारी कर दी गई है। दरअसल, हरियाणा सरकार में नेतृत्व परिवर्तन के बाद 12 मार्च को नायब सिंह सैनी राज्य के नए मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने 15 मार्च को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। खदरी छह साल तक आयोग के सदस्य और तीन साल चेयरमैन रहे। अब सरकार ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग में चेयरमैन और छह सदस्य बनाए जाएंगे। आयोग के मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल 23 मार्च तक है। हरियाणा सरकार ने नए चेयरमैन और सदस्यों का चयन करने के लिए मंडल आयुक्तों को पत्र लिखकर 23 मार्च तक सिफारिशें भेजने को कहा है। सरकार ने अंबाला, हिसार, रोहतक, करनाल, फरीदाबाद और गुरुग्राम मंडल आयुक्तों को पत्र भेजकर कहा है कि सरकार हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग में चेयरमैन और छह सदस्यों की रिक्तियां भरना चाहती है। इसके लिए उम्मीदवार कम से कम ग्रेजुएट होना चाहिए, जिन्होंने राज्य सरकार या भारत सरकार में 10 साल से ज्यादा अधिक सर्विस की हो। इसलिए आप अपने-अपने मंडल से पांच नामों की सिफारिश भेजें। सिफारिशों के साथ उम्मीदवारों का बायोडाटा, उम्र, योग्यता, प्रसिद्धि का फील्ड सोशल एक्टिविटीज या अन्य कोई एक्टिविटी की जानकारी भेजी जाए। ये सिफारिशें 23 मार्च तक संबंधित प्रोफार्मा में भेजी जाएं। नाम की सिफारिश करते समय यह भी बताया जाए कि क्या उसके खिलाफ कोई आपराधिक केस तो नहीं है, अगर है तो उसकी जानकारी दी जाए।

### सिरसा: मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ, मतदान के लिए आमजन को करें प्रेरित: डीसी आरके सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**

लोकतांत्रिक प्रणाली में मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान होता है, इसलिए चुनाव के दौरान मीडिया की भूमिका और भी अहम हो जाती है। मीडिया को प्रजातंत्र में चौथा स्तंभ कहा गया है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता की भागीदारी जरुरी है। मीडिया आमजन को प्रेरित करें कि मतदाता चुनाव के दिन अपने घरों से बाहर निकलकर अधिक से अधिक मतदान करें। यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर.के सिंह ने सोमवार को लघु सचिवालय में चुनाव तैयारियों को लेकर प्रेसवार्ता के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा आम चुनाव को लेकर सिरसा लोकसभा क्षेत्र में प्रशासन की ओर से की गई चुनावी तैयारियों बारे जानकारी दी। मीडिया आमजन को मतदान के लिए करें प्रेरित :जिला निर्वाचन अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान मीडिया की अहम भूमिका होती है। लोगों तक प्रशासन बात पहुंचाने, आमजन की राय जानने व उनको प्रेरित करने के लिए मीडिया महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रशासन की ओर से मीडिया से अपेक्षा रहेगी कि वे लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें और नागरिकों को अफवाहों से दूर रहने के लिए जागरुक करें। चुनाव से जुड़ी किसी प्रकार की गतिविधि या आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना होती है, तो उस बारे भी मीडिया प्रशासन को अवगत करवाएं।

**चुनाव के दौरान अवैध गतिविधियों पर रहेगी प्रशासन की कड़ी नजर:** उपायुक्त ने बताया कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र में पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी की गई है। जिला में विधानसभा क्षेत्र के अनुरुप एआरओ व अन्य संबंधित अधिकारियों की डयूटियां लगाइ गइ हैं। इसके साथ-साथ चुनाव से जुड़े कार्यों के लिए टीमों का गठन किया गया है, जिन्हें अलग-अलग जिम्मेवारियां सौंपी गई है।

**प्रिंट, इलेक्ट्रोनिक व सोशल मीडिया पर पेड न्यूज पर रहेगी नजर**
उपायुक्त आर.के सिंह ने बताया कि चुनाव के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रोनिक व सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए टीम गठित की गई है, जोकि इन सब पर निगरानी रखते हुए पेड न्यूज बारे रिपोर्ट देंगी।

## आईटीआई कर्मियों के सेवा विस्तार पर कमेटी करेगी फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की सेवा विस्तार पर तीन सदस्यीय कमेटी फैसला करेगी। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक डॉ. विवेक अग्रवाल की ओर से जारी आदेशों के मुताबिक विभाग में कार्यरत कर्मचारियों व अधिकारियों को 50 से 55 आयु वर्ष के बाद अथवा 25 वर्ष की सेवा पूर्ण करने उपरांत सेवा बढ़ोतरी बारे गठित की गई कमेटी फैसला लेगी। कमेटी के सदस्य के तौर पर अतिरिक्त निदेशक, संयुक्त निदेशक और संबंधित अनुभाग अधिकारी सदस्य सचिव होंगे।

# हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल की महम इकाई का जल्द होगा गठन: रमेश खुराना

मीटिंग

8 व्यापारियों की समस्याओं का हल मजबूत संगठन से संभव : एडवोकेट रमेश खुराना



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

महम के गोहाना रोड़ पर सैनी वाली गली में व्यापारियों की एक अहम मींटिग हुई। इस मींटिग की अध्यक्षता जोंगिदर गिलोत्रा उर्फ वीरू ने की। इस अवसर पर व्यापारियों ने अपनी समस्याओं का जिक्र करते हुए हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव एडवोकेट रमेश खुराना को बताया कि महम के अंदर व्यापारी व दुकानदार मुख्यरूप से हर क्षेत्र में चाहे सौन्दर्य प्रसादन का व्यापारी हो या ज्वैलरी का व्यापारी हो या घर की समान सज्जा का समान रखने का व्यापारी हो काम कर रहा है लेकिन सरकार की तरफ से महम क्षेत्र के व्यापारियों से जितना टैक्स लिया जाता है उस हिसाब से उन्हें कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। बाजार में ना तो पीने के पानी की समुचित व्यवस्था है और ना ही कोई शौचालय की व्यवस्था है। अफसरशाही यहां सदा हावी रहती है और आज के संदर्भ में जिस प्रकार से ऑन लाइन फ्रॉड व साइबर क्राइम हो रहा है उससे बचने के लिए भी यहां पर सरकार की तरफ से कोई सुविधा नहीं है। इन सभी समस्याओं को सुनने के बाद प्रदेश महासचिव एडवोकेट रमेश खुराना ने व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि व्यापार को समुचित तरीके से चलाने के लिए सभी व्यापारी साथियों को एक संगठित व्यापार संगठन के साथ आकर अपनी व्यापारी कौम को मजबूत करना अति आवश्यक है क्योंकि संगठन के अभाव में न तो प्रशासन की गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठा सकते है और ना ही हम अपनी मांगों को सरकार के सामने रख सकते है। यदि हमें सरकार से अपनी ज्याज मांगों के लिए और गुंदागर्दी के खिलाफ आवाज को बुंलद करना है तो हमें संगठित होकर चलने की अति आवश्यकता है। हम सबको एकसूत्र में बांधकर चलने के लिए हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल जोकि बजरंग दास गर्ग के नेतृत्व में पिछले 32 वर्षों से लगातार व्यापारी हित की रक्षा कर रहा है उस मंच के साथ सभी व्यापरियों को संगठित होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल महम इकाई का विस्तार और गठन करेगा। जिसके लिए उन्होंने वहां उपस्थित सभी व्यापारी साथियों से राय ली।

# धनखड़ ने सुंदर दास ग्रोवर व अमित सैनी के बेटे के निधन पर जताया शोक



**चंडीगढ़/ रोहतक**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ सोमवार को रोहतक पंहुचे। उन्होंने अपने रोहतक दौरे के दौरान प्रदेश के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के बड़े भाई स्व. सुंदर दास ग्रोवर और प्रसिद्ध गायक अमित सैनी रोहतकिया के नौ वर्षीय बेटे के असामायिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। श्री धनखड़ ने ग्रोवर परिवार को अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा कि भगवान दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और ग्रोवर परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने दिवंगत स्व. सुंदर दास ग्रोवर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावपूर्ण श्रद्धा जंलि अर्पित की। भाजपा राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ हरियाणा के प्रसिद्ध गायक अमित सैनी रोहतकिया के निवास पर पहुंचे और उनके बेटे के असामयिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। उन्होंने सैनी परिवार को अपना शोक प्रकट करते हुए कहा कि यह बहुत ही दुखदायक है। छोटी सी उम्र में इस संसार से चले जाना परिजनों व शुभचिंतकों के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि इस पीड़ा की घड़ी में वे उनके साथ हैं। इस उपरांत भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बोहर स्थित बाबा मस्तनाथ मठ पहुंचकर संत समाज का आशीर्वाद लिया और महंत बालकनाथ से मुलाकात की।

## झज्जर: ट्रैक्टर की टक्कर से किसान की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**

जहाजगढ़ मार्ग पर पावर हाऊस के पास सोमवार को एक राहगीर किसान को पीछे से ट्रैक्टर की टक्कर लगी। हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में किसान को प्राथमिक उपचार के लिए पीजीआई रोहतक लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गांव जहाजगढ़ निवासी 45 वर्षीय सत्यनारायण रविवार देर शाम अपने खेत से वापिस घर लौट रहा था। जब वह पावर हाऊस के पास पहुंचा तो पीछे एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद किसान सड़क पर जा गिरा। उपचार के लिए पीजीआई में लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# अचानक मुख्यमंत्री को बदलना बताता है कि भाजपा हरियाणा में पूरी तरह से फेल रही : डॉ. सुशील गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया/ रादौर/ यमुनानगर**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्न गठबंधन के प्रत्यासी डॉ. सुशील गुप्ता ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर लोकसभा क्षेत्र के हर गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता क्षेत्र के हर गांव, हर वार्ड और हर व्यक्ति तक पहुंचेंगे और इंडिया गठबंधन की नीतियों के प्रति जनता को जागरुक करेंगे।

इस मौके पर विशाल सैनी, दर्शन सिंह, बलवान सिंह, गुरनाम, धर्मपाल, जसपाल, सुल्तान सिंह अंग्रेज सिंह, सोहनलाल, जगमाल सिंह, मदनलाल, सुंदर सिंह, हुक्म सिंह, धर्म सिंह, नायब सिंह, मदनलाल, मांगाराम, रोबिन, जसपाल जस्सी, बलवान सिंह और विनोद गोलनपुर मौजूद रहे।

उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा रादौर से शुरू की। इसके बाद वे गोलनपुर में लोगों से मिले। वहां से हरनौल में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद तेहि गांव में पहुंचे। यहां से गांव हसनपुर पहुंचकर लोगों को संबोधित किया। इसके बाद अकबरपुर में बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया। इसके बाद गांव गोलनी और गांव कबूलपुर में "इंडिया" गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। इसके बाद गांव रुपौली में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। काजीबंस में ग्रामीणों के सामने भाजपा की तानाशाही नीतियों की पोल खोली। यात्रा का समापन देर शाम जगाधरी वार्ड 19 में हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा कुरुक्षेत्र लोकसभा को लेकर पूरी तरह से घबराई हुई है, इसके पास कोई भी उम्मीदवार सामने आने के लिए तैयार नहीं है। हर गांव हर शहर इंडिया गठबंधन को पसंद कर रहा है। प्रदेश के लोग भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार से परेशान हैं और परिवार पहचान पत्र व प्रॉपर्टी आईडी से परेशान हैं। हरियाणा में नशा लगातार बढ़ता जा रहा है और शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था की दुर्दशा हो चुकी है।

# दिव्यांगों के लिए मतदान केंद्रों पर की जाएगी विशेष व्यवस्था

लोकसभा चुनाव

8 चुनाव आयोग दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था करेगा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के लिए चुनाव आयोग दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था करेगा। ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। राज्य में लगभग 1.48 लाख दिव्यांग मतदाता हैं।

अग्रवाल सोमवार को सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, स्कूल शिक्षा, उच्चतर शिक्षा, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, रेड क्रॉस, लोक निर्माण इत्यादि विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पोलिंग स्टेशनों पर किए जाने वाले प्रबंधों पर समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उक्त श्रेणियों के मतदाताओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पोलिंग स्टेशनों पर रैंप, व्हील चेयर, लाने व ले जाने की व्यवस्था, मेडिकल किट इत्यादि की व्यवस्था करने के साथ-साथ एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों को उनकी सहायता के लिए तैनात किया जाए। आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं के लिए चुनावों से सम्बन्धित जानकारी के लिए सक्षम एप भी बनाया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की चुनावों में अहम भूमिका रहती है, कि अधिकांश पोलिंग स्टेशन स्कूलों में ही बनाए जाते हैं। अध्यापक बच्चों को चुनाव प्रक्रिया से सम्बन्धित जानकारी दें और उन्हें अपने अभिभावकों के साथ-साथ अन्य लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने को कहें। मतदान के दिन जब उनके अभिभावक वोट डालने आते हैं तो वे भी साथ आएं और सेल्फी लेकर अपलोड करें।

चुनाव आयोग का उद्देश्य है कि देश का हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें और पांच साल में आने वाले चुनावों में अवश्य भागीदार बने। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने जहन रखें ह्यह्यहम भारत के मतदाता है, भारत के लिए मतदान करें, लोकतंत्र से सजा भारत, मतदान करने जाएंगे, न पक्षपात, न भेदभाव, हम भारत के निमार्ता हैं, मतदान करने आएंगे भारत के लिए।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण की महानिदेशक श्रीमती आशिमा बराड़, सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं सस्कृति विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़, श्रम आयुक्त मनी राम शर्मा अलावा अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# महिलाओं का विज्ञान में हमेशा से ही योगदान: डॉ. ममता सचदेवा



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन शोध केन्द्र तथा वीमेन इन स्टेम फोरम के सहयोग से आयोजित सांइस कार्निवाल का समापन 18 मार्च हुआ तथा पुरस्कार वितरण में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति की धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

डॉ. ममता सचदेवा ने अपने अभिभाषण में अनेकों महिला वैज्ञानिकों का नाम लेते हुए कहा कि महिलाओं का विज्ञान में हमेशा से ही योगदान रहा है, लेकिन समाज के पितृसत्तात्मक परिदृश्य में उन्हें आगे बढ़ने के लिए कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ा है। इन कठिनाईओं के कारण न केवल उनका स्वयं का विकास बाधित हुआ है वरन् देश के वैज्ञानिक विकास भी सीमित हुआ है। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह वित्त हो, रक्षा, शिक्षा, खेल जगत हो महिलाओं ने उच्च पदों पर अपना परचम लहराया है लेकिन इन महिलाओं की संख्या अत्यंत कम है इस संख्या को बढ़ाने की आवश्यकता है।

डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि अब विज्ञान में महिलाएं काफी संख्या में शिक्षा ग्रहण कर रही है, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में भी विज्ञान के प्रत्येक विभाग में लड़कियों की संख्या काफी अधिक है। सीएसआईआर के एक अध्ययन का हवाला देते हुए उन्होंने कहा लड़कियॉ शोध तो कर रहीं हैं, परन्तु जब विज्ञान में कार्य करने की बात आती है तो लड़कियों की संख्या कम रह जाती है। इसका एक कारण यह है कि विज्ञान में काम करना ज्यादा समय मांगता है परन्तु महिलाएं खासकर विवाहित महिलाएं घर की जिम्मेदारियों को निभाने के कारण ज्यादा समय नहीं दे पाती और कार्यक्षेत्र को छोड़ देती हैं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं में निर्णय लेने की असीम क्षमता होती है, वे उच्च पदों पर अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाती हैं। अतः उन्हें अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। उन्होंने छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर तथा माडल की सराहना की खासतौर पर सोलर एनर्जी द्वारा बनाए गए माडल की प्रशंसा की।

महिला अध्ययन शोध केन्द्र की निदेशिका प्रो. अनीता दुआ ने स्वागत भाषण में कहा कि विज्ञान में लड़कियों की चुनौतियां कुछ अलग प्रकार की होती हैं उन्हें दूर किये जाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने वीमेन इन स्टेम फोरम के आस्त्वि में आने के पीछे के कारण स्पष्ट किए तथा महिला अध्ययन शोध केन्द्र द्वारा की जाने वाली गतिविधियों से अवगत कराया।

वीमेन इन स्टेम फोरम की समन्वयक प्रो. नीरा राघव ने फोरम के गठन, इसके उद्देश्यों तथा गतिविधियों की जानकारी दी।

# डिटेक्टिव स्टाफ जीन्द एक अभियुक्त को अवैध असला सहित दबोचा



**टीम एक्शन इंडिया/जीन्द**

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के दिशा निदेर्शानुसार अवैध असला धारकों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला के डिटेक्टिव स्टाफ जीन्द ने गश्त के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव अलेवा क्षेत्र से एक युवक को 32 बोर अवैध पिस्तौल सहित काबू करने में सफलता हासिल की है।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए डिटेक्टिव स्टाफ से उप निरिक्षक अमित कुमार ने ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान अमर उर्फ पिण्डा वासी शामदों जिला जीन्द के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि डिटैक्टिव स्टाफ की टीम अपराधों की रोकथाम के लिए गश्त व चेकिंग के दौरान गांव अलेवा के बस अड्डा पर मौजूद थी कि एएसआई राजेष कुमार को गुप्त सूचना मिली कि एक नौजवान लडका जिसने सफेद टीषर्ट व नीले रंग की पैंट पहनी हुई है वह इस वक्त अलेवा से शामदों रोड पर खडा है जिसके पास अवैध असला है। इस सूचना पर टीम द्वारा मौके पर जाकर बताए हुलिए के युवक को काबु करके उससे नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अमर उर्फ पिण्डा वासी शामदो जिला जीन्द बताया। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक पिस्तोल 32 बोर मिला। बरामद किए गए पिस्तोल को खोल कर चैक किया तो उसकी मैगजीन में दो कारतूस जिन्दा मिले। युवक से उस पिस्तोल को लाइसेंस मांगा तो वह युवक लाइसेंस पेश नहीं कर सका।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 19 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# मजलिस पार्क अग्रवाल सभा ने धूमधाम से मनाया होली मंगल मिलन उत्सव








**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मजलिस पार्क इलाके के गली नम्बर-7 स्थित बारात घर में मजलिस पार्क अग्रवाल सभा द्वारा होली मंगल मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह, इस साल भी अग्रवाल सभा ने होली मिलन उत्सव का आयोजन किया। आपको बता दें कि क्षेत्र की प्रमुख सामाजिक संस्था होने के नाते मजलिस पार्क अग्रवाल सभा सालभर में आने वाले सभी बड़े त्योहारों पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन करती है। इससे पहले दिवाली मिलन उत्सव का भी आयोजन किया गया था।

**होली मिलन उत्सव में क्या रहा खास :** इस बार सभा की ओर से हरियाणा के प्रसिद्ध हास्य कलाकार झंडू एंड पार्टी को स्टेज शो के लिए आमंत्रित किया गया। इस दौरान झंडू एंड पार्टी ने अपने चुटकीले अंदाज से ऐसा समा बांधा कि सभागार में मौजूद हर कोई लोटपोट होती दिखा। इस




मौके पर भजनों की प्रस्तुति भी की गई।

**कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद:** इस मौके पर दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, एक्शन इंडिया समूह के संपादक रवि भारद्वाज, आरडब्ल्यूए मजलिस पार्क प्रधान सुभाष दीक्षित, राम मंदिर के महासचिव सुनील खन्ना, केवल पार्क के प्रधान अरविन्द मूलचंद गर्ग, प्राचीन शिव मंदिर मजलिस पार्क के प्रधान और वैश्य रत्न राम करण कंसल, गुरदयाल छाबड़ा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में नेता सदन मुकेश गोयल नहीं पहुँच पाये। बताया गया कि मुकेश जी की आँखों का ऑपरेशन होने के कारण डॉक्टरी सलाह पर बाहर आना-जाना मना किया गया है।

कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का मजलिस पार्क अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों ने मालाएँ और अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने कार्यक्रम की सराहना की और सभी को होली पर्व की बधाई दी। तो वहीं, विधायक पवन शर्मा ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, मैं ईश्वर से प्रार्थना हूं कि प्रभु सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये।

इस मौके पर मजलिस पार्क अग्रवाल सभा के संस्थापक शिव नारायण बंसल, चेयरमैन लक्ष्मी नारायण गोयल, प्रधान जगदीश गर्ग, महासचिव सचिव घनश्याम दास गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुकेश बंसल, वरिष्ठ उपप्रधान विजय जिन्दल, अमित गुप्ता सहित समस्त कार्यकारिणी ने कार्यक्रम को भव्य रूप देने में अहम भूमिका निभायी।



**जगदीश गर्ग, प्रधान:** कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का मैं बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं और सभी को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।



**शिव नारायण बंसल, संस्थापक:** मजलिस पार्क अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का मैं बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। ईश्वर सभी के जीवन में खुशियाँ लायें।



**लक्ष्मी नारायण गोयल, चेयरमैन:** मैं सभी को रंगों के त्योहार होली पर्व की शुभकामनाएं देता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं ईश्वर सभी के जीवन में खुशियां लाये।




# मजलिस पार्क: वरिष्ठ नागरिक संस्था ने धूमधाम से मनाया रंगोत्सव









## संस्था की नई कार्यकारिणी का किया गया गठन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मजलिस पार्क स्थित बारात घर में वरिष्ठ नागरिक संस्था के द्वारा होली मंगल मिलन कार्यक्रम का बहुत भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के मार्गदर्शक वरिष्ठजनों ने होली के उत्सव पर एक-दूसरे को बधाई तो दी ही। साथ ही अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। संस्था के चेयरमैन देवराज सेठी ने आये हुए सभी मेहमानों का स्वागत सत्कार किया। बताया गया कि वरिष्ठ नागरिक संस्था की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया है। नई समिति के प्रधान शशिराज चौहान ने अपनी पूरी कार्यकारिणी को सभी के समझ प्रस्तुत किया।

**क्या रहा खास:** कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा गीत प्रस्तुत किए गए। बुजुर्गों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। सभी नाचते-गाते दिखाई दिये। सभी के चेहरों पर एक अलग सा ही उत्साह देखने को मिला। इस दौरान किसी ने भजन गाकर अपनी प्रस्तुति दी तो किसी ने चुटकुले सुनाकर।

**पूर्व पार्षद नीलम बुद्धिराजा ने सुनाया भजन :** इलाके की पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा ने 'राम आयेंगे' भजन गाकर सबका मन मोह लिया। इस भजन पर लोग मंत्रमुग्ध होकर नाचते गाते दिखे। सभी के चेहरे खिल उठे।

**ये लोग रहे मौजूद:** कार्यक्रम में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, पूर्व जिलाध्यक्ष राज कुमार भाटिया, पूर्व पार्षद नीलम बुद्धिराजा, पूर्व पार्षद गरिमा गुप्ता, पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर, मजलिस पार्क के प्रधान सुभाष दीक्षित, संयोजक सुरेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष नीरज कपूर, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का वरिष्ठ नागरिक संस्था के पदाधिकारियों ने भव्य रूप में स्वागत किया और होली की बधाई दी। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक संस्था के देवराज सेठी चेयरमैन, प्रधान शशि राज चौहान, महासचिव अशोक जैन, जीपी सिंह कोषाध्यक्ष, गुरूदयाल छाबडा संरक्षक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**मंगत राम सिंघल, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार:** मैं सभी को रंगों के त्योहार होली की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आज बड़े ही भव्य रूप में वरिष्ठ नागरिक संस्था ने कार्यक्रम आयोजित किया है।






**पवन शर्मा, विधायक आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र:** आज बड़े ही भव्य रूप में वरिष्ठ नागरिक संस्था के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है, मैं सभी को होली की शुभकामनाएं देता हूं।

**नीलम बुद्धिराजा, पूर्व निगम पार्षद आदर्श नगर:** वरिष्ठ नागरिक संस्था के द्वारा आज बड़े भव्य रूप में होली उत्सव का आयोजन किया गया है। मैं वरिष्ठ नागरिक संस्था की पूरी टीम को इस कार्यक्रम के लिए बधाई देती हूं।






**सुभाष दीक्षित, प्रधान, मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए :** होली रंगों का त्योहार है, इसे सभी प्रेम भाव से मनाये। मैं सभी को इस पर्व की ढ़ेरो शुभकामनाएं देता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं ईश्वर सभी के जीवन में खुशियां लाये।

**रवि भारद्वाज, समूह संपादक, एक्शन इंडिया:** वरिष्ठ नागरिक संस्था के द्वारा आज बड़े ही भव्य रूप में रंगों के त्योहार होली पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, मैं पूरी टीम को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।





**अनुभव धीर, पूर्व निगम प्रत्याशी, भाजपा:** वरिष्ठ नागरिक संस्था ने आज मजलिस पार्क के बारात घर में बड़े ही भव्य रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, मैं सभी को होली ही बधाई देता हूं।





